वर्ष-07 - अंक 280
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार,17 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पूर्वांचल विकास निधि से गोरखपुर को 70.10 लाख रुपये की ....... 3
यमुना प्राधिकरण बना हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग हब, निवेश व रोजगार ...... 4
राज्यपाल की अध्यक्षता में (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का नवम ..... 11

## पुरी रथ यात्रा में भगदड़ जैसी स्थिति एक श्रद्धालु की मौत, कई घायल



**पुरी(एजेंसी)।** ओडिशा के पुरी में गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भारी भीड़ के बीच भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना ग्रैंड रोड (बड़ा डांडा) पर उस समय हुई, जब भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के दर्शन और रथ खींचने के लिए लाखों श्रद्धालु एकत्रित थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मरीचि कुंड चौक के पास बैरिकेड की रस्सी टूटने अथवा कुछ श्रद्धालुओं का संतुलन बिगड़ने से लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब 40 से 50 लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गए, जिनमें कई श्रद्धालु घायल हुए और कुछ को गंभीर चोटें आईं। राहत एवं बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और लगातार बारिश के कारण घुटन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित लगभग 200 लोगों को पुरी के अस्पतालों और अस्थायी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद जिला प्रशासन, पुलिस, दमकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और भीड़ को नियंत्रित कर स्थिति सामान्य करने में जुट गईं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार और सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल है, जिसमें हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। गुरुवार को यात्रा की शुरुआत श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पारंपरिक 'पहंडी बीजे' शोभायात्रा के साथ हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## लोकसभा में राष्ट्रीय गौरव कानून समेत कई अहम विधेयक लाएगी सरकार



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने की तैयारी में है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, सरकार ने दो नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। इनमें एक विधेयक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक देश के संप्रभु ऋण (सॉवरेन डेट) बाजार को मजबूत करने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से लाया जा रहा है। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। इससे पहले सरकार विधायी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटी है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सदन के नेताओं की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें सत्र के दौरान सरकार की रणनीति और विधायी एजेंडे पर चर्चा होगी। सरकार का पहला प्रस्तावित विधेयक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन से जुड़ा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय सम्मान से संबंधित प्रावधानों को अधिक प्रभावी बनाना बताया जा रहा है। वहीं दूसरा विधेयक देश के संप्रभु ऋण बाजार को सुदृढ़ करने के लिए लाया जाएगा, जिससे भारत में दीर्घकालिक और स्थिर विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। इस बीच, विपक्ष ने मानसून सत्र में सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर ली है। विपक्ष नीट पेपर लीक, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के दौरान भारतीय नाविकों की मौत, पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण तथा अन्य राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर सरकार से जवाब मांग सकता है। ऐसे में आगामी सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। सत्र के दौरान संसद की एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) उस संविधान संशोधन विधेयक पर भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकती है, जिसमें गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार संशोधित विधेयक पेश कर सकती है। चूंकि यह संविधान संशोधन से जुड़ा मामला है, इसलिए इसे पारित कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। सरकार आगामी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक के संशोधित स्वरूप को भी दोबारा पेश कर सकती है। इससे पहले पिछले सत्र में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला संविधान संशोधन विधेयक आवश्यक समर्थन नहीं मिलने के कारण पारित नहीं हो सका था। इसके अलावा, सरकार परिसीमन (डिलिमिटेशन) विधेयक लाने पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि करने के विकल्पों पर मंथन चल रहा है। इसका उद्देश्य दक्षिण भारतीय राज्यों की उन आशंकाओं को दूर करना है, जिनमें जनसंख्या आधारित परिसीमन के बाद लोकसभा में उनके प्रतिनिधित्व के कम होने की चिंता जताई जाती रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सरकार के लिए यह मानसून सत्र विधायी दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होगा। एक ओर सरकार अपने प्रमुख विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी, वहीं विपक्ष विभिन्न राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति के साथ सदन में उतरने की तैयारी कर चुका है।

## होर्मुज मार्ग पर भारतीय नाविकों की तैनाती पर रोक



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। महानिदेशालय समुद्री प्रशासन (डीजीएमए) ने जहाज मालिकों, प्रबंधन कंपनियों और भर्ती एजेंसियों को अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की तैनाती नहीं करने के निर्देश जारी किए हैं। डीजीएमए की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में संचालित सभी जहाजों के कप्तान सुरक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। उन्हें नेविगेशन संबंधी चेतावनियों, सुरक्षा सलाह और ताजा अपडेट पर लगातार नजर रखने के साथ इंटरनेशनल शिप एंड पोर्ट सिक्योरिटी (आईएसपीएस) कोड के तहत सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने होंगे। यह निर्णय हाल ही में एमटी अल बहियाह और एमटी मोम्बासा नामक दो जहाजों पर हुए हमलों के बाद लिया गया है। दोनों जहाजों पर कुल 46 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 30 भारतीय नाविक शामिल थे। हमले में एमटी अल बहियाह पर तैनात एक भारतीय नाविक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ। वहीं एमटी मोम्बासा पर सवार नौ भारतीय नागरिक भी घायल हुए। घटनाओं के बाद केंद्र सरकार ने डीजीएमए को निर्देश दिया है कि फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में संचालित जहाजों पर तैनात भारतीय नाविकों की जानकारी के लिए एक रियल-टाइम केंद्रीकृत डैशबोर्ड तैयार किया जाए। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि किसी भी देश के जहाज पर यदि भारतीय नाविक कार्यरत हैं तो उनका पूरा विवरण केंद्रीकृत प्रणाली में दर्ज होना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हालात सामान्य होने तक एहतियाती कदम जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नीट के अंक उम्मीद से कम आने पर छात्रा ने टावर से कूदकर दी जान

**बल्लभगढ़ (फरीदाबाद)।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले में नीट परीक्षा के अंक उम्मीद से कम आने के बाद एक 20 वर्षीय छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। भूपानी थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-87 की एसआरएस रॉयल हिल्स सोसाइटी में गुरुवार को छात्रा ने एक टावर की छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही भूपानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान 20 वर्षीय दानविटा के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ सेक्टर-88 स्थित एसआरएस रॉयल हिल्स सोसाइटी में रहती थी। गुरुवार सुबह करीब 11:30 से 12 बजे के बीच उसने सोसाइटी के ए-2 टावर की छत से छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने संकेत दिए हैं कि आगामी चुनाव में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाएगा और जमीनी स्तर पर सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को टिकट देने पर विशेष जोर रहेगा। इसके लिए संगठन स्तर पर रणनीति तैयार की जा रही है और जल्द ही संभावित उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया भी शुरू किए जाने की संभावना है। प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने चुनावी तैयारियों को गति देते हुए बुधवार और गुरुवार को लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में लगातार बैठकें आयोजित कीं। बैठकों में विधानसभा क्षेत्रवार संगठन की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आगामी चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठकों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशियों, पार्टी के विभिन्न विभागों तथा फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग दौर की बैठकें हुईं। पार्टी नेताओं ने वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों से उनके क्षेत्रों की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठन की सक्रियता और स्थानीय जनसमस्याओं की जानकारी ली।

## मानसून सत्र से पहले आज एनडीए की अहम बैठक, रणनीति पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शुक्रवार को अपनी रणनीति को अंतिम रूप देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर होने वाली बैठक में गठबंधन के प्रमुख नेता शामिल होंगे और संसद में सरकार की विधायी कार्ययोजना तथा विपक्ष के संभावित हमलों से निपटने की रणनीति पर चर्चा करेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में आगामी मानसून सत्र के दौरान सरकार के एजेंडे, महत्वपूर्ण विधेयकों और सदन में समन्वय बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा, 21 जुलाई को सुबह 9:30 बजे संसद पुस्तकालय भवन स्थित जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में एनडीए संसदीय दल की बैठक भी आयोजित होगी। मानसून सत्र शुरू होने से पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सरकार अपनी विधायी प्राथमिकताओं से विपक्षी दलों को अवगत कराएगी, जबकि विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। संसद का यह सत्र हंगामेदार रहने के आसार हैं। विपक्ष नीट पेपर लीक, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई मौतों तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया बयान को लेकर सरकार को घेर सकता है। कांग्रेस इस मामले में रक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दे चुकी है। इस बार संसद के दोनों सदनों में कई सांसदों की बैठने की व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। तृणमूल कांग्रेस छोड़कर नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हुए 20 लोकसभा सांसदों ने अलग बैठने की मांग की है। वहीं, राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसद भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसके अलावा, शिवसेना (यूबीटी) के छह लोकसभा सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट का समर्थन करने और आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने के बाद संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष की नई राजनीतिक तस्वीर भी मानसून सत्र में देखने को मिलेगी।

## स्कूली बच्चों से भरी कार ट्रैक्टर से टकराई, सात घायल

**कन्नौज।** जिले के नादेमऊ कस्बे में गुरुवार सुबह स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक कार की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि छह अन्य बच्चों को भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद कार चालक बच्चों को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। वहीं ट्रैक्टर चालक भी घटनास्थल से भाग निकला। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एआरटीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब आठ बजे एक निजी स्कूल की टाटा स्पेसियो कार विभिन्न गांवों से बच्चों को लेकर नादेमऊ की ओर जा रही थी। कार में क्षमता से अधिक, करीब 22 स्कूली बच्चे सवार थे। मढ़पुरा गांव से बच्चों को लेने के बाद जैसे ही वाहन नादेमऊ कस्बे में पहुंचा, सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

## ममता का बागियों को अल्टीमेटम

### 21 जुलाई से पहले ले लें फैसला



**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच बागी नेताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जो लोग किसी भी दबाव या अपनी इच्छा से जाना चाहते हैं, वे 21 जुलाई से पहले अपना फैसला कर लें। उन्होंने कहा कि जो पार्टी के साथ रहेंगे, वही भविष्य की नई राह तैयार करेंगे। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान ममता बनर्जी ने एक फिल्मी पृष्ठभूमि से आने वाली पार्टी सांसद के इस्तीफे का अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह उनका सम्मान करती हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित सांसद ने पहले ही ई-मेल के माध्यम से अपने निर्णय की जानकारी दे दी थी और बाद में व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी इसकी पुष्टि की। ममता ने कहा, 'मैं उनका धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने स्वयं आकर मुझे अपने फैसले से अवगत कराया।' हाल के दिनों में अभिनेत्री और टीएमसी सांसद कोयल मलिक के पार्टी छोड़ने की चर्चाओं के बीच ममता की यह टिप्पणी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि यदि कोई भाजपा, पुलिस, अदालत, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या सीआईडी जैसी एजेंसियों के दबाव में पार्टी छोड़ना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है।

## परिसीमन विधेयक पर खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने परिसीमन से जुड़े प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि संसद में विधेयक पेश करने से पहले सभी राजनीतिक दलों से व्यापक चर्चा की जाए और विपक्ष को प्रस्ताव का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। गुरुवार को लिखे गए पत्र में खरगे ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार केंद्र सरकार परिसीमन से संबंधित संशोधित संविधान संशोधन विधेयक को दोबारा संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण विषय पर सभी दलों के बीच सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक आवश्यक है। खरगे ने पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने मार्च और अप्रैल के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को भी पत्र लिखकर इसी विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार ने उस पर कोई निर्णय नहीं लिया। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में पेश संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिलने के कारण पारित नहीं हो सका था। ऐसे में सरकार को इस बार सभी पक्षों से चर्चा कर सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।

## शराब नीति केस: केजरीवाल-सिसोदिया को हाईकोर्ट का अंतिम मौका



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। अदालत ने तीनों नेताओं को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस मनोज जैन की पीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई वकीलों की हड़ताल के कारण स्थगित कर दी, क्योंकि आरोपियों की ओर से कोई अधिवक्ता अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 और 18 अगस्त की तारीख तय की है, जब सीबीआई की अपील पर विस्तृत बहस होगी। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से शीघ्र सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि आरोपियों को पहले भी कई अवसर दिए जा चुके हैं, जिससे मामले में अनावश्यक देरी हो रही है। इस पर अदालत ने स्पष्ट किया कि न्यायहित में यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है और निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब दाखिल करना होगा। तुषार मेहता ने जुलाई के अंत या अगस्त के शुरुआती सप्ताह में सुनवाई तय करने का आग्रह भी किया, लेकिन जस्टिस मनोज जैन ने बताया कि सांसदों और विधायकों से जुड़े कई मामले लंबित होने के कारण तत्काल समय देना संभव नहीं है। हालांकि, उन्होंने सुनवाई की तारीख पहले करने की संभावना पर विचार करने का आश्वासन दिया। दिल्ली की कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में 27 फरवरी 2026 को निचली अदालत ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि सीबीआई का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। इसके बाद 9 मार्च 2026 को सीबीआई ने इस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान आप नेताओं ने तत्कालीन पीठ पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए न्यायाधीश से मामले से अलग होने की मांग की थी।

## किसानों को लागत का भी नहीं मिल रहा दाम: अखिलेश यादव

### सपा प्रमुख बोले- खाद, बीज और एमएसपी के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह विफल, 2027 में जनता देगी जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में किसान आर्थिक संकट, बढ़ती लागत और सरकारी उदासीनता से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा अब केवल पुराने अखबारों की सुर्खियों तक सीमित रह गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि किसानों को अपनी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियां किसान विरोधी हैं। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों को समय पर खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल वादे करने तक सीमित है। सपा अध्यक्ष ने आगरा के फतेहाबाद में कर्ज से परेशान किसान पद्म सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रदेश में किसानों की बदहाल स्थिति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए कई घोषणाएं कीं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई लाभ नहीं मिला। अखिलेश यादव ने खाद की कमी को लेकर सरकार के उस तर्क को भी खारिज किया, जिसमें वैश्विक परिस्थितियों को जिम्मेदार बताया गया है। उन्होंने कहा कि बुवाई से पहले खाद का पर्याप्त भंडारण करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। समाजवादी सरकार के समय ऐसी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाती थीं, जबकि वर्तमान सरकार की प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कीटनाशकों और बीजों में मिलावट बढ़ रही है तथा सरकार किसानों के बजाय बिचौलियों और बड़ी कंपनियों के हितों की रक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी नहीं होने का फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं और किसानों से उनकी उपज औने-पौने दाम पर खरीद रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों और आम जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से किसान आक्रोशित हैं और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता किसान विरोधी सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सत्ता परिवर्तन के बाद ही किसानों के जीवन में खुशहाली लौटेगी।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों का बड़ा अभियान, छह गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद




**इंफाल(एजेंसी)।** मणिपुर में अवैध हथियारों और उग्रवादी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने बुधवार को कई जिलों में संयुक्त कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और सैन्य सामग्री बरामद की। अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के एक सक्रिय सदस्य समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई थाना क्षेत्र स्थित लोकटक झील के निकट इशोक मामांग लीकाई इलाके में चलाए गए तलाशी अभियान में चार संशोधित बोल्ट-एक्शन सिंगल बैरल राइफल, एक संशोधित .303 राइफल, टेलीस्कोपिक साइट लगी एम-2 कार्बाइन राइफल, एक 9 एमएम पिस्तौल तथा विभिन्न बोर के 26 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव के निकट जंगल क्षेत्र में चलाए गए एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने एक पम्पी गन, दो देशी पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड, चार सिंगल बैरल बंदूकें और विभिन्न बोर के 331 जिंदा कारतूस जब्त किए। इसके अलावा तीन 51 एमएम मोर्टार गोले, विभिन्न हथियारों के 17 मैगजीन, बुलेटप्रूफ जैकेट कवर, जंगल जूते और अन्य सैन्य सामग्री भी बरामद की गई। इंफाल पूर्व जिले में मणिपुर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक .38 कैलिबर पिस्तौल, दो मैगजीन और 11 जिंदा कारतूस बरामद किए।

## संक्षिप्त खबरें


### ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस की कार्रवाई




### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

शुकुल बाजार, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत बाजार शुक्ल पुलिस को एक और सफलता मिली है। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के निर्देशन में थाना बाजार शुक्ल पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने कंपोजिट शराब ठेका, महोना पश्चिम के पास से अभियुक्त रंजीत पुत्र हरिलाल, निवासी महोना पूरब, थाना बाजार शुकुल, जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी है। अवैध हथियार रखने वालों और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### रंजिश में दंपति को पीटा, मुकदमा दर्ज



लालगंज (रायबरेली)। बसंतपुर कठोइया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पक्ष के विरुद्ध केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासिनी रामकुमारी ने बताया कि गांव के ही आरोपी मनीष, गोविंद, छोटू, गोविंदे पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की देर शाम को उसके घर आ धमके। आरोपी गाली गलौज कर रहे थे। पति छेदीलाल ने जब मना किया तो उन्होंने लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से पति पर हमला कर दिया। इससे उसके पति के सिर पर गंभीर चोटे आ गई। जब वह बचाने पहुंची तो उसे भी आरोपियों ने मारा पीटा। बताया कि घटना के समय उसके परिवार के अन्य सदस्य खेतों में थे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध कब्जे से चकमार्ग बाधित, ग्रामीणों ने एसडीएम व पुलिस से लगाई गुहार

**गाटा संख्या 318 व 331 से कब्जा हटवाने की मांग, दर्जनों ग्रामीणों ने सौंपा प्रार्थना पत्र**

भरावन/अतरौली (हरदोई)। विकासखंड भरावन के ग्राम गोंडवा खेम, परगना गोंडवा, तहसील संडीला के ग्रामीणों ने सार्वजनिक चकमार्ग पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी संडीला एवं थाना प्रभारी अतरौली को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की गाटा संख्या 318, जो आबादी से सटा सार्वजनिक चकमार्ग है, पर कुछ लोगों द्वारा बिजली कनेक्शन के लिए खंभे लगवाने के दौरान 11000 वोल्ट की लाइन चकमार्ग के बीच से निकाल दी गई, जिससे रास्ता बाधित हो गया है।

इसके अलावा गाटा संख्या 331, जो तालाब तक जाने वाला परिक्रमा मार्ग है, उस पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी हो रही है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने मांग की है कि जनहित को देखते हुए गाटा संख्या 318 से खंभे हटवाकर चकमार्ग को सुचारु कराया जाए तथा गाटा संख्या 331 को कब्जामुक्त कराकर परिक्रमा मार्ग बहाल कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को विवश होंगे। इसके बाद जेई सूरज गुप्ता ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि खंभे चकरोड में गड़े हैं। लेखपाल के स्तर से आगे की कार्रवाई होगी। इसके बाद खंभे हटवाए जाएंगे।

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, पति गंभीर घायल

### पति की लाठी डंडों से मार-मार कर बुरी तरह किया घायल पीड़ित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव के दबंगों ने छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं की जमकर की पिटाई, पति की लाठी डंडों से मार-मार कर बुरी तरह किया घायल पीड़ित परिवार ने जब 112 नंबर पुलिस को बुलाई तो गांव के दमणगों ने पुलिस से भी किया अभद्रता वही पीड़ित के तहरीर पर दबंगों के खिलाफ कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार बस्ती पुलिस अधीक्षक से मिला और शिकायती पत्र दिया, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ने कहा आरोपियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई- बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के सरायघाट की रहने वाली पीड़िता किरन अपनी बच्चियों के साथ लेकर पुलिस अधीक्षक बस्ती से शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के दबंग पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं मेरे घर में कोई कमाने वाला नहीं है मैं अपने बच्चों को कैसे जिलाऊं और खिलाऊं

-वही बेटी रंजनी ने बताया कि मेरे पिता को गांव के दबंगों ने जानलेवा हमला कर हत्या करने का प्रयास किया जिनका इलाज जिला अस्पताल बस्ती में चल रहा है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है आरोपियों द्वारा बार-बार सुलह करने का हमारे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। वहीं पीड़ित परिवार कि बेटी रंजनी ने बताया की गांव के धर्मेंद्र, संदीप, रंजीत, मंजीत पुत्रगण दीनानाथ के विरुद्ध पुरानी रंजिश को लेकर गली गुप्ता देने तथा लाठी डंडों वा ईंट पत्थर से मारने पीटने का आरोप



लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। उनके द्वारा शोर मचाने पर गांव के कुछ लोग बीच बचाव के लिए दौड़े लेकिन आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने पर वह लोग चले गए घटना में उनके पति बुरी तरह जख्मी हो गए। पीड़िता द्वारा जब सहायता के लिए 112 नंबर पुलिस को बुलाया गया तो आरोपियों द्वारा पुलिस के साथ भी अभद्रता की गई। वही मामले में पूछे जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## बिजली नीतियों के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर बुधवार को जिलाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों ने बिजली विभाग की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन भेजकर बिजली उपभोक्ताओं और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र निर्णय की मांग की गई। प्रदर्शन की शुरुआत राजकीय इंटर कॉलेज परिसर से मोटरसाइकिल जुलूस के साथ हुई। जुलूस गांधीनगर और झंडा तिराहा होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की कार्यशैली और लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन और व्यापारी परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन केवल 6 से 7 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है, जिससे जनजीवन और कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग की वर्तमान नीतियों से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ा है।



प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती मंडल अध्यक्ष डॉ. हरि मूर्ति सिंह 'मनोज' ने कहा कि संगठन लंबे समय से व्यापारियों और उपभोक्ताओं की समस्याओं को शासन तक पहुंचाता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश के सभी 75 जिलों में आंदोलन तेज किया जाएगा। ज्ञापन में 47 लाख उपभोक्ताओं पर बढ़ाया गया विद्युत लोड वापस लेने, बिजली मीटर की कीमत 700 रुपये से बढ़ाकर 5300 रुपये किए जाने का निर्णय निरस्त करने, बिजली बिलों पर लगाए गए 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज को समाप्त करने तथा सिक्योरिटी राशि की वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। प्रदर्शन में संगठन के पदाधिकारी, व्यापारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## रेलकोच में अंडरपास पर काम के दौरान 15 फीट से गिरा श्रमिक, गंभीर



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में बृहस्पतिवार को अंडरपास पर फैब्रिकेटेड शेड लगाने के दौरान एक श्रमिक ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद कार्यस्थल पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। लखनऊ के निगोहा थाना क्षेत्र के गुरवक्शखेड़ा बरवलिया निवासी संतोष कुमार (32) अंडरपास में फैब्रिकेटेड शेड लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने से वह करीब 15 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद साथी कर्मचारियों ने उसे तत्काल आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। श्रमिक का इलाज जारी है।

## पुलिस मुख्यालय लखनऊ की टीम ने किया अत्याधुनिक केंद्रीय वाहन यार्ड का निरीक्षण

**महराजगंज/रायबरेली।** पुलिस मुख्यालय लखनऊ की टीम ने महराजगंज में हैदरगढ़ रोड स्थित अत्याधुनिक केंद्रीय वाहन यार्ड का निरीक्षण किया। इस यार्ड की बेहतरीन व्यवस्था को 'रायबरेली मॉडल' के रूप में चयनित किया गया है, जिसकी तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में ऐसे ही आधुनिक वाहन यार्ड विकसित किए जाएंगे। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने निरीक्षण के दौरान यार्ड की व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा वर्ष 2023 में लगभग 3 एकड़ जमीन पर बने इस यार्ड में जिले के थानों और न्यायालय द्वारा सीज किए गए सभी वाहनों को सुरक्षित रखा जाता है। वाहनों के रखरखाव और डेटा संधारण के लिए यार्ड में दो कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात हैं। एएसपी ने कोतवाल जगदीश यादव को यार्ड की साप्ताहिक वीडियोग्राफी कराने, नियमित साफ-सफाई रखने और वाहनों को थानावार कतार में व्यवस्थित ढंग से खड़े करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यालय की टीम ने यार्ड की आधुनिक सुविधाओं और रिकॉर्ड कीपिंग की सराहना करते हुए इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है।

## नदी संरक्षण व हाईवे जांच की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** हरैया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता एवं समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामाजी' ने शुक्रवार को मंडलायुक्त बस्ती को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपकर जनहित और पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मनोरमा, रामरेखा और कुआनो नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने, प्रदूषण रोकने, राष्ट्रीय राजमार्ग-27/28 के निर्माण में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच तथा मानकविहीन टोल प्लाजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि 5 फरवरी 2026 से लगातार संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। नदियों में गंदे नालों का पानी गिरने, अतिक्रमण और बाधित जल प्रवाह से पर्यावरण, जनस्वास्थ्य और धार्मिक आस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि तीनों नदियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, अवैध अतिक्रमण हटाए जाएं, बिना शोधन के गंदे पानी के प्रवाह पर रोक लगे, वैज्ञानिक कार्ययोजना के तहत जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए तथा कूड़ा



फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

चन्द्रमणि पाण्डेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27/28 के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कार्रवाई और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पुनर्निर्माण की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता को लेकर 30 अक्टूबर 2025 को भी शिकायत की गई थी, लेकिन समय पर कार्रवाई न होने से हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। उन्होंने क्षेत्र में मानकों के विपरीत संचालित टोल प्लाजा की निष्पक्ष जांच कर जनहित में आवश्यक कार्रवाई की भी मांग की। पाण्डेय ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का विरोध नहीं, बल्कि जनहित, पर्यावरण संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित कराना है।

## श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को लेकर बस्ती प्रशासन अलर्ट

### डीएम कृतिका ज्योत्स्ना व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा -2026 और महाशिवरात्रि के अवसर पर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर बस्ती प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के साथ-साथ बाढ़ प्रबंधन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि श्रावण मास 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 28 अगस्त 2026 तक चलेगा, जबकि श्रावण शिवरात्रि का मुख्य पर्व 11 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू नदी (अयोध्या) से पवित्र जल लेकर बाबा भदेश्वरनाथ धाम, बस्ती में जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का तत्काल भौतिक सत्यापन करने, सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने तथा स्थानीय शांति समितियों के साथ बैठक कर बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद के सभी प्रमुख शिव मंदिरों, मेला क्षेत्रों, कांवड़ मार्गों और प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी निगरानी, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि कांवड़ यात्रा पूरी तरह सुरक्षित एवं



व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और निर्बाध यात्रा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने, अफवाह फैलाने अथवा अव्यवस्था उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी हरैया, क्षेत्राधिकारी लाइन, संबंधित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों से शासन द्वारा जारी दिशा- निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की अपील की गई।

## गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. मोनिका सिंह की पुस्तक का सीआरसी प्रेस, लंदन से प्रकाशन

### सतत कृषि पर वैश्विक शोध को मिलेगी नई दिशा, डॉ मोनिका सिंह अमेठी का नाम कर रही देश दुनिया में रोशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** देहरादून स्थित उत्तरांचल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एप्लाइड एंड लाइफ साइंसेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर एवं गोल्ड मेडलिस्ट वैज्ञानिक डॉ. मोनिका सिंह की पुस्तक का प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन संस्थान टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप (सीआरसी प्रेस), लंदन, यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रकाशन किया गया है। यह उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के साथ-साथ कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय मानी जा रही है। डॉ मोनिका सिंह का जन्म जनपद अमेठी विकासखंड शुकुल बाजार, ग्राम इन्दरिया के जमींदार परिवार में हुआ शुरू से ही मोनिका सिंह बेहद ही प्रतिभावान थी इनके पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रताप सिंह (कक्कन सिंह)का सपना था की बेटी बड़ी होकर पीएचडी करें और बेटी ने अपने पिता के सपनों को साकार किया।

डॉ. मोनिका सिंह वर्ष 2021 से उत्तरांचल विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से जैव प्रौद्योगिकी विषय में पीएच.डी. की तथा कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण की। उनके शोध का प्रमुख क्षेत्र पर्यावरणीय जैव प्रौद्योगिकी, आणविक सूक्ष्मजीव विज्ञान, सूक्ष्मजीवी नैनोप्रौद्योगिकी, एंडोफाइटिक सूक्ष्मजीव तथा पादप-सूक्ष्मजीव अंतःक्रियाएँ हैं। उनके 50 से अधिक शोध-पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।उनकी प्रकाशित पुस्तक सतत कृषि उत्पादकता, वैश्विक खाद्य सुरक्षा और भूख उन्मूलन में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की भूमिका पर आधारित है। पुस्तक में पौध वृद्धि को प्रोत्साहित करने वाले राइजोबैक्टीरिया , जैव उर्वरक, मृदा उर्वरता, पौध माइक्रोबायोम, प्रतिकूल परिस्थितियों में सूक्ष्मजीवों की भूमिका, सूक्ष्मजीवी जैव प्रौद्योगिकी, प्रिसिजन एग्रीकल्चर तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।यह पुस्तक शोधकर्ताओं, कृषि वैज्ञानिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और नीति-निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी तथा सतत कृषि विकास और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी। डॉ. मोनिका सिंह को वर्ष



2025 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा यंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड, वर्ष 2019 में यंग साइंटिस्ट अवार्ड तथा वर्ष 2013 में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर फेलोशिप से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. मोनिका सिंह वर्तमान में विश्व की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शोध पत्रिका फ्रंटियर्स इन माइक्रोबायोलॉजी की एसोसिएट एडिटर (सह- संपादक), अमेरिका की इंटरनेशनल जर्नल ऑफ वेजिटेबल साइंस की एसोसिएट एडिटर (सह- संपादक) तथा एशियन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी, चीन की सदस्य हैं। डॉ. मोनिका सिंह की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे भारतीय विज्ञान एवं कृषि अनुसंधान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम सख्त, सी-डी ग्रेड विभागों को चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागीय प्रगति, विकास कार्यों और बजट व्यय की समीक्षा को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार रैंकिंग, योजनाओं की प्रगति, ऑनलाइन डेटा फीडिंग तथा बजट व्यय की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया गया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर सी एवं डी ग्रेड प्राप्त विभागों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए अगले माह तक रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण करें और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप तेजी से प्रगति सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित आंकड़ों की गुणवत्ता और समयबद्धता बेहद महत्वपूर्ण है। सभी विभाग अपने कार्यों से संबंधित सही एवं अद्यतन जानकारी समय से पोर्टल पर अपलोड करें। डेटा फीडिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में बजट व्यय की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विभागवार प्राप्त धनराशि



और उसके सापेक्ष किए गए खर्च का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त बजट का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से किया जाए तथा वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण तक इंतजार करने के बजाय योजनाबद्ध ढंग से नियमित व्यय सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्यों की गति बनी रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने, योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान कराने तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनहित के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भक्ति और उत्साह के बीच निकली श्री जगन्नाथ रथयात्रा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**भदोही।** इस्कॉन पकरीकला में गुरुवार को आयोजित श्री जगन्नाथ रथयात्रा महा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर रथ खींचा और पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन स्थल पर हरे कृष्ण के जयघोष, हरिनाम संकीर्तन और भजनों से भक्तिमय माहौल बना रहा। रथयात्रा में पूर्व विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी के साथ ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय भी शामिल हुए। दोनों ने भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन-पूजन कर जनपद भदोही, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ रथ खींचकर धार्मिक परंपरा में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में इस्कॉन के भक्तों ने संकीर्तन के साथ भगवान की महिमा का गुणगान किया। रथयात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 8.81 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवती से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कोतवाली नगर पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर युवती का विश्वास जीता और करीब एक वर्ष तक उसे गुमराह करता रहा। पुलिस के अनुसार गोविंदबाग निवासी शालिनी वर्मा ने 10 जुलाई को कोतवाली नगर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के बनकटवा सराय खास निवासी मनोज कुमार चौहान ने राजस्व विभाग में अमीन के पद पर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 8.81 लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया और पैसे वापस मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को आरोपी मनोज कुमार चौहान को गोविंदबाग स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।



पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पहले स्टाम्प एवं रजिस्ट्री कार्यालय में ऑपरेटर के रूप में कार्य करता था और पीड़िता के घर किराये पर रहता था। इसी दौरान उसे पता चला कि युवती सरकारी नौकरी की इच्छुक है। उसने स्वयं को पहले तहसील तुलसीपुर में कनिष्ठ सहायक तथा बाद में जिलाधिकारी कार्यालय में राजस्व विभाग में लेखाकार के पद पर तैनात बताकर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार किया और उसी के आधार पर युवती से अलग-अलग तिथियों में लगभग आठ लाख रुपये ले लिए। नौकरी न लगने पर वह लगातार बहाने बनाकर युवती को टालता रहा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमन कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल गोविंद यादव, कांस्टेबल हीरालाल यादव, कांस्टेबल अभिनयेश त्रिपाठी तथा महिला कांस्टेबल आकांक्षा गौतम शामिल रहीं।

## सपा नेता प्रदीप ने बस स्टेशन परिसर में की धान रोपाई

**शासन-प्रशासन को दिखाया आइना**

**रुद्रपुर, देवरिया।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व प्रत्याशी प्रदीप यादव ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को रुद्रपुर के बहुचर्चित स्टेशन परिसर में धान की रोपाई की और शासन प्रशासन को आइना दिखाया। सर्वविदित है कि रुद्रपुर का बस स्टेशन जर्जर हालत में है। परिसर के अंदर थोड़ी सी बरसात होने पर भी तलाब जैसा दृश्य बन जाता है। सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक चैनलों ने भी बस स्टेशन की दुर्दशा को अपने माध्यम से उठाया। बावजूद इसके रुद्रपुर के जन प्रतिनिधियों की नींद नहीं खुली और बस स्टेशन परिसर खस्ताहाल में विकास को मुंह चिढ़ा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने समय-समय पर वादे तो बहुत किये। यहां तक कहा कि रुद्रपुर में हाईटेक बस स्टेशन बनेगा। किंतु अब तक ना तो एक खांची मिट्टी डाली गई और ना ही जीर्णोद्धार का कोई काम शुरू हो सका। सपा नेता प्रदीप यादव ने कहा कि रुद्रपुर बस स्टेशन का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी की सरकार के ताबूत की अंतिम कील साबित होगा। इसी बस स्टेशन के मुद्दे पर रुद्रपुर से भाजपा के जनप्रतिनिधियों को करारी हार का सामना करना होगा क्योंकि अब जनता जान चुकी है कि यह लोग केवल कहने में विश्वास करते हैं करने में नहीं।

## संभावित बाढ़ को लेकर डीएम-एसपी ने तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाढ़ से पूर्व तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए समन्वित प्रयास एवं सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता बाढ़ दिनेश कुमार को निर्देशित किया कि तटबंधों की मरम्मत, कटान संभावित स्थलों की पहचान तथा आवश्यक सुरक्षा कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। साथ ही निचले एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सभी सीएचसी/पीएचसी को सक्रिय रखें, मेडिकल कैंप लगाने की व्यवस्था रखें तथा प्रत्येक बाढ़ चौकी पर स्वास्थ्य कर्मी तैनात करें। इस दौरान सांप काटने पर लगने वाले इंजेक्शन तथा अन्य जीवन रक्षक दवाएं, क्लोरीन की गोलियां, ओआरएस घोल की समुचित व्यवस्था रखें। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि समय से भूसा एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा बाढ़ के समय में लगने वाले पशुओं के टीका की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। साथ ही अस्थायी गोशालाओं के लिए स्थल चिन्हित कर लें। उन्होंने आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप बाढ़ राहत सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बाढ़ के समय विद्युत आपूर्ति रोकने तथा उसे चालू करने में सतर्कता बरतने का विशेष निर्देश दिया है। समीक्षा में उन्होंने पाया कि जनपद में 16 बाढ़ चौकी तथा कुल 17 तटबंध है, जिनके मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य बाढ़ खंड प्रथम द्वारा किया जाता है। अधिशासी अभियन्ता दिनेश कुमार ने बताया कि जनपद में स्थित सभी तटबंधों के लिए बाढ़ खण्ड के कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। बैठक में सीडीओ सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी हर्षित उमाकान्त तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला, पशुचिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता, डीपीआरओ धनश्याम सागर, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी अवधेश कुमार, एआरटीओ धर्मेन्द्र कुमार, आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पूर्वांचल विकास निधि से गोरखपुर को 70.10 लाख रुपये की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश) से जनपद गोरखपुर की दो विकास परियोजनाओं के लिए 70.10 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर उसकी प्रति जिलाधिकारी गोरखपुर को भेज दी गई है, ताकि स्वीकृत परियोजनाओं का कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू कराया जा सके। शासनादेश के अनुसार, मंजूर की गई धनराशि से विकास खंड पाली के विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों में सीसी रोड (कंक्रीट सड़क) तथा पिच रोड का निर्माण कराया जाएगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना, आवागमन को सुगम बनाना तथा स्थानीय लोगों को आधारभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल अनुमोदित परियोजनाओं पर ही किया जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं तकनीकी विशिष्टियों के अनुरूप कराया जाएगा, ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। साथ ही यह भी कहा गया है कि धनराशि का उपयोग किसी अन्य योजना या कार्य में नहीं किया जा सकता। शासनादेश में वित्तीय अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा गया है कि यदि स्वीकृत राशि का उपयोग किसी अन्य परियोजना में किया जाता है, तो इसे वित्तीय अनियमितता माना जाएगा। ऐसी स्थिति में इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित जनपद के जिलाधिकारी की होगी। प्रदेश सरकार का मानना है कि पूर्वांचल विकास निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। गोरखपुर में स्वीकृत इन परियोजनाओं के पूरा होने से विकास खंड पाली के कई गांवों में आवागमन आसान होगा, ग्रामीणों को बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध होंगे तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार का कहना है कि पूर्वांचल के समग्र विकास के लिए आधारभूत संरचना को मजबूत करना उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से विभिन्न जिलों में सड़क निर्माण, संपर्क मार्गों के विस्तार और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिले।

# डिजिटल न्याय व्यवस्था के साथ नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना भी जरूरी : एस.एस. उपाध्याय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रौशनी सोनकर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्वतंत्र प्रभात मीडिया से विशेष बातचीत में पूर्व जिला जज, राज्यपाल के पूर्व विधिक सलाहकार (एडवाइजर) तथा वर्तमान में विश्वविद्यालय के लोकपाल एस.एस. उपाध्याय ने कहा कि देश की न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीकों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डिजिटल कोर्ट, ई-फाइलिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकें नागरिकों, सरकार और न्यायपालिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके माध्यम से न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए जनजागरूकता अभियान



चलाकर आम लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना होगा। साइबर अपराधों की रोकथाम तभी प्रभावी होगी जब इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में संविधान और न्यायिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक सुधार की आवश्यकता है। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इसके पीछे केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास, पारिवारिक विवाद, आपसी मतभेद और अनावश्यक मुकदमेबाजी भी प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि केवल नए कोर्ट, थाने और न्यायालय स्थापित कर देने से लंबित मुकदमों की समस्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए समाज में नैतिक मूल्यों, पारंपरिक सोच और आपसी संवाद की संस्कृति को पुनर्स्थापित करना होगा। उन्होंने त्वरित, सुलभ और तर्कसंगत न्याय के लिए पंचायत व्यवस्था की भावना को पुनर्जीवित करने पर भी बल दिया। युवाओं, अधिवक्ताओं और न्यायिक सेवाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम का गंभीर अध्ययन, नियमित अभ्यास और कानून की गहरी समझ आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की तैयारी करने का आह्वान किया। समापन में उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचार, सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और न्यायिक सुधारों के समन्वय से ही देश की न्याय व्यवस्था अधिक प्रभावी, विश्वसनीय और जनोन्मुखी बन सकेगी।

## बाबा साहब के अस्थि कलश, बोधिवृक्ष और बुद्ध प्रतिमा की श्रद्धापूर्वक पूजा-वंदना, संरक्षण की मांग तेज

अस्थि कलश बचाओ संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अंबेडकर महासभा प्रांगण में जुटे सैकड़ों बुद्ध-अंबेडकर अनुयायी।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 15 जुलाई डॉ. अंबेडकर अस्थि कलश बचाओ संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को विधानसभा के सामने स्थित अंबेडकर महासभा प्रांगण में स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश, बोधिवृक्ष एवं बुद्ध प्रतिमा की सैकड़ों बुद्ध-अंबेडकर अनुयायियों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-वंदना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अस्थि कलश, बोधिवृक्ष और बुद्ध प्रतिमा के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए उनके महत्व को रेखांकित किया। पूजा-वंदना कार्यक्रम में मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य राम कुमार गौतम (पूर्व एसडीएम, लखनऊ), दया सागर बौद्ध, राम लगन सिंह यादव, भीमराज, जिला संयोजक वीर बहादुर बौद्ध, डॉ. लाल्ती देवी, पूर्व जज सत्यवीर सिंह यादव, पूर्व डीएफओ एम.पी. गौतम, पूर्व डायरेक्टर ट्रेजरी श्रीनाथ सिंह कुशवाहा, टी.एल. बौद्ध, समय सिंह बौद्ध, टी.पी. गौतम, रामपाल, गिरजा शंकर, आर.एल. बौद्ध, हरी लाल बौद्ध, डॉ. रामकुमार, राम सजीवन, रामनाथ कश्यप, राजाराम, शिव प्रसाद तथा अमर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब से जुड़े स्मृति चिह्न करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और उनका संरक्षण समाज की साझा जिम्मेदारी है।

## 'मतदान सोच-समझकर करें, वरना स्थितियां यही रहेंगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह जी ने जनता से अपील की है कि 2027 विधानसभा चुनाव में मतदान करते समय जाति, धर्म, क्षेत्र और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर देश और समाज के हित में फैसला लें। उन्होंने कहा कि * 'जब आप बिना सोचे-समझे मतदान करेंगे तो स्थितियां यही होंगी।' सिंह ने मतदान के लिए 4 महत्वपूर्ण बिंदु बताए: 1. विदेशी ऋण और उसका उपयोग आजाद भारत में अब तक किस दल की सरकार थी? उसने कितना विदेशी ऋण लिया? क्यों लिया? उसका उपयोग कहां हुआ? आज उसका परिणाम क्या है? जनता को इसका हिसाब मांगना चाहिए। 2. आरक्षण और दलित-पिछड़ा उत्थान जाति-धर्म के नाम पर 'दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक' शब्द का प्रयोग होता है और बजट में करोड़ों की धनराशि आवंटित होती है आजादी से अब तक दलित-पिछड़ा उत्थान के लिए कितना धन आया और उसका क्या उपयोग हुआ? परिणाम क्या रहे? यदि परिणाम आए तो आरक्षण बढ़ता क्यों जा रहा है? दूरदर्शी राष्ट्रवादी डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तत्कालीन सोच की तुलना आज के दलित-पिछड़ा की राजनीति करने वाले नेताओं से करें। स्थितियां शीशे की तरह साफ हो जाएंगी। 3. खेती, रोजगार और भ्रष्टाचार पुरातन कहावत थी 'उत्तम खेती, मध्यम बान, निषिद्ध चाकरी, भीख निदान'। आज क्या स्थिति है? रेलवे की सरकारी नौकरी के लिए किसानों की जमीन लिखवाने के आरोप राजनेताओं पर नहीं लग रहे क्या? 4. बढ़ती जनसंख्या, जातिवाद और भ्रष्टाचार जब देश आजाद हुआ था तो 1 डॉलर = 1 रुपया था। आज क्या स्थिति है? इसके 3 मुख्य कारण हैं (अ) बढ़ती जनसंख्या (ब) जातिवाद (स) भ्रष्टाचार। हम पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र के लिए इन तीनों से संघर्ष करने का संकल्प लिया है। सिंह ने कहा कि विदेशी कर्ज लेने का अधिकार आपने अपने मत से नेताओं को दिया है। लेकिन भुगतान करने में नेताओं और उनके परिवारों की भागीदारी कितनी होगी? उन्हें तो इससे आजाद रखा गया है। 'गलती आपकी है जो आप अपने मत की कीमत नहीं पहचानते। आपकी पीढ़ियां गुलामी के लिए अभिशप्त होंगी। 'जिन नेताओं, उद्योगपतियों और भ्रष्ट अधिकारियों के पास अरबों की संपत्ति है, वे चार्टर्ड प्लेन से परिवार सहित विदेश घूमते हैं। 'क्या ये काले अंग्रेज नहीं हैं? क्या यह सत्य नहीं है?' भारतीय जन समाज पार्टी का संकल्प भ्रष्टाचार मुक्त, जातिवाद मुक्त और राष्ट्रवादी उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए क्ष्ध्ध्स्क 2027 में प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## कर्मचारी महासंघ द्वारा डॉ. तूलिका चंद्रा को 'समाज गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चंद्रा को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ द्वारा 'समाज गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे एवं कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने डॉ. तूलिका चंद्रा को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. तूलिका चंद्र ने चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य किए हैं। उनके कार्यों से न केवल चिकित्सा जगत को नई दिशा मिली है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को भी लाभ पहुंचा है। सम्मान समारोह के दौरान महासंघ के मीडिया प्रभारी संजीव त्रिपाठी, मदन मिश्रा एवं सर्वेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित लोगों ने डॉ. तूलिका चंद्र को इस सम्मान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुनवाई में सख्त दिखे मंत्री ए.के. शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान विद्युत बिल संशोधन, नए बिजली कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना, पेयजल आपूर्ति, सीवर, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण समेत नगर विकास और ऊर्जा विभाग से जुड़ी अनेक शिकायतें सामने आईं। मंत्री ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने और शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### मुख्य काउंसिलिंग के तीसरे चरण में चॉइस फिलिंग शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद (पॉलिटेक्निक) की मुख्य काउंसिलिंग के तृतीय चरण में ऑनलाइन चॉइस फिलिंग (विकल्प भरने) की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। परिषद ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिक से अधिक विकल्प भरने की अपील की है, ताकि उन्हें पसंदीदा संस्थान और पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलने की संभावना बढ़ सके। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद (पॉलिटेक्निक) के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत अभ्यर्थी 16 जुलाई से 19 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगिन कर अपने पसंदीदा संस्थानों और पाठ्यक्रमों के विकल्प भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपने विकल्प भरकर उन्हें लॉक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि परिषद की मुख्य काउंसिलिंग के प्रथम और द्वितीय चरण का संचालन सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

## तहसील बिसवां को मिले नए उपजिलाधिकारी न्यायिक सुधीर कुमार ने संभाला कार्यभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** तहसील बिसवां में नवागत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सुधीर कुमार ने तहसील परिसर पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। तहसीलदार बिसवा अनिल कुमार राम ने नवागत उपजिलाधिकारी न्यायिक बिसवा सुधीर कुमार का स्वागत किया। उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार अयोध्या जनपद से स्थानांतरित होकर बिसवां आए हैं। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव एड,वर्तमान अध्यक्ष राज किशोर यादव एड,महासचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया एड,उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी एड कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया एड, संयुक्त सचिव जितेन्द्र कुमार मिश्रा एड आदि अधिवक्ताओं ने बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने न्यायिक कार्यों को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपादित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि न्यायालय में आने वाले प्रत्येक वादकारी को विधि के अनुरूप त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। तहसील परिसर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवागत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उनके आगमन से न्यायिक कार्यों में और अधिक गति एवं प्रभावशीलता आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

## दि सेक्सरिया बिसवां सुगर फैक्ट्री द्वारा मरीजो के छय रोग जांच हेतु दो माइक्रोस्कोप मशीने कराई गई उपलब्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे छय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहद बिसवां दि सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री ने मरीजों के छय रोग की जांच के लिए गया प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां को दो माइक्रोस्कोप मशीन उपलब्ध कराई हैं। विगत वर्ष भी चीनी मिल ने तीन मशीने उपलब्ध कराई थी। इन मशीनों से मरीजों के बलगम खून जैसी जांच होगी। चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार व मिल के चिकित्सा प्रभारी अमित सक्सेना ने सीएचसी बिसवां के अधीक्षक डॉक्टर अमित कपूर व डॉक्टर चंद्रा को मशीन भेंट की। इस अवसर पर डॉक्टर कपूर ने कहा कि हम सभी लोग चीनी मिल के बड़े आभारी हैं जिन्होंने यह मशीन क्षेत्र के मरीजों के लिए दी हैं उन्होंने बताया आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों की जांच के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है यह मशीन ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी केदो पर लगाई जाएगी। जिससे मरीजों को जांच के लिए कहीं दूर दौड़ना नहीं पड़ेगा। इन मशीनों से टीवी की जांच तो होगी ही साथ ही अन्य जांचे भी संभव होगी ।

चीनी मिल छय रोग उन्मूलन में स्वयं भी 50 छय रोग मरीजों को गोद लेकर उनका इलाज व पौष्टिक आहार देने का कार्य विगत वर्षो से कर रही है। इस अवसर पर कंप्यूटर महाप्रबंधक रसूल अहमद सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पांडे व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिसवां में आधुनिक एयर कंडीशंड जिम का शुभारंभ

**बिसवां।** नगर में पहले एयर कंडीशंड एवं अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित जिम के शुरू होने से लोगों, विशेषकर युवाओं में फिटनेस को लेकर नया उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह के समय बड़ी संख्या में युवा एवं अन्य नागरिक नियमित रूप से जिम पहुंचकर व्यायाम और कसरत कर रहे हैं। जिम के संचालक विपिन वर्मा ने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए नियमित व्यायाम बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रहने के लिए जिम या किसी भी प्रकार की शारीरिक गतिविधि को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक तनाव भी कम होता है और व्यक्ति पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करता है।



# मदरसा अरबिया इस्लामिया में हज यात्रा से संबंधित समस्याओं एवं उनके समाधान विषयक विशेष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार द्वारा आलमनगर स्थित मदरसा अरबिया इस्लामिया में हज यात्रा से संबंधित समस्याओं एवं उनके समाधान विषयक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य सय्यद अली वारसी उपस्थित रहे। इस दौरान हज यात्रियों की ओर से यात्रा के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं कठिनाइयों से संबंधित मांगों को उनके समक्ष रखा गया तथा एक ज्ञापन भी सौंपा गया। सय्यद अली वारसी ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए हज कमेटी स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाएंगे, जिससे भविष्य में यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने अपने संबोधन में हाफिज इमरान अली के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे वर्षों से हज यात्रा पर जाने वाले लोगों की हर संभव सहायता करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाफिज इमरान अली का यह योगदान जनपद सीतापुर के लोगों के लिए अत्यंत सराहनीय है और उनके प्रयासों से अनेक यात्रियों को लाभ मिला है। कार्यक्रम में जिले के 12 मदरसों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षाविदों ने भी सहभागिता की। उपस्थित प्रमुख लोगों में समाज सेवी सद्दाम हुसैन मौलाना मोहम्मद फारुक प्रधानाचार्य हाफीज इमरान अली मौलाना मोहम्मद सिराज खान मोहम्मद अख्तर , मोहम्मद आजम सिद्दीकी (प्रधानाचार्य, तावक्कूल हुसैन हाफीज किस्मत अली शादाब अहमद शाहमीर आलम, नफीस अहमद, मोहम्मद मोइज अहमद कारी अब्दुल रहमान, मौलाना जुबेर अहमद मोहम्मद इरफान जमीर अहमद अरशद खान मोहम्मद सलमान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में हज यात्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

## अघोषित बिजली कटौती और एसडीओ के फोन न उठाने पर भड़के भाजपा कार्यकर्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिश्रिख (सीतापुर)।** मिश्रिख नगर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती तथा विद्युत विभाग के एसडीओ द्वारा फोन न उठाए जाने से नाराज भाजपा पदाधिकारियों, व्यापारियों और नगरवासियों ने गुरुवार को मिश्रिख पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। प्रदर्शन में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेश पांडेय, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी, कमलाकांत मिश्रा, व्यापारी कन्हैया गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आम जनता, व्यापारी और किसान भारी परेशान हैं। उनका यह भी आरोप है कि मिश्रिख के जेई और एसडीओ अवैध वसूली में संलिप्त हैं तथा शिकायतों के बावजूद समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। साथ ही, एसडीओ द्वारा लोगों के फोन तक नहीं उठाए जाते। सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ने कहा कि वह इस पूरे मामले को सांसद के संज्ञान में लाएंगे तथा विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक (एमडी) को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जांच एवं कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल बिजली व्यवस्था में सुधार करने, अघोषित कटौती बंद कराने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।वही मौके पर मिले जेई ने बताया कि लाइन फाल्ट,ओवर लोड की समस्या को लेकर कटौती होती है।समस्या का समाधान जल्द कराया जाएगा।

# संपादकीय

## चढ़ावा चोरी पर सतीश महाना का बयान

जिनका पैसा चोरी हुआ उन्होंने श्रद्धा से दान नहीं किया, हमारा पैसा सुरक्षित है इस बात का प्रमाण अयोध्या का भव्य राम मंदिर है। अयोध्या स्थित राम मंदिर दान चोरी पर बोलते हुए यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का यह वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर सतीश महाना के इस बयान की होड़ लगी हुई है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यह बयान कितना उचित है। मंदिर में चढ़ावा चोरी पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का बयान कितना सही? भारत में मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। करोड़ों श्रद्धालु हर वर्ष मंदिरों में अपनी श्रद्धा के अनुसार दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। यह धन मंदिरों के रखरखाव, धार्मिक अनुष्ठानों, सामाजिक कार्यों और जनकल्याण की योजनाओं में उपयोग किया जाता है। ऐसे में यदि मंदिरों में चढ़ावे की चोरी की घटनाएँ सामने आती हैं, तो यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं पर भी आघात होता है। इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह भी कहा कि मंदिरों में चढ़ावे की चोरी जैसी घटनाओं पर समाज को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उनका संकेत इस ओर था कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज की भी है। चढ़ावा केवल धन नहीं, आस्था का प्रतीक- मंदिर में चढ़ाया गया धन श्रद्धालु की श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक होता है। कोई व्यक्ति अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर दान करता है, तो कोई सेवा भावना से। ऐसे में यदि इस धन की चोरी होती है, तो लोगों का विश्वास प्रभावित हो सकता है। इसलिए चढ़ावे की सुरक्षा केवल संपत्ति की सुरक्षा नहीं, बल्कि आस्था की रक्षा भी है। यदि उनके बयान का आशय यह है कि धार्मिक स्थलों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए, तो यह एक उचित और व्यावहारिक विचार माना जा सकता है। मंदिरों में चोरी की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। कई मामलों में दानपात्र तोड़े गए, तो कहीं मंदिरों के आभूषण और नकदी चोरी हुई। ऐसे मामलों से यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। हालाँकि किसी भी घटना की जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए। किसी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। आज देश के अनेक बड़े मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल दान प्रणाली, सुरक्षा गार्ड और नियमित लेखा परीक्षण जैसी व्यवस्थाएँ लागू हैं। लेकिन छोटे और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में अभी भी सुरक्षा संसाधनों की कमी देखी जाती है। ऐसे में मंदिर समितियों को चाहिए कि वे आधुनिक सुरक्षा उपाय अपनाएँ और दान के उपयोग का सार्वजनिक विवरण भी समय-समय पर जारी करें। मंदिर केवल पुजारियों या ट्रस्ट की जिम्मेदारी नहीं हैं। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। यदि समाज सजग रहेगा, तो चोरी जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। दान के उपयोग में पारदर्शिता बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि श्रद्धालुओं को यह जानकारी मिलती रहे कि उनके द्वारा दिया गया चढ़ावा किस कार्य में खर्च हो रहा है, तो मंदिरों के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। डिजिटल भुगतान और सार्वजनिक ऑडिट जैसी व्यवस्थाएँ इस दिशा में उपयोगी हो सकती हैं। **राजनीतिक बयान और सार्वजनिक विमर्श**-लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों के बयानों का व्यापक प्रभाव होता है। इसलिए ऐसे विषयों पर दिए गए वक्तव्यों का उद्देश्य समाधान और जागरूकता होना चाहिए, न कि विवाद को बढ़ावा देना। यदि किसी बयान से सुरक्षा व्यवस्था, पारदर्शिता और जवाबदेही पर सकारात्मक चर्चा शुरू होती है, तो उसे रचनात्मक माना जा सकता है। मंदिरों में चढ़ावे की चोरी एक गंभीर विषय है क्योंकि यह श्रद्धा, विश्वास और धार्मिक संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बयान का मूल्यांकन उसके वास्तविक संदर्भ और आशय के आधार पर किया जाना चाहिए। यदि उनका उद्देश्य मंदिरों की सुरक्षा, पारदर्शिता और समाज की जिम्मेदारी पर ध्यान आकर्षित करना था, तो यह एक सार्थक संदेश माना जा सकता है। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि चोरी की प्रत्येक घटना की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय अपनाए जाएं। तभी मंदिरों की गरिमा और श्रद्धालुओं का विश्वास दोनों सुरक्षित रह सकेंगे।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** -आज परिवार और घरेलू विषयों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की स्थिति बन सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन आपकी लगन और परिश्रम का उचित परिणाम भी प्राप्त होगा। नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को किसी भी बड़े आर्थिक निर्णय से पहले सभी पहलुओं पर विचार करना लाभकारी रहेगा। पारिवारिक वातावरण सामान्य बना रहेगा।

**वृषभ**-आज आपकी अभिव्यक्ति क्षमता प्रभावशाली रहेगी, जिससे नए लोगों से परिचय और उपयोगी संबंध स्थापित हो सकते हैं। नौकरी में नए अवसर मिलने की संभावना है। यदि आपका कोई धन लंबे समय से अटका हुआ है तो उसके मिलने की उम्मीद बढ़ सकती है। भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी यात्रा की योजना बन सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और दिन संतुलित ढंग से बीतेगा।

**मिथुन**-आर्थिक मामलों में आज सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना है। नौकरी में अतिरिक्त दायित्व या आय में वृद्धि से जुड़ी कोई अच्छी सूचना मिल सकती है। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के सदस्यों के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे। खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

**कर्क**-सूर्य का आपकी राशि में प्रवेश आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करेगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य गति पकड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई शुरुआत या महत्वपूर्ण अवसर मिलने की संभावना है। व्यापार विस्तार की योजनाएं आगे बढ़ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर महसूस होगा और उत्साह में वृद्धि होगी।

**सिंह**-आज का दिन भविष्य की योजनाओं पर गंभीरता से विचार करने का अवसर देगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य और संयम बनाए रखना आवश्यक रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए आर्थिक मामलों में सतर्कता रखें। दूर स्थानों से जुड़े कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। परिवार का सहयोग आपके आत्मविश्वास को मजबूत करेगा। मानसिक शांति बनाए रखने का प्रयास करें।

**कन्या**-आय में वृद्धि और सामाजिक सम्मान मिलने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। मित्रों के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। व्यापार में लाभ के अच्छे अवसर सामने आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा और पारिवारिक संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला** -कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं आपके सामने आ सकती हैं। अधिकारी आपके कार्य की सराहना कर सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में नए समझौते या नए कार्य मिलने की संभावना है। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दिनचर्या को व्यवस्थित रखने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी समय देना आवश्यक रहेगा।

**वृश्चिक**-आज भाग्य का अच्छा साथ मिल सकता है। शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की चर्चा हो सकती है। व्यापार में दूरस्थ संपर्कों से जुड़े कार्य लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। परिवार के साथ यात्रा की संभावना भी बन सकती है। स्वास्थ्य सामान्य से बेहतर रहेगा।

**धनु** -आर्थिक मामलों में आज विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। किसी भी प्रकार का निवेश सोच-विचार करके करना उचित रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के अवसर सामने आ सकते हैं। व्यापार में साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी का सहयोग आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करेगा। स्वास्थ्य संबंधी छोटी परेशानियों को अनदेखा करने से बचें।

**मकर**-आज साझेदारी और वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। व्यापार में नए समझौते लाभदायक साबित हो सकते हैं। नौकरी में सामूहिक प्रयासों से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का सहयोग बना रहेगा।

# यमुना प्राधिकरण बना हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग हब, निवेश व रोजगार को नई उड़ान

उत्तर प्रदेश आज देश के औद्योगिक विकास की नई धुरी बनकर उभर रहा है। बेहतर आधारभूत संरचना, निवेशक-अनुकूल नीतियां, मजबूत कानून-व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था ने प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश केवल पारंपरिक उद्योगों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, सौर ऊर्जा, मेडिकल डिवाइस और हाईटेक विनिर्माण जैसे भविष्य के उद्योगों में भी तेजी से अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। इस परिवर्तन का सबसे सशक्त उदाहरण यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र है, जो आधुनिक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ प्रदेश को नई औद्योगिक ऊंचाइयों की ओर अग्रसर कर रहा है। औद्योगिक विकास केवल बड़े निवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य रोजगार के अवसर बढ़ाना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देना और युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर भविष्य उपलब्ध कराना होता है। लंबे समय तक उच्च तकनीक आधारित उद्योग देश के कुछ चुनिंदा राज्यों तक सीमित रहे, जिसके कारण बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी औद्योगिक नीति ने इस स्थिति को बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक औद्योगिक क्लस्टर न केवल निवेश आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों को भी नई उड़ान दे रहे हैं। यीडा क्षेत्र में क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास मॉडल के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी), मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, टॉय पार्क, एमएसएमई पार्क, ओडीओपी पार्क तथा हस्तशिल्प पार्क जैसे अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य उद्योगों को विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, उत्पादन लागत कम करना और निवेशकों के लिए एक समेकित औद्योगिक वातावरण तैयार करना है। यह मॉडल उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ प्रदेश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि तब प्राप्त हुई, जब भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यीडा के सेक्टर-10 में 206.40 एकड़ क्षेत्रफल में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की। लगभग 417 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में केंद्र सरकार द्वारा लगभग 144.48 करोड़ रुपये तथा यीडा द्वारा लगभग 272.52 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से अत्याधुनिक औद्योगिक अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय इकोसिस्टम तैयार होगा। परियोजना का निर्माण चरणबद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ रहा है और निर्धारित समय सीमा में इसे पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यीडा के सेक्टर-8 में विकसित हो रही अत्याधुनिक सौर ऊर्जा निर्माण इकाई प्रदेश के हरित औद्योगिक विकास की नई पहचान बन रही है। लगभग 200 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली इस परियोजना में 8,253 करोड़ रुपये के निवेश हो रहे है। यहां सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल का निर्माण किया जाएगा, जिससे भारत की स्वच्छ ऊर्जा आवश्यकताओं को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 5,000 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। यह निवेश केवल उद्योग की स्थापना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर सहायक उद्योगों, सेवा क्षेत्र और लघु उद्यमों को भी नई गति मिलेगी। वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती सेमीकंडक्टर उद्योग की मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने इस क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। यीडा के सेक्टर-10 स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में लगभग 3,250 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई स्थापित की जा रही है। यहां फ्लेक्सिबल पीसीबी, हाई डेंसिटी इंटरकनेक्ट (एचडीआई) पीसीबी तथा सेमीकंडक्टर सब्सट्रेट जैसे उच्च तकनीक उत्पादों का निर्माण होगा। इस परियोजना से लगभग 1,500 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। यह निवेश उत्तर प्रदेश को देश के उभरते सेमीकंडक्टर विनिर्माण मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसी प्रकार यीडा के सेक्टर-8 में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स निर्माण की एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत लगभग 3,532 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इस इकाई में कॉपर क्लैड लैमिनेट, इलेक्ट्रॉनिक असेंबली तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का निर्माण किया जाएगा। इससे प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन और अधिक मजबूत होगी तथा लगभग 2,000 युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, सहायक उद्योगों के विकास से अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाएं भी व्यापक स्तर पर बढ़ेंगी। यीडा क्षेत्र में विकसित हो रहे ये आधुनिक औद्योगिक पार्क केवल औद्योगिक इकाइयों का समूह नहीं हैं, बल्कि भविष्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। क्लस्टर आधारित विकास मॉडल के कारण उद्योगों को सड़क, बिजली, जलापूर्ति, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ रही है। यही कारण है कि देश और विदेश की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए लगातार आगे आ रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियां, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क, बेहतर हवाई संपर्क, पारदर्शी सिंगल विंडो प्रणाली और समयबद्ध अनुमोदन व्यवस्था ने निवेशकों का विश्वास मजबूत किया है। इन सुधारों ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए देश के सबसे भरोसेमंद राज्यों में शामिल कर दिया है। परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और हाईटेक विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में तेजी से निवेश बढ़ रहा है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

इन औद्योगिक परियोजनाओं का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलने वाला है। हजारों प्रत्यक्ष रोजगार के साथ-साथ परिवहन, लॉजिस्टिक्स, निर्माण, सेवा, होटल, खाद्य, प्रशिक्षण और लघु उद्योगों जैसे अनेक क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपने ही प्रदेश में आधुनिक उद्योगों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा और पलायन की आवश्यकता भी कम होगी।

आज यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिवर्तन का जीवंत प्रतीक बन चुका है। यहां विकसित हो रहा हाईटेक औद्योगिक इकोसिस्टम प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीति, आधुनिक अवसंरचना और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से किसी भी क्षेत्र को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाया जा सकता है। औद्योगिक विकास की यह नई गति न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर भारत के विनिर्माण मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आने वाले वर्षों में यीडा क्षेत्र निवेश, नवाचार, रोजगार और औद्योगिक समृद्धि का ऐसा केंद्र बनेगा, जो विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान के रूप में देश और दुनिया के सामने स्थापित होगा।

**-सरिता वर्मा, सूचना अधिकारी**

# प्रतापगढ़ में 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' बनी मिसाल

**सरकार की इन व्यापक सुविधाओं के दूरगामी और सकारात्मक परिणाम जनपद प्रतापगढ़ में धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वित प्रयासों से जनपद की अनेक महिलाओं और युवाओं के जीवन में युगांतकारी परिवर्तन आया है। प्रतापगढ़ जनपद की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली महिला उद्यमी निशा परवीन (पत्नी अजहर हुसैन) की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाकर बड़े सपनों को साकार किया जा सकता है। लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छुक निशा परवीन को जब इस योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में आर्थिक स्वावलंबन और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसरों को सृजित करने के उद्देश्य से संचालित 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कारीगरों, युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता से जोड़कर उनका आर्थिक सशक्तिकरण करना है। इस कल्याणकारी योजना के तहत प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय, तकनीकी और ढांचागत सुविधाएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं, जिससे गांवों से होने वाले पलायन में भारी कमी आई है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित करने के लिए संस्थागत ऋण की एक बेहद सुदृढ़ और पारदर्शी व्यवस्था की गई है। इसके तहत पात्र आवेदकों को बैंक के माध्यम से 10 लाख रुपये तक का पूंजीगत ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह वित्तीय सहायता मुख्य रूप से उन परियोजनाओं के लिए प्रदान की जाती है जो उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्वीकृत श्रेणियों के अंतर्गत आती हैं। पूंजी की इस सुलभ उपलब्धता से ग्रामीण युवाओं के लिए अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करने की राह अत्यंत आसान हुई है। योजना की सबसे महत्वपूर्ण सुविधा इसमें मिलने वाली भारी वित्तीय छूट और मार्जिन मनी (सब्सिडी) की व्यवस्था है। प्रदेश सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के लिए परियोजना लागत पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाती है। इसके साथ ही, समाज के कमजोर और आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाओं, दिव्यांगों और भूतपूर्व सैनिकों को स्वरोजगार में विशेष प्राथमिकता देने के लिए योजना के तहत 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। यह बड़ा वित्तीय प्रोत्साहन नए ग्रामीण उद्यमियों पर शुरुआती कर्ज के बोझ को काफी हद तक कम कर देता है। व्यवसाय की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए केवल धन की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि इसके लिए सही तकनीकी कौशल की भी आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वय से सभी चयनित लाभार्थियों के लिए व्यापक तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता है। इस निशुल्क प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण उद्यमियों को आधुनिक मशीनों के कुशल संचालन, उत्पाद की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, वित्तीय प्रबंधन और विपणन के व्यावहारिक गुर सिखाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण उद्यमियों के सामने अपने निर्मित उत्पादों को बेचने और सही बाजार तलाशने की चुनौती के स्थाई समाधान के लिए एक एकीकृत विपणन सहायता तंत्र विकसित किया गया है। खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से क्षेत्रीय, जिला और राज्य स्तरों पर विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियों, मेलों और बाजारों का आयोजन किया जाता है, जहाँ इन ग्रामीण उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उपभोक्ताओं को सीधे बेचने के लिए पूरी तरह से निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही, इन ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए डिजिटल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी, त्वरित और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आवेदन प्रणाली को पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया है। अब कोई भी इच्छुक आवेदक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर घर बैठे सुगमता से आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज और विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी0पी0आर0) अपलोड करनी होती है, जिससे लाभार्थियों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से पूर्ण मुक्ति मिली है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स समिति द्वारा प्रस्तावों की समीक्षा कर स्वीकृति हेतु बैंकों को भेजा जाता है और ऋण जारी होने के बाद सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

सरकार की इन व्यापक सुविधाओं के दूरगामी और सकारात्मक परिणाम जनपद प्रतापगढ़ में धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वित प्रयासों से जनपद की अनेक महिलाओं और युवाओं के जीवन में युगांतकारी परिवर्तन आया है। प्रतापगढ़ जनपद की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली महिला उद्यमी निशा परवीन (पत्नी अजहर हुसैन) की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाकर बड़े सपनों को साकार किया जा सकता है। लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छुक निशा परवीन को जब इस योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया। प्रदेश सरकार के सहयोग से उनकी 10 लाख रुपये लागत की सैनिटरी नैपकिन निर्माण परियोजना को त्वरित स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके लिए पंजाब नेशनल बैंक, रमईपुर दिसनी, प्रतापगढ़ द्वारा सुगमता से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। सरकारी वित्तीय सहयोग और सब्सिडी का लाभ प्राप्त होने के पश्चात, निशा परवीन ने आधुनिक तकनीक से युक्त एक उन्नत सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई की स्थापना पृथ्वीगंज बाजार पट्टी में की। आज उनकी इस विनिर्माण इकाई में ग्रामीण महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और बेहद किफायती सैनिटरी नैपकिन का निर्माण और विक्रय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को उचित मूल्य पर स्वच्छता संबंधी उत्पाद स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी लगातार बढ़ रही है। इस उद्योग की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सामाजिक परिवर्तन की एक नई शुरुआत हुई है। आज इस पहल से लगभग 1500 महिलाएं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। कई महिलाओं को नियमित रोजगार मिला है. जबकि अनेक महिलाएं वितरण, विपणन और जागरूकता अभियान के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। निशा परवीन स्वयं भी आज एक सफल महिला उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि सरकारी योजनाओं का सही समय पर सही तरीके से लाभ उठाया जाए, तो कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। उनका यह प्रयास आज जनपद की अन्य महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्यमिता को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के माध्यम से अनेक युवाओं और महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आज निशा परवीन की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं आम नागरिकों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं। सरकारी सहयोग, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम के बल पर उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि सैकड़ों परिवारों की आजीविका का माध्यम बनकर समाज में नई उम्मीद जगाई है।

**जनपद-प्रतापगढ़**

# ड्रोन टेक्नोलॉजी में कैरियर की ऊंची उड़ान



कुछ वर्ष पहले तक ड्रोन केवल युद्ध और सुरक्षा से जुड़ी तकनीक माने जाते थे, लेकिन आज यह कृषि, उद्योग, फिल्म निर्माण, पत्रकारिता, आपदा प्रबंधन, चिकित्सा सेवाओं, ई-कॉमर्स और आधारभूत संरचना के विकास का महत्वपूर्ण उपकरण बन चुके हैं। भारत में भी ड्रोन तकनीक तेजी से विस्तार कर रही है और इसके साथ ही प्रशिक्षित विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में ड्रोन टेक्नोलॉजी युवाओं के लिए सबसे आकर्षक कैरियर क्षेत्रों में से एक बन सकती है।ड्रोन, जिसे अनमैन्ड एरियल व्हीकल (ङ्क) कहा जाता है, ऐसा विमान है जिसे पायलट के बिना दूर से नियंत्रित किया जाता है या जो तय निर्देशों के अनुसार स्वतः उड़ान भर सकता है। ड्रोन के विकास के पीछे अनेक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का लगभग एक शताब्दी लंबा शोध और तकनीकी विकास रहा है। साल 1918 में अमेरिका ने 'केटरिंग बग' नामक स्वचालित उड़ान यान बनाया, जिसे आधुनिक ड्रोन का प्रारंभिक स्वरूप माना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इनका उपयोग मुख्यतः सैन्य अभ्यास और निगरानी के लिए किया गया। बाद में कंप्यूटर, जीपीएस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेंसर और कैमरा तकनीक के विकास ने ड्रोन को नई पहचान दी। आज छोटे कैमरा ड्रोन से लेकर सैकड़ों किलोग्राम भार उठाने वाले औद्योगिक ड्रोन तक विकसित हो चुके हैं।भारत सरकार ने ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कृषि में ड्रोन से कीटनाशकों और उर्वरकों का छिड़काव किया जा रहा है। गांवों का डिजिटल सर्वेक्षण, रेलवे ट्रैक और बिजली लाइनों का निरीक्षण, पुलों और सड़कों की निगरानी, आपदा राहत तथा चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति जैसे कार्य अब ड्रोन से किए जा रहे हैं।'ड्रोन शक्ति' पहल और ड्रोन निर्माण प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के कारण भारत वैश्विक ड्रोन उद्योग में पहचान बना रहा है।ड्रोन का उपयोग आज कृषि और स्मार्ट फार्मिंग,रक्षा एवं सीमा सुरक्षा,फिल्म एवं टीवी शूटिंग,पत्रकारिता और लाइव कवरेज,भूमि सर्वेक्षण एवं मैपिंग,निर्माण कार्यों की निगरानी,बिजली एवं तेल-गैस पाइपलाइन निरीक्षण,आपदा प्रबंधन और राहत कार्य,चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति,ई-कॉमर्स डिलीवरी,वन एवं वन्यजीव संरक्षण तथा खनन और पर्यावरण अध्ययन जैसे अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। ड्रोन उद्योग के विस्तार के साथ प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस क्षेत्र में ड्रोन पायलट,ड्रोन प्रशिक्षक,ड्रोन डिजाइन इंजीनियर, एयरोनॉटिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर,ड्रोन सॉफ्टवेयर डेवलपर, एआई एवं ऑटोमेशन विशेषज्ञ, जीआईएस एवं मैपिंग विशेषज्ञ,सर्वे इंजीनियर, ड्रोन मेंटेनेंस इंजीनियर, ड्रोन डेटा विश्लेषक तथा कृषि ड्रोन विशेषज्ञ जैसे पदों पर रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ड्रोन क्षेत्र में प्रवेश के लिए 12वीं (विज्ञान) के बाद विभिन्न डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस, एयरोस्पेस, रोबोटिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह क्षेत्र विशेष रूप से उपयुक्त है। ड्रोन पायलट बनने के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक होता है। इस क्षेत्र मे कैरियर बनाने के लिए युवाओं को सबसे पहले ड्रोन पायलट प्रशिक्षण,ड्रोन टेक्नोलॉजी में सर्टिफिकेट,डिप्लोमा इन ड्रोन टेक्नोलॉजी,बी.टेक. (एयरोस्पेस),बी.टेक. (रोबोटिक्स),बी.टेक. (इलेक्ट्रॉनिक्स), बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस) अथवा जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग में से अपनी रुचि के अनुसार उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता हासिल करनी होगी। भारत में अनेक विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग संस्थान तथा डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) से अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (RPTO) ड्रोन तकनीक एवं ड्रोन पायलट प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं— इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (IGRUA), फुरसतगंज, उत्तर प्रदेश, आईआईटी कानपुर, आईआईटी बॉम्बे , आईआईटी मद्रास , भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु ,बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (BITS), पिलानी , भारतीय ड्रोन संस्थान (Indian Institute of Drones), नई दिल्ली , फॉर इंस्टिट्यूट ऑफ ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (FIDTR), नई दिल्ली इनके अतिरिक्त देशभर में अनेक सरकारी एवं निजी संस्थान डीजीसीए से मान्यता प्राप्त ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश लेने से पहले संबंधित संस्थान की मान्यता, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण सुविधाओं तथा प्लेसमेंट की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। प्रशिक्षित युवाओं के लिए ड्रोन निर्माण कंपनियों,कृषि तकनीकी कंपनियों,रक्षा क्षेत्र,सर्वे एवं मैपिंग कंपनियों,बिजली वितरण ,तेल एवं गैस उद्योग,मीडिया एवं फिल्म उद्योग,रियल एस्टेट,ई-कॉमर्स कंपनियों,सरकारी विभाग,आपदा प्रबंधन एजेंसियों में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। भारत में ड्रोन उद्योग तेज़ी से विकसित हो रहा है। अनेक कंपनियां ड्रोन निर्माण, सॉफ्टवेयर विकास, सर्वेक्षण, रक्षा, कृषि तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसपोर्ट बार में अधिवक्ताओं को लैपल पिन पहनाकर बढ़ाया उत्साह



**देवरिया।** ट्रांसपोर्ट बार परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में अधिवक्ताओं को लैपल पिन पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं की न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने, संविधान की मर्यादा बनाए रखने तथा समाज में विधिक जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका की सराहना की गई। मुख्य अतिथि एडवोकेट संतोष तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल के पक्षकार नहीं होते, बल्कि संविधान, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी भी हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान उनके ज्ञान, संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण का सम्मान है। ऐसे आयोजन अधिवक्ता समुदाय का मनोबल बढ़ाने के साथ आपसी सौहार्द और एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे अधिवक्ता समाज के सम्मान और एकता का प्रतीक बताया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### त्योहारों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर एसपी अपर्णा रजत कौशिक सख्त

**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बुधवार को पुलिस लाइन स्थित मां विंध्यवासिनी सभागार में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध एवं कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी कांवड़ यात्रा, भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा और गुरु पूर्णिमा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर लगातार फुट पेट्रोलिंग तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में जनसुनवाई, आईजीआरएस, लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, मादक पदार्थों, अवैध शराब, गो-तस्करी, भू-माफिया, खनन माफिया और अन्य संगठित अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल-कॉलेजों और गांवों में जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए।

### उपभोक्ता आयोग के आदेश पर परिवादी को मिले 84,422 रुपये




**भदोही।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही के आदेश के अनुपालन में परिवादी विवेक गुप्ता को 84,422 रुपये का चेक प्रदान किया गया। आयोग द्वारा आदेश का समय पर पालन न करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के बाद विपक्षी फाइनेंस कंपनी ने आयोग में धनराशि जमा कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवेक गुप्ता पुत्र बब्बू गुप्ता, निवासी बड़ा डीह, ज्ञानपुर, जनपद भदोही ने वाद संख्या 23/2024 दिनांक 29 फरवरी 2024 को प्रबंधक टीवीएस शुक्ला मोटर्स प्रा. लि., एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड तथा टाटा एआईजी के विरुद्ध परिवाद दायर किया था। मामले की सुनवाई के उपरांत आयोग के अध्यक्ष श्री संजय कुमार डे एवं महिला सदस्य श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव ने दिनांक 26 फरवरी 2026 को निर्णय सुनाया। आयोग ने एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड (विपक्षी संख्या-2) के विरुद्ध परिवाद आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए परिवादी को 32,077 रुपये का भुगतान, उक्त राशि पर 1 फरवरी 2024 से निर्णय की तिथि तक 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज तथा 10,000 रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि यदि दो माह के भीतर आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो संपूर्ण देय धनराशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देय होगा। वहीं, टीवीएस शुक्ला मोटर्स प्रा. लि. एवं टाटा एआईजी के विरुद्ध परिवाद निरस्त कर दिया गया।

## डंडा लेकर तहसील पहुंची महिला, मचा हंगामा

**» चार माह से पैमाइश न होने पर फूटा गुस्सा, एसडीएम ने गठित की टीम; शुक्रवार को होगी मौके पर पैमाइश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ढाडी जोत गांव की निवासी पुष्पा देवी गुरुवार को हाथ में मोटा डंडा लेकर खजनी तहसील पहुंच गई और राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) को तलाशते हुए जमकर हंगामा किया। महिला का आरोप था कि सरकारी चकनाली की पैमाइश के लिए चार महीने से अधिकारियों के चक्कर काटने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे से तहसील परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में एसडीएम आनंद कुमार कटारिया के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

**सरकारी चकनाली पर कब्जे का आरोप**

पुष्पा देवी का कहना है कि उनके घर के सामने स्थित सरकारी चकनाली पर एक सेवानिवृत्त लेखपाल ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे उनके घर का रास्ता भी प्रभावित हो गया है। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल से वह राजस्व विभाग से पैमाइश कराने की मांग कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पैमाइश कराने के नाम पर उनसे रुपये लिए गए, फिर भी राजस्व निरीक्षक मौके पर नहीं पहुंचे।

**कई अधिकारियों से लगाई गुहार, नहीं मिला समाधान**

महिला के अनुसार, वह अपनी शिकायत लेकर मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, एसडीएम खजनी, थाना सिकरीगंज तथा समाधान दिवस में कई बार पहुंच चुकी हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से उनका धैर्य जवाब दे गया और वह गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे डंडा लेकर तहसील पहुंच गईं। वहां उन्होंने कानूनगो को खोजते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और कार्रवाई की मांग करने लगीं।

**तहसील कर्मचारियों में मचा हड़कंप**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला के आक्रोश को देखकर तहसील कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। संबंधित राजस्व निरीक्षक को कर्मचारियों ने सभागार कक्ष में सुरक्षित बैठा दिया। महिला लगातार कानूनगो को बुलाने और तत्काल पैमाइश कराने की मांग करती रहीं। शोर-शराबा सुनकर तहसील परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

**एसडीएम के निर्देश पर शुक्रवार को होगी पैमाइश**

सूचना मिलने पर एसडीएम खजनी आनंद कुमार कटारिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला की शिकायत गंभीरता से सुनी और उन्हें शांत कराया। एसडीएम ने नायब तहसीलदार सिकरीगंज जाकिर हुसैन, दूसरे राजस्व निरीक्षक तथा संबंधित लेखपाल की संयुक्त टीम गठित कर शुक्रवार, 17 जुलाई को मौके पर पहुंचकर सरकारी चकनाली की पैमाइश कराने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में यदि अवैध कब्जा या किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बिशुनापुर में गीता मेडिकल स्टोर एवं क्लिनिक का शुभारंभ






**क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खरगूपुर, गोंडा।** भारतीय स्टेट बैंक बिशुनापुर के समीप गीता मेडिकल स्टोर एवं क्लिनिक का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर के चिकित्सक डॉ. उमेश वर्मा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता समय की आवश्यकता है। नए क्लिनिक के खुलने से क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा।यह क्लिनिक छिटनापुर के ग्राम प्रधान सुखराम वर्मा के पुत्र डॉ. आशुतोष वर्मा (बीएएमएस) द्वारा स्थापित किया गया है। डॉ. आशुतोष वर्मा ने बेंगलुरु स्थित राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरजीयूएचएस) से बीएएमएस की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं किफायती चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीणों को सामान्य उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।उद्घाटन समारोह में ग्राम प्रधान सुखराम वर्मा, पिता पुत्तूलाल वर्मा, बेटा बिपिन वर्मा, अफसर अली (प्रधान), रामप्रीत यादव, रक्षाराम यादव, सिद्धनाथ तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्रा, मोहम्मद नवमांग, रामसवारी (कोटेदार), रविंद्र गुप्ता, मोहम्मद असजद, शिवनाथ तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, दुर्गा प्रसाद, रामकरण तिवारी, मुलायम, कौशल्या यादव, पिंटू सिंह, पप्पू, बृजपाल, पंडित राम उजागर वर्मा, प्रदीप कुमार (सचिव), रामभवन वर्मा, शीस मोहम्मद, चमन, भूलन सहित दो दर्जन से अधिक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने डॉ. आशुतोष वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि गीता मेडिकल स्टोर एवं क्लिनिक क्षेत्र के लोगों के लिए एक भरोसेमंद स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पीड़ित के खाते में 10000/- रु0 धनराशि को वापस कराया गया

**भदोही** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही व थानाध्यक्ष सुरियावां को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक अनुराग सिह ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही के साथ 55000/- रुपये आवेदक के एपीके फाइल डाउनलोड कर लिया गया था जिसके कारण आवेदक के 55000/- रुपये कट गया था जिसमे से आवेदक का 10000/- रुपये वार्ता क्रम से वापस करा दिया गाय है आवेदक के द्वारा आनलाईन साईबर शिकायत किया गया था । साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हु पीड़ित आवेदक अनुराग सिह ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही 10000/- रुपये की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित के खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

## लापरवाही के वजह से भागा बाल अपचारी, बड़ी कार्रवाई

**अभिरक्षा में तैनात दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित, पुलिस लाइन भेजे गए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जिला अस्पताल में बुधवार को रूटीन मेडिकल चेकअप के दौरान अभिरक्षा में लाया गया एक बाल अपचारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. कोस्तुभ ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए अभिरक्षा में तैनात दरोगा सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मामले के अनुसार, बाल अपचारी को बुधवार को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। इसी दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की लापरवाही का फायदा उठाकर वह मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और तत्काल उसकी तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गईं।

एसएसपी डॉ. कोस्तुभ ने पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिरक्षा ड्यूटी में तैनात उपनिरीक्षक (दरोगा) संजय पांडेय, मुख्य आरक्षी रामधारी यादव, आरक्षी राजेश कुमार और प्रेम नारायण वर्मा को निलंबित कर दिया। साथ ही सभी को पुलिस लाइन में संबद्ध करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि फरार बाल अपचारी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और अस्पताल परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही फरार बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्राथमिक विद्यालय से चोरी हुआ टुल्लू पंप बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**सहजनवा पुलिस की कार्रवाई, चोरी का सामान बरामद कर बढ़ाई गई धाराएं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** सहजनवा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया टुल्लू पंप बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मुकदमे में बरामदगी से संबंधित अतिरिक्त धारा भी बढ़ा दी है। पुलिस के अनुसार, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सहजनवा के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय थी। इसी दौरान थाना सहजनवा पर दर्ज मुकदमा संख्या 356/2026, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त गणेश उर्फ अनिल निषाद पुत्र जगदीश निषाद, निवासी हड़ही उर्फ कोडरी, थाना सहजनवा, को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी का एक अदद टुल्लू पंप बरामद हुआ।

पूछताछ में सामने आया कि 13 जुलाई 2026 को प्राथमिक विद्यालय हड़ही, विकास खंड पाली से अज्ञात चोर द्वारा टुल्लू पंप चोरी कर लिया गया था। विद्यालय की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर सहजनवा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। बरामदगी के बाद पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी कर दी है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक अतुल कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल अनुराग सिंह, कांस्टेबल संदीप निषाद तथा रिजर्व कांस्टेबल सुधांशु दीक्षित शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आजमगढ़ में झोलाछाप डॉक्टर के ऑपरेशन से महिला की मौत

**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के हरैया बाजार स्थित अवैध आर्य नंदिनी नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत के बाद बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। स्वजन ने झोलाछाप पर बिना अनुमति ऑपरेशन करने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए बलिया-लखनऊ मार्ग जाम कर दिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर करीब एक घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। मृतका की पहचान मऊ जिले के घोसी क्षेत्र निवासी 52 वर्षीय श्यामदुलारी के रूप में हुई। बेटे जयहिंद चौहान ने बताया कि मां को पिछले कुछ दिनों से पेट में दर्द था, वह अपनी मां को लेकर मुबारकपुर स्थित अबाड़ी गांव अपने बुआ जंगवती के घर आया था। बुआ सोमवार को अवैध आर्य नंदिनी नर्सिंग होम में आरोपित झोलाछाप गुलाबचंद चौहान को अपने आप को दिखाने गई थी, बुआ ने झोलाछाप से मां के बीमारी के बारे में भी जिक्र कर दिया। आरोपित ने कहा कि मंगलवार को दिखा देना, दवा से सही हो जाएगा।

## जनसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन होगा आवेदन

**सरोजनीनगर।** कृषि विभाग की कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत किसान 16 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक www.agriculture.up.gov.in पर कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग कर अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन किसान स्वयं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से कर सकेंगे। उप कृषि निदेशक विनय कुमार कौशल ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, फार्म मशीनरी बैंक तथा अन्य कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी से होगा। आवेदन के समय 2500 या 5000 रुपये की जमानत राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी, जो चयन न होने पर वापस कर दी जाएगी। किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार न कर समय से आवेदन करने की अपील की गई है। उक्त योजनाओं के अन्तर्गत जनपद में इच्छुक कृषकगण उपरोक्त यंत्रो की बुकिंग दिनांक 10 अगस्त 2026 को रात्रि 12 बजे से पूर्व ही ऑनलाइन कर सकते है।

## शुभम सिन्हा ने एसएससी जेई परीक्षा में AIR-10 हासिल कर बढ़ाया देवरिया का मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के गोसाई मंदिर रामगुलाम टोला निवासी शुभम सिन्हा ने कर्मचारी चयन आयोग की जूनियर इंजीनियर (सिविल) परीक्षा-2025 में ऑल इंडिया रैंक 10 प्राप्त कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर (सिविल) के पद पर हुआ है। शुभम, अजय सिन्हा और रीता सिन्हा के पुत्र हैं। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा प्रेस्टीज इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरिया से तथा वर्ष 2022 में गलगोटियास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। वर्ष 2024 की गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1109 हासिल करने के बाद उनका चयन दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति में ट्रेनी इंजीनियर के पद पर हुआ। नौकरी के साथ तैयारी जारी रखते हुए उन्होंने एसएससी जेई-2025 में देशभर में 10वीं रैंक प्राप्त की।

शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरु जस्पाल सर, डीपीसीसी के सहकर्मियों, वरिष्ठ अधिकारियों और मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और धैर्य सबसे जरूरी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र जीएनएम भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप

**भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल, मुख्यमंत्री को भेजा गया शिकायती पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद के मसकनवा स्थित साकेत ग्रामोद्योग प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मेडिकल कॉलेज में कराई जा रही जीएनएम भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। रघु बाबा समाज सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष रामसुरेश पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर भर्ती प्रक्रिया की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि जीएनएम भर्ती प्रक्रिया में सरकार की मंशा एवं निर्धारित मानकों के विपरीत कार्य किए जा रहे हैं। शिकायत के अनुसार, संस्था द्वारा कथित रूप से अभ्यर्थियों से सुविधा शुल्क लेकर भर्ती किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त संस्था द्वारा पूर्व में मेडिकल कॉलेज की अन्य भर्तियों में भी इसी प्रकार की अनियमितताएं की गई थीं। पत्र में कहा गया है कि दलालों के माध्यम से अभ्यर्थियों से संपर्क कर धनराशि तय कर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है तथा योग्य अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। शिकायती पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संस्था द्वारा जनपद स्तर पर कोई विधिवत कार्यालय स्थापित नहीं किया गया है तथा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से नहीं कराया जा रहा है, जो पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के विपरीत बताया गया है।

रघु बाबा समाज सेवा संस्थान ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संस्था द्वारा पूर्व में की गई तथा वर्तमान में चल रही सभी भर्तियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही निविदा प्राप्त करने के लिए लगाए गए दस्तावेजों, भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त शुल्क, जीएसटी जमा करने संबंधी अभिलेखों एवं अन्य वित्तीय लेनदेन की भी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। संस्था ने पूरे मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में शिकायत पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल, गोण्डा तथा जिलाधिकारी गोण्डा को भी भेजी गई है।

## बारानगर सरयू नहर कैनाल की पटरी धंसने से पक्का मार्ग कटा

**तहसीलदार ने मौके का किया निरीक्षण, नहर विभाग ने जेसीबी लगाकर शुरू कराया मरम्मत कार्य.....**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील मुख्यालय के बगल से गुजर रही बारानगर सरयू कैनाल की उत्तर पटरी पर बना पक्का मार्ग गुरुवार देर शाम अचानक धंस जाने से आवागमन बाधित हो गया। नहर की पटरी बैठ जाने के कारण सड़क का लगभग आठ फीट चौड़ा और करीब आठ फीट गहरा हिस्सा धंस गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कुछ ही देर बाद नहर विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। प्राप्त विवरण के अनुसार लगभग एक वर्ष पूर्व जनता की मांग पर विधायक निधि से नहर की उत्तर पटरी पर इस मार्ग का निर्माण कराया गया था। यह सड़क ग्राम सुअरज नहर पुल से गोला-कौड़ीराम मार्ग स्थित रानीपुर नहर पुल तक जाती है । इस मार्ग के बनने से क्षेत्र के लोगों को तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला, विकास खंड कार्यालय तथा अन्य सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने में काफी सुविधा हो गई थी। गुरुवार की देर शाम सुअरज नहर पुल से पश्चिम नहर सड़क मार्ग पर अचानक सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया, जिससे मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आवागमन रोकना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नहर की समय पर सफाई नहीं होने और पटरी में बने रैट होल की मरम्मत न किए जाने के कारण पटरी कमजोर हो गई, जिससे सड़क धंस गई। घटना की जानकारी मिलते ही नहर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए देर शाम जेसीबी मशीन लगाकर मार्ग को भरने और मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया, ताकि जल्द से जल्द आवागमन सामान्य किया जा सके।

## आजमगढ़ में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन ने की बाढ़ से बचाव की तैयारी

**आजमगढ़।** सगड़ी तहसील के उत्तर में देवारा में बहने वाली सरयू नदी के बाढ़ से बचाव के लिए जिला प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महुला-गढ़वाल बांध पर स्थित 10 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। बाढ़ के समय प्रभावित लोगों के लिए 14 आश्रय स्थल भी चिह्नित कर लिए गए हैं। उधर, बुधवार को गिरजा,शारदा व सरयू बैराज से 1,28,476 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, अभी जलस्तर मुख्य माप स्थल बदरहुआ नाला पर लाल निशान 71.68 मीटर से नीचे 69.80 मीटर पर दर्ज किया गया, लेकिन उल्टहवा व डिघिया नाला पर जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई। उल्टहवा माप स्थल पर न्यूनतम गेज 75.19 मीटर से ऊपर 75.40 मीटर और डिघिया नाला पर न्यूनतम गेज 68.90 मीटर से नीचे 68.60 मीटर पर जल स्तर रिकार्ड किया गया।

## बहू-बेटी सम्मेलन में महिला सुरक्षा का संकल्प

**गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** ख़जनी में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान तथा अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को खजनी तहसील सभागार में 'नारी शक्ति बहू-बेटी सम्मेलन' के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आनंद कुमार कटारिया ने की, जबकि संचालन एवं नेतृत्व थाना खजनी के अपराध निरीक्षक दीनानाथ सरोज ने किया। कार्यशाला का आयोजन गोरखपुर पुलिस एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पुलिस, बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित विभिन्न विभागों के कुल 26 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, बहुओं और बेटियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा कानूनों, सरकारी योजनाओं तथा महिला हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यशाला में प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए श्रीमती स्वेता पांडेय (स्वास्थ्य विभाग), प्रभा शर्मा (न्यू कॉन्सेप्ट) तथा उपनिरीक्षक प्रिया राव (पुलिस विभाग) ने महिलाओं की सुरक्षा, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

उपजिलाधिकारी आनंद कुमार कटारिया ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलेगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी महिला अपने अधिकारों से वंचित न रहे। अपराध निरीक्षक दीनानाथ सरोज ने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा का वातावरण तैयार करना भी उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचाने और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का तत्काल उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की मजबूत नींव तैयार कर महिलाओं को आत्मविश्वासी, सुरक्षित और अधिकारों के प्रति सजग बनाना रहा।

## आजमगढ़ : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, दो अन्य हुए घायल

आजमगढ़। तहबरपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात दो कारों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सभी मऊ जिले के निवासी हैं और एक बीमार युवक को लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराकर वापस लौट रहे थे। मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव निवासी 26 वर्षीय मनीष यादव, चक भदसा गांव निवासी 40 वर्षीय अजीत गोस्वामी, मानस गिरी और अवनीश गिरी बुधवार को अपने रिश्तेदार सौरभ गोस्वामी को इलाज के लिए लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराने गए थे। रात करीब साढ़े 11 बजे सभी कार से घर लौट रहे थे।

**अनियंत्रित होकर लहराने लगी कार**

तहबरपुर थाना क्षेत्र के करिवायर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर-219 पर उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर लहराने लगी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरी कार ने उसमें टक्कर मार दी। हादसे में मनीष यादव और अजीत गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मानस गिरी और अवनीश गिरी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा और पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मनीष तीन भाइयों में सबसे छोटे थे, जबकि अजीत दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त खबरें

### अपूर्ण और काग़ज़ों पर काम दिखा सरकारी धन की लूट के आरोप

**लखीमपुर खीरी-** जनपद के विकास खंड बेहजम की ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग में कराए गए विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाये है। आरोप है कि स्ट्रीट लाइट, होम पाइप, सोक पिट निर्माण तथा नल रीबोर जैसे कार्यों में लाखों रुपये का घोटाला किया गया है। नल मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों का बजट निकाला गया और कई नल आज भी बदहाली की दास्ताँ ब्यान कर रहे हैं !ग्रामीणों के मुताबिक कई कार्य या तो अधूरे हैं या फिर केवल कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया।उक्त आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकती है।

### निघासन के प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील में कीड़े मिलने का आरोप, जांच की मांग

**लखीमपुर खीरी।** निघासन ब्लॉक की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के गांव फरदहिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि बच्चों को परोसे गए भोजन में कीड़े मिले, जिसके बाद छात्रों ने इसके बारे घर बताया, जिसका वीडियो बनाकर परिजनों और स्थानीय लोगों को दिखाया।वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराज़गी फैल गई। परिजनों का कहना है कि विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई है, जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा विद्यालय के बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### कोढ़ैय्या व कैमासुर के पास तेंदुआ दिखने की सूचना, ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग अलर्ट

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोढ़ैय्या एवं कैमासुर के आसपास तेंदुआ होने की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र का निरीक्षण शुरू कर दिया। टीम द्वारा मिले पैरों के निशानों के फोटो लेकर उनका मिलान किया जा रहा है, ताकि वन्यजीव की मौजूदगी की पुष्टि की जा सके। ग्रामीणों के अनुसार, एक गन्ने के खेत के अंदर एक कुत्ता मृत अवस्था में मिला, जिसके शरीर के कुछ हिस्से खाए हुए थे। प्रारंभिक तौर पर ग्रामीण इसे किसी हिंसक वन्यजीव के हमले से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि वन विभाग द्वारा अभी नहीं की गई है। यदि यह घटना तेंदुए या किसी अन्य हिंसक वन्यजीव से जुड़ी पाई जाती है, तो क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता होगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट न हो जाए, तब तक खेतों में अकेले न जाएं।

### कोटेदार की दबंगई, राशन वितरण में बड़ा घोटाला

**लखीमपुर खीरी-** जहां योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना को पलीता लगाया जा रहा है। मामला ब्लॉक नकहा के ग्राम पंचायत पटना का है। यहां के कोटेदार कमलेश कुमार पर राशन वितरण में भारी धांधली और तानाशाही के गंभीर आरोप लगे हैं। 'ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि कोटेदार कमलेश कुमार ने उनसे तीन-तीन महीने के अंगूठे तो ई-पॉस मशीन पर लगवा लिए हैं, लेकिन राशन का एक दाना तक नसीब नहीं हुआ है। हद तो तब हो गई जब कोटेदार ने अपनी तय चौहद्दी (निर्धारित दुकान) की जगह, पड़ोस के गांव गुलरी पुरवा में प्रमोद गौतम के घर पर अवैध रूप से राशन बांटना शुरू कर दिया।' बड़ा सवाल यह है कि जब इस पूरे मामले की शिकायत सप्लाई इंस्पेक्टर से की गई, तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय साफ कह दिया कि कोई कार्रवाई नहीं हो पाएगी, तुमको जो करना हो कर लो।

# ईओ के खिलाफ सभासदों का धरना

## पालिका कार्यालय में जड़ा ताला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





सभासदों के धरना प्रदर्शन पर अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव का कहना है कि नगर पालिका का बजट अभी पास नहीं हुआ है, जिसके कारण विकास कार्य और समस्याओं का समाधान कार्य प्रभावित हो रहा है। सभासदों द्वारा असंयमित भाषा शैली सहित अन्य जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह सब झूठे और मनगढंत हैं। पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला डाल देने सहित मामले की पूरी सूचना उन्होंने एसडीएम को दे दी है।

पूरे मामले में एसडीएम हेमंत पटेल का कहना है कि अधिशासी अधिकारी ने दूरभाष द्वारा उन्हें कुछ सभासदों द्वारा धरना दिए जाने और पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला डालने से अवगत कराया था। उन्होंने स्थानीय पुलिस सहित प्रशासन के उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी है।

**कोंच(जालौन)-** गुरुवार की दोपहर नगर पालिका परिषद कार्यालय में उस समय हंगामे के साथ माहौल गरम हो गया, जब कुछ सभासद और सभासद प्रतिनिधि अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर नगर की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने/रुचि न दिखाने और असंयमित भाषा शैली का आरोप लगाते हुए पालिका कार्यालय के पोर्च में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। नाराज सभासदों ने अपना गुस्सा फोड़ते हुए अधिशासी अधिकारी के खिलाफ खूब नारेबाजी की। इसी दरम्यान किसी ने पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर बाहर से ताला भी जड़ दिया जिससे पालिका कर्मियों से लेकर नागरिकों का कार्यालय में आना-जाना बंद हो गया। कुछ देर बाद जब ताला खुला तब कहीं जाकर आना-जाना शुरू हो सका। समाचार लिखे जाने तक सभासदों का धरना जारी था। अधिशासी अधिकारी द्वारा मामले की जानकारी फिलहाल प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है। सूचना पर कोतवाली से पुलिस भी पालिका कार्यालय पहुंच गई थी। पूरे घटनाक्रम को लेकर बताया जा रहा है कि गुरुवार को गांधीनगर इलाके के सभासद महेंद्र कुशवाहा अपने वॉर्ड की कुछ समस्याओं को लेकर पालिका कार्यालय स्थित अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के कक्ष में गए हुए थे। महेंद्र के अनुसार, अधिशासी अधिकारी ने उनके वार्ड की समस्याओं के समाधान को लेकर संतोषजनक बात तक नहीं की और उनकी भाषा शैली भी अच्छी नहीं रही। वहीं महेंद्र ने कक्ष से बाहर आते ही इसकी सूचना साथी सभासदों को दी जिसके बाद सभासद अमित यादव, मनोज मोर, रघुवीर कुशवाहा, आजादुद्दीन, शादाब अंसारी, सहित सभासद प्रतिनिधि लकी दुबे, गौरव तिवारी, शकील आदि भी कार्यालय पहुंच गए और फिर सभी पालिका कार्यालय के पोर्च में नीचे जमीन पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे सभासदों ने नगर में लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों, उफनाते सीवर चैंबर, बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव, खराब पड़े हैंडपंप, व्याप्त गंदगी, आम रास्तों के गड्ढों को न भरे जाने जैसी समस्याओं के निराकरण के नाम पर लापरवाही बरतने और निर्माण कार्यों में धांधली बरतने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए अधिशासी अधिकारी के खिलाफ खूब नारे लगाए।

उक्त सभासदों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है जिससे नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है और नागरिकों में गहरी नाराजगी बनी हुई है। सभासदों ने अधिशासी अधिकारी पर कई मर्तबा धमकाने के अंदाज में बात करने का भी आरोप लगाया है। सभासदों ने कहा कि कार्यवाही न होने तक उनका धरना अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा।

# गला रेतकर युवक की हत्या

## परिवारजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीगांव में उसी गांव के निवासी कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाते ही थाना पुलिस व पुलिस के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि दिनांक 16.07.2026 को प्रातः लगभग 05:30 बजे थाना महाराजपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हाथी गांव निवासी हरिमोहन यादव का शव उनके खेत के बाहर स्थित ट्यूबवेल के पास पड़ा है। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक निरीक्षण में मृतक के गले पर धारदार हथियार से वार किए जाने वाला गंभीर घाव प्रतीत होता है। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि मृतक के परिजनों से वार्ता की गई है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर में ग्राम के ही निवासी मुलायम सिंह यादव, अर्जुन एवं श्याम पर हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है। तहरीर के आधार पर थाना महाराजपुर में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण की सभी पहलुओं से गहन जांच की जा रही है। परिजनों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ कर साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। घटना के कारण एवं अन्य तथ्यों का शीघ्र ही स्पष्ट खुलासा किया जाएगा। मामले में विधिक प्रक्रिया के अनुसार अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# युवाओं की प्रतिभा को मिलेगा नया मंच

## 'माई भारत पोर्टल' पर अधिकतम पंजीकरण कराने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में माई भारत जिला सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के युवाओं में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को पहचानकर उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराना तथा उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप विकास सुनिश्चित करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाकर प्रभावी ढंग से कार्य किया जाए। उन्होंने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों, इंटर कॉलेजों (सरकारी एवं निजी) तथा मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का 'माई भारत पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद फ़िरोज़ाबाद को देश के उन अग्रणी जिलों में शामिल करना लक्ष्य है, जहां सबसे अधिक युवा माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत हों। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को सामाजिक गतिविधियों, कौशल विकास कार्यक्रमों, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका व्यक्तित्व विकास होगा और वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने जिला सलाहकार समिति के माध्यम से जनपद के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की। साथ ही निर्देश दिए कि युवाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा निजी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा, 'युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली कुंजी है। यदि युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा और अवसर प्रदान किए जाएं तो समाज और राष्ट्र की दिशा बदल सकती है।' बैठक में जिला युवा अधिकारी राम गोपाल सिंह चौहान ने जानकारी दी कि जनपद में यूथ क्लब डेवलपमेंट अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में यूथ क्लब विकसित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और सपनों को साकार करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिर पर रॉड मारकर की हत्या, एक गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना बाबूपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे कालोनी के समीप एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने पहुंचकर जब जांच की तो पता चला कि किसी ने सिर पर लोहे की राड मारकर हत्या की है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त साऊथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि दिनांक 16.07.2026 को प्रातः लगभग 10:00 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बाबूपुरवा क्षेत्र के टीपी नगर स्थित रेलवे कॉलोनी के समीप रेलवे यार्ड में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फोरेंसिक टीम द्वारा भी साक्ष्य संकलित किए गए। प्रारंभिक जांच में प्रकाश में आया है कि अरुण गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा साहिल के सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर उसकी हत्या की गई। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। घटना के मुख्य अभियुक्त अरुण गुप्ता को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है तथा समस्त साक्ष्यों के संकलन के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अन्नपूर्णा मुहिम बनी बेसहारा परिवार का सहारा

## जरूरतमंद परिवार को मिली दूसरी बार राहत सामग्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** जिले की नवाबगंज तहसील ब्लॉक भदपुरा के गांव बबूरा में रहने वाले एक जरूरतमंद परिवार के लिए संत रामपाल जी महाराज कि अन्नपूर्णा मुहिम उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। आर्थिक तंगी और पारिवारिक संकटों से जूझ रहे इस परिवार को दूसरी बार राशन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। 13 वर्षीय संगीता कुमारी अपने भाई के साथ अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही हैं। कई वर्ष पूर्व पिताजी का निधन हो चुका है। 3 वर्ष पूर्व माताजी का भी निधन हो जाने के बाद घर की जिम्मेदारी संगीता कुमारी पर आ गई। संगीता कुमारी छोटा-मोटा कार्य करके परिवार का पालन पोषण करती हैं। कुल मासिक आय लगभग 800 के आसपास है। कोई भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी दौरान संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के तहत परिवार को पहली बार राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। सहायता मिलने के बाद परिवार की स्थिति में कुछ सुधार हुआ समय पर भोजन आवश्यक वस्तुएं मिलने लगी। हाल ही में परिवार को दूसरी बार एवं सामग्री उपलब्ध करवाई गई राहत सामग्री में 15 किलो आटा 5 किलो चावल 2.5 किलो प्याज 2.5 किलो आलू 2 किलो चीनी विभिन्न प्रकार की दालें , काले चने, सूखा दूध, अचार, सरसों तेल, साबुन, नमक ,चाय पत्ती तथा मसाले शामिल हैं। संगीता कुमारी ने बताया पहली बार मिली राशन सामग्री से परिवार को काफी राहत मिली और अब दूसरी बार सहायता मिलने से स्थिति में सुधार आ जाएगा। अन्नपूर्णा मुहिम से जुड़े सेवादारों ने बताया जरूरतमंद परिवारों की पहचान के लिए के लिए विशेष सर्वे टीम कार्य करतीहै। पात्र परिवार को राशन कार्डनुमा सहायता कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। जिसके माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर संपर्क कर सकते हैं। परिवार के स्वावलंबी होने तक नियमित सेवा उपलब्ध कराने का का प्रयास किया जाता है। स्थानीय लोगों और पड़ोसियों ने इस पहल की सराहना की। उनका कहना इस प्रकार की सहायता समाज के कमजोर वर्गों के लिए संबल का कार्य कर रही है। कई लोगों ने इसे मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने कि इस व्यवस्था की प्रशंसा की। गौरतलब है कि अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत जरूरतमंद और असहाय परिवार को निशुल्क खाद्य सामग्री, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है जिससे वे सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सके।

# सड़ामई विद्यालय व ग्राम पंचायत में कल्याणकारी योजनाओं का महाअभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विकास खंड फिरोजाबाद के ग्राम सड़ामई स्थित संविलियन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 8) एवं ग्राम पंचायत परिसर में महिला कल्याण विभाग के जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW) तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) के संयुक्त तत्वावधान में विधिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा, विधिक अधिकारों तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने 'रेड टेप मूवमेंट' के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संकल्प लिया। साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई तथा जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि ये योजनाएं बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर निःशुल्क विधिक सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सीय सुविधा, अस्थायी आश्रय एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने महिलाओं से आवश्यकता पड़ने पर महिला हेल्पलाइन 181 का उपयोग करने की अपील की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) के पैरा लीगल वॉलंटियर प्रवीण कुमार शर्मा ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए कहा कि पात्र व्यक्तियों को बिना किसी शुल्क के कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने लोगों से दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक एवं बैंक ऋण से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से लोक अदालत में निस्तारण कराने की अपील की। महिला कल्याण विभाग की डीएचईडब्ल्यू स्टाफ अकाउंट असिस्टेंट मोहिनी शर्मा ने महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) तथा 112 (पुलिस इमरजेंसी) पर किसी भी समय सहायता प्राप्त की जा सकती है तथा शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता अग्रवाल ने शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं को दर्ज किया गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रविकांत शर्मा, सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर शिक्षा, सतीश, मुजफ्फर उल्ला खां, जितेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, मोहम्मद काशिफ, पूजा गुप्ता, मनीषा राठौर, सुरेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, कु. श्रुति, राकेश देवी, अंजली, राधा रानी, इंद्रवती, मनोरमा, वेद प्रकाश अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने साइबर अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अश्लील वीडियो प्रकरण में फंसाने तथा पुलिस अधिकारी बनकर धमकाने के माध्यम से लोगों से धनराशि की ठगी करते थे। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर बज्र आप्रेशन के तहत कार्रवाई चल रही है इसी के तहत संचेडी गांव के चार गांवों में आप्रेशन चलाया गया है। कार्यवाही के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 29 मोबाइल फोन, 3 कारें तथा अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। जांच में 48 IMEI एवं 68 मोबाइल नंबर सक्रिय पाए गए हैं। साथ ही NCRP पोर्टल पर दर्ज 189 साइबर शिकायतों में 60 शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर इस गिरोह से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों के नागरिकों को इस गिरोह द्वारा ठगी का शिकार बनाया जाना प्रकाश में आया है। अब तक लगभग 2 करोड़ की साइबर ठगी का अनुमान है। अभियुक्त बैंक खातों एवं UPI के माध्यम से धनराशि प्राप्त करते थे। जांच के दौरान व्हाट्सएप चैट, कॉल रिकॉर्ड एवं अन्य डिजिटल साक्ष्य भी बरामद हुए हैं। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि अभी इनके 20 साथी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही करते हुए इन्होंने इस क्राइम से धनराशि बनाकर जो प्रोपर्टी बनाई है उसको सीज करने की कार्यवाही की जाएगी।

### ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही, तीन मार्गों पर 340 वाहनों के चालान



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है =। आज दिनांक 16.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 59 ट्रक, 09 बस, 99 चार पहिया/ दो पहिया 167 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया।

# मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों के सम्भाजन के उपरांत समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के सम्भाजन के उपरांत मतदेय स्थलों को अंतिम रूप दिए जाने के सम्बन्ध में एवं प्राप्त आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी उपजिलाधिकारी, निर्वाचन विभाग के अधिकारी और सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदेय स्थलों का गठन और सम्भाजन बेहद संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मतदेय स्थलों या केंद्रों पर पूर्व में आपत्तियां प्राप्त हुई थीं या जिन्हें अधिकारियों द्वारा 'नॉट रिकमेंडेड' किया गया था, उन सभी मामलों को संबंधित उपजिलाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर व्यक्तिगत रूप से देखेंगे। जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में हिदायत दी कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर त्रुटि स्वीकार्य नहीं की जाएगी। मतदान केंद्रों की दूरी या मतदाताओं की संख्या को लेकर कोई भी भ्रामक रिपोर्ट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली जांच आख्या शत-प्रतिशत सही और धरातलीय तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। बैठक में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन भी बूथों या केंद्रों को लेकर राजनीतिक दलों अथवा जनप्रतिनिधियों की आपत्तियां या सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन सभी का निस्तारण करते हुए कल (17 जुलाई) शाम 5 बजे तक अपनी विस्तृत और अंतिम आख्या अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराएं।

उन्होंने कहा कि 18 तारीख को इसका प्रकाशन किया जाना है, जिससे पूर्व सभी प्रकार की विसंगतियों को दूर कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जहाँ भौगोलिक बाधाएं हैं, वहाँ नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की संख्या बढ़ने पर पोलिंग सेंटर और पोलिंग स्टेशन दोनों में वृद्धि होती है, जिसके कारण वाहन व्यवस्था, मजिस्ट्रेटों की तैनाती और सीआरपीएफ की सुरक्षा व्यवस्था जैसी तमाम व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं। अतः सभी अधिकारी आयोग की गाइडलाइंस के दायरे में रहकर ही पूरी पारदर्शिता के साथ रिपोर्ट तैयार करें ताकि मतदाताओं को मतदान के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि डा0 विजय आर्य, जसराना विधायक प्रतिनिधि विपिन यादव, शिकोहाबाद विधायक प्रतिनिधि सुनील यादव सीटू, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट बसपा योगेन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा शैलेंद्र सिंह, टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर प्रतिनिधि लोकेश जादौन, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ आप अमित गणेश, जिलाध्यक्ष महिला विंग आप पूनम, सीपीआईएम भूरी सिंह यादव एवं अपर जिलाधिकारी वि0रा0 कल्पना जयसवाल सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# पुलिस जैसी ड्यूटी, लेकिन सुविधाएं नहीं, होम गार्ड जवानों का छलका दर्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर के सर्किट हाउस में गुरुवार की दोपहर एक बजे आयोजित मंडलीय होमगार्ड बैठक में जवानों की वर्षो पुरानी समस्याएं खुलकर सामने आई, जवानों ने डीजी होमगार्ड धुव कांत ठाकुर के सामने भविष्य निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित कई मांगों को उठाया, बैठक का उद्देश्य होमगार्डो की समस्याएंओ को सुनकर उनके समाधान की दिशा में कदम उठाना था,, बैठक के दौरान होमगार्ड जवानों ने बताया कि वे कानून व्यवस्था, चुनाव, वीआइपी डियुटी, त्योहारों,और आपदा जैसी परिस्थितियों में पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं,, इसके बावजूद उन्हें पुलिस जैसी सुविधाएं और लाभ नहीं मिलते, उन्होंने कहा कि समान जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद उनके हितों की लंबे समय से अनदेखी हो रही है,, होमगार्डो ने सेवानिवृत्त के बाद आर्थिक सुरक्षा को लेकर सबसे बड़ी चिंता जताई, उन्होंने डीजी होमगार्ड धुव कुमार ठाकुर के सामने कहा कि पूरी सेवा इमानदारी से निभाने के बाद सेवानिवृत्त के समय उनके हाथ खाली रह जातें हैं,, गंभीर बीमारी की स्थिति में उन्हें निजी खर्चो से खर्च उठाना पड़ता है, जवानों ने मांग की स्वास्थ्य योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखकर प्रभावी तरीके से लागू कराया जाए,, बैठक में डीआईजी प्रमोद कुमार पाल, कानपुर मंडलीय कमांडेंट अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी चंद्र मोहन मिश्र, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कानपुर होमगार्ड कमांडेंट निधि शर्मा ने कहा कि सामने आई सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया गया है, समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

### दरोगा भर्ती में आशुतोष तिवारी की चौथी रैंक



**लखीमपुर खीरी-** ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के सक्रिय सदस्य श्री राकेश मोहन तिवारी निवासी ग्राम रमियाबहेड जी के बेटे आशुतोष तिवारी ने प्रदेश के चौथी रैंक के साथ सफलता हासिल की है आशुतोष तिवारी के पिता राकेश मोहन तिवारी और मां रेखा तिवारी शिक्षामित्र हैं बेटे के दरोगा भर्ती में सफलता मिलने पर शुभचिंतक रिश्तेदार और मित्रों ने बधाईयाँ दी, आशुतोष तिवारी के बाबा स्व. रामभक्त तिवारी भी बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक थे !

## संक्षिप्त खबरें

### चार्जर की केबल से पत्नी की गला घोंटकर हत्या, पति गिरफ्तार

**भदोही।** सुरियावां पुलिस और स्वाट टीम ने पत्नी की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के मामले में वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मोबाइल चार्जर की केबल और मृतका का क्षतिग्रस्त मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 13 जुलाई को संजय नगर बाजार, दशवतपुर स्थित किराए के मकान में आरती उर्फ शिवानी की हत्या कर दी गई थी। मृतका के परिजनों ने पति रत्नेश कुमार पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में सुरियावां पुलिस और स्वाट टीम ने मतेथू तिराहे के पास से आरोपी रत्नेश कुमार (25) पुत्र कृष्णचंद, निवासी वार्ड नंबर-1, हंडिया (प्रयागराज) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पत्नी के आर्केस्ट्रा में काम करने, उसके चरित्र पर शक और घरेलू विवाद के चलते उसने मोबाइल चार्जर की केबल से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद वह पत्नी का मोबाइल फ्लाइट मोड पर डालकर स्कॉर्पियो से फरार हो गया और रास्ते में मोबाइल तोड़कर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चार्जर की केबल तथा मृतका का क्षतिग्रस्त मोबाइल बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### 25 हजार का इनामिया मोनू साहनी गिरफ्तार,भेजा गया जेल



**चुनार, मीरजापुर।** चुनार पुलिस ने बुधवार को 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह गिरफ्तारी की गई। प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र का वांछित अभियुक्त भरपुर तिराहे के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शाम करीब 6:30 बजे अभियुक्त मोनू साहनी उर्फ राधेश्याम पुत्र रामनरेश निवासी रैपुरिया को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त थाना चुनार में पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2026 में वांछित था। उस पर हत्या, मारपीट व सीएलए एक्ट सहित कई गंभीर धाराएं लगी हैं। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे जेल भेज दिया।गिरफ्तारी टीम में प्र0नि0 विजय शंकर सिंह के साथ का0 मंजेश सिंह व का0 भानु प्रताप सिंह शामिल रहे।

### दुद्धी पुलिस को मिली सफलता, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**दुद्धी/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर माली के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के दो अभियोगों में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-139/2026 धारा 331(4), 305( ) बीएनएस तथा मु0अ0सं0-200/2026 धारा 331(4), 305( ), 317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सुनील कुमार भारती पुत्र चिन्तामणि भारती, निवासी वार्ड नं0-04, कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 29 वर्ष को दिनांक 16.07.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर स्टेशन रोड स्थित पत्ता गोदाम के पास से समय लगभग 00:11 बजे गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के पास से एक गैस सिलेण्डर, एक गैस चूल्हा, एक परात, एक कढ़ाई, एक भगौना, एक ढक्कन, एक फ्राईपैन, प्लेट, करछुल, पौना एवं अन्य घरेलू सामान, ?1,000/- नगद बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए दिनांक 16.07.2026 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिकेश राम आजाद, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, हेड कांस्टेबल शेर बहादुर यादव, आरक्षी राजकुमार, आरक्षी हरिशंकर शामिल रहे।

# आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर डीएम सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत आख्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के फीडबैक में शत-प्रतिशत असंतुष्टि मिलने तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही श्रेणी 'सी' के 11 लंबित संदर्भों, उच्च न्यायालय के रिट प्रकरणों तथा अवमानना वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करें तथा निरीक्षण के दौरान फोटो और दो गवाहों के हस्ताक्षर भी कराएं। उन्होंने अधिक शिकायत वाले गांवों पर विशेष ध्यान देने, असंतुष्ट फीडबैक समाप्त करने और किसी भी प्रकरण को डिफाल्टर श्रेणी में न जाने देने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ईडीएम आशुतोष श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि जिन विभागों में आईजीआरएस के डिफाल्टर प्रकरण हैं, उनसे तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, एआरटीओ राम सिंह वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट ग्राम प्रधानों को मिलेगा 'पंचायत रत्न' सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/भदोही** ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन ने देशभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के लिए प्रतिष्ठित 'पंचायत रत्न' सम्मान शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत प्रत्येक वर्ष विभिन्न राज्यों से चयनित देश के शीर्ष 10 ग्राम प्रधानों को उत्कृष्ट नेतृत्व, पारदर्शी प्रशासन, नवाचार, जनभागीदारी और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने कहा कि 'पंचायत रत्न केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उन जनप्रतिनिधियों के प्रति राष्ट्र का सम्मान है जिन्होंने अपने गांवों को विकास, सुशासन, स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल नवाचार और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है।' उन्होंने बताया कि सम्मान के लिए नामांकन, चयन प्रक्रिया और समारोह की तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ग्राम सभा महजूदा के प्रधान राजमणि पांडेय ने कहा कि 'यह सम्मान ग्राम प्रधानों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और नवाचार की भावना को बढ़ावा देगा। देशभर में अनेक प्रधान सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाना संगठन का उद्देश्य है। इससे पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास के नए मानक स्थापित होंगे।

'वहीं, प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव ने कहा कि ''पंचायत रत्न'' सम्मान पंचायत प्रतिनिधियों के मनोबल को नई ऊर्जा देगा। यह पहल ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी, सुशासन और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करेगी। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के योग्य ग्राम प्रधान इस सम्मान के लिए प्रेरित होंगे और गांवों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।'

## आकाशी बिजली के चपेट में तीन ट्रांसफार्मर



**मीरजापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को विद्युत सब स्टेशन अहरौरा डीह से संचालित होने वाले ग्रामीण क्षेत्रो के तीन ट्रांसफार्मर 25 के वी घाटमपुर, 10 के वी छुतियार व 25 के वी अहरौरा बाँध आकाशीय बिजली के चपेट में आने से जल गया जिससे ग्रामीण क्षेत्रो की विद्युत सप्लाई ठप हो गया है ग्रामीणो ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया है जिससे कृषि कार्य हेतु प्रभावित हो रहा है अवर अभियंता पंचधारी सिंह ने बताया कि आज दिन बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली के चपेट में आने से तीन ट्रांसफार्मर जल गया है जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दिया जा चुका है जैसे ही ट्रांसफार्मर आता है तत्काल लगवाने का कार्य किया जाएगा।

# डीएमएफ बैठक में विकास की बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

### ओबरा में खनन प्रशिक्षण विद्यालय की होगी स्थापना/ग्रामीण युवाओं के लिए आधुनिक मिनी स्टेडियम के निर्माण को भी दी गई स्वीकृति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक में खनिज प्रभावित क्षेत्रों के समग्र एवं सतत विकास के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी, बैठक में सांसद छोटेलाल खरवार, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वगीश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, ज्येष्ठ खान अधिकारी कमल कश्यप सहित जनप्रतिनिधिगणों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सड़क, सिंचाई, जल निकासी, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास तथा पशु संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास का व्यापक खाका तैयार किया गया। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्ययोजना को मंजूरी देते हुए चिकित्सालयों एवं राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। वहीं परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में नए भवन, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशालाएं, शौचालय, चहारदीवारी एवं अनुरक्षण कार्य कराए जाएंगे।

ओबरा में खनन प्रशिक्षण विद्यालय की स्थापना तथा ग्रामीण युवाओं के लिए आधुनिक मिनी स्टेडियम के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और खेल प्रतिभाओं को नई पहचान मिलेगी। बैठक में ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया और संपर्क मार्गों के निर्माण, नगर क्षेत्रों में वैज्ञानिक ड्रेनेज प्रणाली विकसित कर जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान, किसानों के लिए चेकडैम निर्माण, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ऑयलसीड प्रसंस्करण इकाई की स्थापना तथा बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए बृहद गोसंरक्षण केंद्र विकसित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंगलेश्वर महादेव मार्ग एवं सलखन फॉसिल पार्क तक बेहतर संपर्क मार्ग विकसित करने और व्यापक वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण को भी नई गति देने की कार्ययोजना को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन न्यास से शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार, कृषि, पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देते हुए सोनभद्र के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला रखी गयी है।

## डीएम के निर्देश पर सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण

### डीएपी उर्वरक वितरण में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई,समितियों के सचिवों का वेतन रोका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर जनपद में डीएपी, यूरिया उर्वरक वितरण को लेकर प्राप्त शिकायतों के दृष्टिगत बुधवार को समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, अपर जिलाधिकारी/ उपजिलाधिकारी द्वारा सहकारी समितियों का व्यापक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर समितियों पर उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रामगढ़ बी0पैक्स कोन में वितरण में अनियमितता पाये जाने पर सचिव के वेतन भुगतान पर रोक लगायी गयी।बताते कि पूर्व में भी रामगढ़ ( कोन) सचिव के उपर अनियमितता और ओवररेटिंग के आरोप लगे थे जो सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गया। इसी प्रकार से अरौली बी0 पैक्स, म्योरपुर बी पैक्स, चोपन बी पैक्स, कुरहर बी पैक्स, सहकारी समितियां बंद पाई गई, जहां किसानों को डीएपी उर्वरक का वितरण नहीं किया जा रहा था। इस लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित छह समितियों के सचिवों के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि किसानों को डीएपी उर्वरक का वितरण पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अन्य समितियों पर किसानों को खाद वितरित करते हुए पाया गया। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनियमितता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित रूप से सहकारी समितियों का निरीक्षण करने तथा किसानों को बिना किसी असुविधा के समयबद्ध रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि खरीफ सीजन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## चकबंदी प्रभावित किसानों को राहत, प्रमाणित खतौनी पर मिलेगा उर्वरक

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त किसान बंधुओं से अपील की है कि शासन के निर्देशानुसार माह मई 2026 से उर्वरक वितरण, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली खरीद तथा कृषि विभाग की समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं में किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) एवं फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन राजस्व ग्रामों में चकबंदी अथवा सर्वे कार्य के कारण किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है, वहां सहकारी समिति के सदस्य किसान संबंधित लेखपाल से प्रमाणित खतौनी एवं आधार कार्ड के साथ निकटतम सहकारी समिति अथवा उर्वरक बिक्री केंद्र से निर्धारित मानक (प्रति हेक्टेयर 5 बैग डीएपी एवं 7 बैग यूरिया) के अनुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। जिन किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है लेकिन उसमें अंश निर्धारण नहीं हुआ है, वे भी प्रमाणित खतौनी, फार्मर आईडी एवं आधार कार्ड प्रस्तुत कर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है और वे सहकारी समिति के सदस्य भी नहीं हैं, वे शासन के निर्देशानुसार निजी क्षेत्र के अधिकृत उर्वरक बिक्री केंद्रों से नियमानुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी किसानों से समय रहते आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## दुहिया निवासी आशीष मिश्रा बने दरोगा,परिजनों में खुशी की लहर

**जंगीगंज।** डीघ ब्लॉक के दानीपट्टी (दुहिया) निवासी इन्द्रेश मिश्रा के बड़े पुत्र आशीष कुमार मिश्रा का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (दरोगा) पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। आशीष कुमार मिश्रा ने अपनी इंटरमीडिएट की शिक्षा नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज, सेमराध से प्राप्त की। वर्ष 2021 में उनका चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर हुआ था। नौकरी के साथ-साथ उन्होंने अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी तथा कड़ी मेहनत और लगन के दम पर अब उप निरीक्षक (दरोगा) पद पर सफलता हासिल की है। आशीष के परिवार में एक भाई और एक बहन हैं। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों और मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।

### जेल वार्डर अंकुर पटेल बने उप निरीक्षक, जिला कारागार में किया गया सम्मानित



**भदोही।** जिला कारागार ज्ञानपुर-भदोही में तैनात जेल वार्डर अंकुर पटेल का चयन उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस में उप निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) पद पर होने पर जिला कारागार परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कारागार अधीक्षक अभिषेक कुमार सिंह ने अंकुर पटेल को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणादायी है और मेहनत व लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर जेल चिकित्सक डॉ. पृथ्वीराज, डिप्टी जेलर अनीता सक्सेना, शिक्षाधिकारी संजय कुमार राय सहित जिला कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में सभी ने अंकुर पटेल को बधाई देते हुए उनके सफल भविष्य की कामना की।

## तालाब में मिले शव की गुत्थी सुलझी, दो हत्यारोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के सदैपुर निवासी धीरज शुक्ला उर्फ बब्बू हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, तालाब में जहर डालकर मछलियां मारने की पुरानी घटना के शक में दोनों आरोपियों ने धीरज की हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वाट टीम और सुरियावां पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर घटना का खुलासा किया। पुलिस ने कलिंजरा मोड़, मतेथू स्थित कुसुमांजली आईटीआई कॉलेज के पास से दानूपुर पूरब पट्टी निवासी सभाजीत बिन्द (20) और सुरेन्द्र बिन्द (44) को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई की शाम धीरज शुक्ला अपने एक साथी के साथ बेलवरिया तालाब के किनारे शराब पी रहे थे। तालाब की देखरेख करने वाले आरोपियों को संदेह था कि कुछ माह पहले तालाब में जहर डालकर मछलियां मारने की घटना में यही लोग शामिल थे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद सभाजीत ने बल्ली से धीरज के सिर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद दोनों आरोपियों ने शव को डोलहरिया तालाब में फेंक दिया और खून साफ कर घटना में प्रयुक्त बल्ली छिपा दी। 9 जुलाई को तालाब से शव बरामद हुआ था। मृतक की पत्नी संगीता शुक्ला की तहरीर पर 14 जुलाई को सुरियावां थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बल्ली का टुकड़ा और खून लगी टी-शर्ट भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा में जिलाधिकारी सख्त, लापरवाही पर अधिकारियों को चेतावनी

### फैमिली आईडी, सड़क एवं सेतु निर्माण में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी नाराज, जवाबदेही तय करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों, पूर्वांचल विकास निधि, निर्माणाधीन सड़कों, सेतु निर्माण, क्रिटिकल गैप निधि, उद्यान, कृषि, मत्स्य, आश्रय तथा अन्य विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। फैमिली आईडी, निर्माण की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति एवं सुधार न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्य में लापरवाही बरतने के कारण समस्त खंड विकास अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए की फैमली आइडी में तेजी लाए। मुख्यमंत्री सीएम डैशबोर्ड समीक्षा के दौरान बी श्रेणी, सी श्रेणी एवं डी श्रेणी वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को ए श्रेणी में लाने का निर्देश दिया अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सेतु निर्माण एवं नवीन सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को कार्यों में तत्काल सुधार लाने की कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयावधि में प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि केवल पात्र लाभार्थियों को ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। यदि किसी स्तर पर किसी अपात्र व्यक्ति का चयन पाया जाता है तो उससे तत्काल धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। अन्यथा संबंधित खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की सभी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा वहां आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को अपने कार्यों में प्रगति में सुधार लाएं जो भी कार्य करें मानक व गुणवत्ता के अनुरूप करें। मानक एवं गुणवत्ता में कहीं कमी मिली तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी जिम्मेदारी जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने तथा जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 शुभांगी शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी, जिला अर्थ संख्याधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन मोबाइल कोर्ट में 206 शिकायतें, 135 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा दिव्यांगजनों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास भवन स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी), कंसापुर (ज्ञानपुर) में राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में दिव्यांगजन मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। मोबाइल कोर्ट में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों ने कुल 206 शिकायतें प्रस्तुत कीं। इनमें से 135 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेजते हुए प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कई मामलों में अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई कर राहत भी प्रदान की। सुनवाई के दौरान दिव्यांग बच्चों की समावेशी एवं निःशुल्क शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों व सरकारी सेवाओं में आरक्षण, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, दिव्यांग पेंशन, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तथा दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव से जुड़ी शिकायतों पर विस्तार से विचार किया गया।

राज्य आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक दिव्यांगजन को उसके अधिकारों और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समय पर मिले। उन्होंने संबंधित विभागों को संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए दिव्यांगजनों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को उनके संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, पुनर्वास तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों को उनके निकट ही शिकायत निवारण की सुविधा उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सरकारी योजनाओं का प्रभावी लाभ दिलाना है।

## ड्रमंडगंज पुलिस पर एफआईआर न दर्ज करने का आरोप

**हलिया मीरजापुर।** पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय दयाशंकर निवासी ग्राम महुली परसिथिया थाना कोराव जनपद प्रयागराज ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरी ननद अर्चना देवी उम्र 25 वर्ष का विवाह वीरेंद्र पाल पुत्र स्वर्गीय कमलेश पाल निवासी मड़वा धनावल थाना ड्रमंडगंज के साथ लगभग 5 वर्ष पहले हिंदू रीति रिवाज से हुआ था शादी में अपने सामर्थ के अनुसार उपहार वह गृहस्थी के सामान दिए थे हमारी ननद को उसके पति से एक लड़की व एक लड़का है किंतु हमारी ननद का पति वीरेंद्र पाल व विपक्षीय संख्या 2 से 3 व 4 दहेज के लिए बराबर प्रताड़ित करते थे मेरी ननद मायके आन पर बताती थी दिनांक 09/07/2026 को समय सुबह लगभग 9:00 बजे उक्त विपक्षीगढ़ मिलकर हमारी ननद को कुएं में पानी निकालते समय साजिश के तहत कुएं में धकेल दिए जिससे उसकी मृत्यु हो गई प्रार्थी के पिता द्वारा थाना ड्रमंडगंज मे दिनांक 09/07/2026 को सूचना दिया गया परंतु आज तक विपक्षीगढ़ के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई प्रार्थी को अंतिम सहारा मानकर प्रार्थना पत्र दे रही हूं प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर विपक्षीगढ़ के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की पीड़ित ने मांग की है।

# चोपन में विश्व कल्याण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

### मेड़र माई परिसर में गूंजेगी श्रीरामचरित कथा की अमृतधारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र-** विश्व शांति, मानव कल्याण और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के पावन उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत चोपन गाँव स्थित मेड़र माई मंदिर परिसर में आगामी 20 जुलाई से 27 जुलाई तक भव्य विश्व कल्याण महायज्ञ एवं श्रीरामचरित कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम स्थल पर आयोजन समिति के धर्माचार्य पहाड़ी बाबा शिव कुमार निषाद,नागेश्वर प्रसाद गौड़ एवं वरिष्ठजन सुनील सिंह,श्यामा चरण गिरी सहित अन्य श्रद्धालु व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने बताया कि यह महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि विश्व शांति, मानव कल्याण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के आध्यात्मिक उत्थान का एक महाअभियान है। वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में यज्ञ, कथा और सत्संग के माध्यम से जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर केन्द्र श्रीधाम वृन्दावन से पधार रहे विख्यात कथावाचक पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज महाराज जी अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण वाणी से श्रीरामचरित कथा का रसपान कराएंगे। उनकी मधुर कथा श्रद्धालुओं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ते हुए धर्म, भक्ति और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करेगी। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे एवं महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजन स्थल ग्राम पंचायत चोपन गाँव स्थित मेड़र माई मंदिर परिसर (अल्ट्राटेक पानी टंकी के समीप), जनपद सोनभद्र में निर्धारित किया गया है, जहां दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। यज्ञ मंडप, कथा स्थल, भंडारा व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए स्वयंसेवक दिन-रात सेवा भाव से जुटे हुए हैं। समिति ने जनपद सहित आसपास के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार इस दिव्य आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है। सनातन परंपरा में यज्ञ को लोकमंगल का प्रतीक माना गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है, कथा से आत्मा का परिष्कार होता है और भंडारे से समाज में प्रेम, सेवा एवं समानता की भावना का विस्तार होता है। यही कारण है कि विश्व कल्याण महायज्ञ जैसे आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक एकता के जीवंत प्रतीक बनकर उभरते हैं। यज्ञ से होता है लोक कल्याण, कथा से मिलता है आत्मिक ज्ञान और भंडारे से बढ़ता है प्रेम व सद्भाव। विश्व शांति और मानव कल्याण के इस महापर्व में आपकी श्रद्धामयी उपस्थिति ही इसकी सबसे बड़ी सफलता होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मकान का जर्जर छज्जा गिरने से महिला की दबकर मौत

**बेटे को बुलाने छत पर गई थीं महिला**

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के अंबेडकर मार्ग स्थित गंदी गली में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। जर्जर मकान का दूसरी मंजिल का छज्जा भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मोहल्ला निवासी सुमन सोनी (45) का घर उनके परिवार के शिवशंकर सोनी के मकान से जुड़ा हुआ है। बुधवार रात करीब 10:30 बजे वह अपने बेटे शिवांशु को बुलाने के लिए छत पर गई थीं। वह शिवशंकर के मकान के छज्जे पर खड़ी थीं। तभी जर्जर छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जे के साथ वह भी करीब बीस फुट ऊंचाई से नीचे आ गिरीं। मलबे की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मकान में नीचे कमरे में सो रही शिवशंकर की बुजुर्ग मां फूलमती शकपका गईं। हालांकि वह कमरे में थीं इसलिए वह बाल बाल बच गईं। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुमन सोनी के पति दयाशंकर का कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका है। उनका इकलौता बेटा शिवांशु अविवाहित है और कस्बे की एक दवा की दुकान पर नौकरी करता है। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है। परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सपा नेताओं ने लगाई जन चौपाल



सिद्धार्थनगर। जिले के विभिन्न स्थानों पर समाजवादी जन चौपाल लगाकर चौहान समाज की बैठक सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के खेतवाल, जनकपुर आदि जगहों पर सपा नेता उग्रसेन प्रताप सिंह के अगुवाई में चौहान समाज के साथ जन चौपाल लगाया गया। समाजवादी जन चौपाल के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह चौहान रहे। चौहान समाज के बीच जन चौपाल को संबोधित करते हुए सपा नेता महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की सरकार ने धरातल पर कोई काम नहीं किया और यह सरकार जन आकांक्षाओं पर पूरी तरह से विफल है प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता चरम सीमा पर है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, बिजली, खाद बीज के दामों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि कर दी गई है। उन्होंने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि चौहान समाज एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। इस दौरान अशोक चौहान पूर्व प्रत्याशी, विजय चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष, हारुण खान मीडिया प्रभारी, अभिषेक चौहान, पन्नालाल चौहान, अनिल चौहान, दुर्गेश चौहान, भाई खान, बरखू चौहान प्रधान, चंद्रिका चौहान, झकरी चौहान, मांगरे चौहान, लवकुश चौहान, सोनू चौहान, गोविंद चौहान, अरुण चौहान, चंद्रजीत चौहान, राम चरण चौहान, पारस चौहान, मनीष यादव, राजकुमार यादव, जनक राम चौहान, बचन चौहान, प्रभु दयाल चौहान, राम दुलारे चौहान, मुकेश चौहान, शिवपूजन आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. प्रतिभा को मिली पीएचडी, खुशी का माहौल



लालगंज प्रतापगढ़। विकासखंड लक्ष्मणपुर अंतर्गत इटौरी पूरे मकन निवासी शिक्षक शशिप्रकाश मिश्र की सुपुत्री डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने पीएचडी उपाधि हासिल कर घर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। शिक्षाविद स्व. रामकिशोर मिश्र की पौत्री डॉ. प्रतिभा को मिली सफलता पर गुरुवार को शिक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्र के संयोजन में सगरा सुंदरपुर में हुई बैठक में लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। डॉ. प्रतिभा ने यह उपाधि इविंग क्रिश्चियन कॉलेज प्रयागराज के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में लैमियासी परिवार के कतिपय औषधीय पौधों की भेषजगुण विज्ञानी गतिविधि एवं एंटीऑक्सीडेंट गुणों का मूल्यांकन तथा स्तन कैंसर कोशिकाओं पर इसके मुख्य प्रभाव विषय पर शोध पर हासिल की। पीएचडी उपाधि मिलने पर अनिलप्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र, उमाशंकर मिश्र, कुलदीप तिवारी, प्रमोद मिश्र, विनोद मिश्र, राजेंद्र मिश्र, नागेश, चंदन आदि ने खुशी साझा की है।

# व्यवस्थाओं पर मंत्री सख्त, अधिकारियों को फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने विकास भवन सभागार मे राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक मे स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा मे पीएम जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के प्रगति पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अच्युत नारायण प्रसाद ने बताया कि मई माह में 2745 व जून न 1698 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है।इस पर प्रभारी मंत्री ने अब तक बनाए गए कुल आयुष्मान कार्ड व उपचार प्राप्त लाभार्थियों की संख्या पूछी, जिस पर सीएमओ की बोलती बंद हो गई।उन्होंने फटकार लगाई और अब तक बनाए गए आयुष्मान कार्ड व उपचारित लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।सीएमओ ने मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सरकारी व निजी अस्पतालों मे मई माह मे 4911 व जून में 5249 प्रसव होने की जानकारी दी। विस्तृत रिपोर्ट के परीक्षण में आंकड़ों में अन्तर पाए जाने पर प्रभारी मंत्री ने कड़ी फटकार लगाई और सीएमओ डॉ अच्युत नारायण प्रसाद को प्रसव संबंधी रिपोर्टिंग की जांच कराने तथा 15 दिवस मे जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषी पाने पर अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करें।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन मे शिथिलता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पेयजल के सम्बन्ध मे प्रभारी मंत्री ने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण तौसीफ अहमद को निर्देशित किया कि पाईप लाईन बिछाने पर जिन सड़कों की दुर्गति हुई है उनकी शीघ्र मरम्मत कार्य किया जाए।प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल के सम्बन्ध मे कार्यो मे तेजी लाने को कहा। प्रभारी मंत्री ने वन विभाग के डीएफओ आशुतोष गुप्ता को अशोक वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा मे अधीक्षण अभियंता को विद्युत व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक मे सदर विधायक राजेंद्र मौर्य भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव डीएम अभिषेक पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## मीडिएशन सेन्टर ने दो परिवार में कराया समझौता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय के आदेशानुसार चल रहे मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सिविल जज सी.डि./सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी के निर्देशन में मध्यस्थता केन्द्र सिविल कोर्ट से विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट/ मीडिएटर ने आपसी सुलह समझौता से पति पत्नी के दो जोड़ों की विदाई कराकर विवाद को समाप्त कराया और दो परिवार को टूटने से बचा लिया। ज्ञात हो कि परवीता व लालजी तिवारी (पति पत्नी) के बीच कई वर्षों से चल रहे विवाद में दोनों पक्ष ने आपसी विवाद और मतभेद को समाप्त करते हुए साथ साथ रहने का निर्णय ले लिया। दोनों के संसर्ग से दो पुत्रियां हैं। बड़ी पुत्री का विवाह हो चुका है।

इसी प्रकार एक अन्य दूसरे वैवाहिक विवाद में पति विनोद कुमार और पत्नी भावना देवी के बीच वैचारिक विवाद और मतभेद चल रहे थे, जिसके कारण दोनों के बीच प्री लिटिगेशन वाद विचाराधीन था। मध्यस्थता केन्द्र में विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट मीडिएटर के द्वारा दोनों पक्ष को समझाया गया जिस पर दोनों पक्ष ने आपसी सहमति से साथ साथ रहने और वैवाहिक सम्बन्ध बनाए रखने का निर्णय लिया। इस अवसर पर राम प्रकाश ओझा एडवोकेट, गजेंद्र कुमार ओझा एडवोकेट, उदरेज कुमार यादव एडवोकेट, अनिल कुमार उपाध्याय एडवोकेट मीडिएटर, गौरव कुमार मिश्रा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

### अड़तालीस ग्राम नशीला पदार्थ एमडी के साथ एक गिरफ्तार हुआ



प्रतापगढ़। कंधई थाना अंतर्गत स्पेशल टीम प्रभारी विजेंद्र सिंह मय हमराह रात्रि गश्त दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध व्यक्ति एमडी ड्रग्स लेकर पूरे देवजानी की तरफ जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर जुनैद 29 पुत्र अब्दुल सलाम निवासी पूरे देवजानी को हिरासत मे लेकर जामा तलाशी करने पर 38.42 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया।जुनैद पर 17 अपराधिक मामलों में पहले से केस दर्ज है और कंधई थाना का शातिर हिस्ट्री शीटर है।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

### कम वर्षा से नहरों में जल संकट, किसानों से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील

प्रतापगढ़। अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड-51 ने जनपद प्रतापगढ़ के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने तथा आगामी दिनों में भी पर्याप्त वर्षा की सम्भावना कम होने के कारण नदियों एवं नहरों में जल उपलब्धता अपेक्षाकृत कम है। फलस्वरूप जौनपुर शाखा से पोषित चिलबिला राजवहा प्रणाली, नागापुर राजवहा प्रणाली तथा उनसे सम्बद्ध समस्त माइनरों में रोस्टर के अनुसार भी पूर्ण क्षमता से सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होने सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि नहर के जल के साथ-साथ सिंचाई के अन्य उपलब्ध साधनों की भी व्यवस्था रखें, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा अधिक जल की आवश्यकता वाली फसलों से यथा संभव बचें साथ ही नहर के ऊपरी क्षेत्र के कृषक सिंचाई कार्य पूर्ण होने के उपरांत अपने गूल/कुलावा निकास बंद कर दें जिससे नहर के निचले क्षेत्र के कृषकों को भी सिंचाई हेतु जल का समुचित लाभ प्राप्त हो सके।

# पत्रकार सोनी कुमारी पर हमले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**● राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



महराजगंज (रायबरेली)। महिला पत्रकार एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रेस क्लब महाराजगंज की अध्यक्षा सोनी कुमारी पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में पत्रकारों और क्षेत्र के नागरिकों ने मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी तथा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी महाराजगंज के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 14 जुलाई 2026 को सोनी कुमारी के साथ कथित रूप से मारपीट, लूटपाट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस मामले में थाना महाराजगंज में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद मुख्य आरोपी रामनरेश प्रजापत्ति उर्फ जादूगर की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मुख्य आरोपी पूर्व से सजायाफ्ता अपराधी है तथा उस पर पुलिस संरक्षण में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटान कराने का भी आरोप लगाया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों में आक्रोश व्याप्त बताया गया है।पत्रकारों ने मांग की है कि मामले में निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए तथा प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन के साथ दर्ज मुकदमे की एफआईआर की प्रति भी संलग्न कर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**» श्रद्धालुओं ने लिया महाप्रसाद।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के सराफा मंडी स्थित बाबा भैरवनाथ मंदिर से बृहस्पतिवार को भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल बना रहा। यात्रा शुरू होने से पहले आचार्यों ने विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कराई। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर भगवान का स्वागत किया। इसके बाद भगवान का रथ गाजे बाजे के साथ मंदिर से रवाना हुआ। रथयात्रा सराफा मंडी, सब्जी मंडी, मेन रोड, गल्ला मंडी, तिकोना पार्क, गांधी चौराहा और बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। वहां विश्राम के बाद यात्रा नगर भ्रमण करते हुए फिर बाबा भैरवनाथ मंदिर पहुंची। जहां यात्रा का समापन हुआ। श्रद्धालु सोनी तिवारी ने बताया कि नगर में भगवान जगन्नाथ की पूजा की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई थी। उनके परिवार ने पुरी से भगवान का विग्रह लाकर स्थापना कराई थी। तभी से हर वर्ष परंपरागत रूप से रथयात्रा निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की पूजा से सुख, शांति और मनोकामनाओं की पूर्ति का विश्वास जुड़ा है। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्तिमय भजनों के बीच श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। महिलाओं और बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहे। आयोजन में शोभा अवस्थी, बीनू तिवारी, गुड्डन पांडेय, पिंकी, नीलम, सरस्वती, ओमप्रकाश ओमी तिवारी, बॉल्हेश्वर चौरसिया, बच्चनलाल, लवकेश, हरिशंकर, अनूप पांडेय, कैलाश बाजपेई, सीपी पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, सचिन गुप्ता, अंकुर गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, विमला गुप्ता, मालती गुप्ता, शैलेंद्र सोनी, मंटू बाजपेई और विजय बाजपेई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




प्रतापगढ़। राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर उनकी लम्बी उम्र की कामना के साथ आशा चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर 21 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय एवं अमित सिंह की देख रेख में उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित श्याम किशोर शुक्ला ने फीता काटकर विधिवत रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को माला बुके देकर स्वागत सम्मान किया।शिविर में प्रथम रक्तदाता के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी एवं द्वितीय रक्तदात्री के रूप में जिला महासचिव अंजली उपाध्याय ने रक्तदान किया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी स्वयं पूरे समय मौजूद रहे और रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवन दे सकता है।

रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से विश्वनाथ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह प्रिंशु, रानीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मौलाना अब्दुल वाहिद, जिला सचिव अभय प्रताप सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा,पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, सुल्तानपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, जिला सचिव मो.दिलशाद,नगर सचिव अबू शमा, नूर आलम, देवमणि पांडेय, संतोष कुमार, मोहम्मद इरशाद, मो.फरीद, प्रीति, अजय कुमार ने रक्तदान किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से श्याम शंकर शुक्ला श्याम, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्रा मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शुक्ला, रवि प्रताप सिंह, शहजाद सलमानी, धर्मराज सिंह, सलमान खान सहित गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि पंडित श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि आज भी अनेक मरीज केवल रक्त की कमी के कारण समय पर उपचार नहीं पा पाते। ऐसे में प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और एक रक्तदाता कई जिंदगियों को बचा सकता है।

# हरिशंकरी रोपण से हरियाली का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय पर हरिशंकरी वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश देते हुए अधिशासी अधिकारी अखिलेश दीक्षित ने कहा हरिशंकरी वृक्षारोपण केवल पर्यावरण को शुद्ध रखने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधों का यह समूह (हरिशंकरी) हमें शुद्ध ऑक्सीजन देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और हरा-भरा कल सुनिश्चित करेगा। हम सभी का यह दायित्व है कि हम न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनके वृक्ष बनने तक उनकी पूरी देखभाल भी करें। 'सांस्कृतिक व धार्मिक महत्वः हरिशंकरी (पीपल, बरगद और पाकड़) को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र और त्रिदेवों का वास माना गया है।

**पर्यावरण संरक्षणः** यह वृक्ष समूह भारी मात्रा में ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

**सामूहिक संकल्पः** कार्यालय परिसर में उपस्थित सभी कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा और उनके नियमित सिंचन का संकल्प लिया। डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी (जिला संयोजक, अखिल विश्व गायत्री परिवार, सिद्धार्थनगर ने कहा गायत्री परिवार हमेशा से 'वृक्षारोपण सत्कर्म' को बढ़ावा देता रहा है। हरिशंकरी के ये दिव्य वृक्ष केवल छाया और ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि हमारे विचारों और वातावरण को भी पवित्र बनाते हैं। जितेंद्र वीर वर्मा लोक भारती संयोजक, सिद्धार्थनगर ने कहा कि प्रकृति के इस अनमोल उपहार 'हरिशंकरी' को बचाना और संवारना ही लोकतंत्र भारतीय का मूल संकल्प है। इस अवसर पर वन दरोगा त्रिपुरारी शंकर दुबे, विद्या सागर गुप्ता सभासद, धर्म जागरण प्रमुख ओंकार, नगर कार्यवाहक पंकज, अरविंद गुप्ता, विमल सिंह, अनूप पाण्डेय, मोनू गुप्ता, उमेश, चंदू, आदि मौजूद रहें।

### दर्दनाक सड़क हादसाः ईंट लदे ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत

ज्ञानपुर। दुर्गागंज थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दुर्गागंज थाना बॉर्डर के समीप उस समय हुआ, जब ईंट लादकर ज्ञानपुर की ओर जा रहा एक ट्रक अभोली की तरफ से आ रही डिस्कवर मोटरसाइकिल से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार बाबूराम गौतम (58 वर्ष) निवासी गढ़ौरा गांव तथा सीताराम उर्फ जुगनू (40 वर्ष) निवासी श्रीपुर मठिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक और परिचालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही दुर्गागंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक सीताराम उर्फ जुगनू अपने पीछे छह ब'चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने यातायात को सुचारु कराते हुए फरार चालक और परिचालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नवविवाहिता हत्याकांड का खुलासा, पति ने घर में दफनाया था शव; सास-ससुर समेत तीन गिरफ्तार

**» मां की शिकायत पर हुई खुदाई में मिला शव, फरार तीनों आरोपी परसा चौराहे से गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के चक मझारी गांव में हुए हत्याकांड के सभी तीन आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला 11 जुलाई को मुफीदीन नामक महिला के लापता होने से शुरू हुआ था। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के चक मझारी गांव से लापता हुई मुफीदीन के मामले को पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध माना था। जांच के दौरान मुफीदीन की मां ने डुमरियागंज थाने में तहरीर दी।उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या उसके पति शमशेर, ससुर नीबर और सास खुशबुनिशा ने की है और शव को घर में ही दफना दिया है। इसके बाद हुई खुदाई में मुफीदीन का शव बरामद हुआ। मामले में नामजद सभी अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहे थे। डुमरियागंज थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी परसा चौराहे पर मौजूद हैं और कहीं भागने की फिराक में हैं।

इस सूचना के आधार पर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने छापेमारी की और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शमशेर पुत्र नीबर, नीबर पुत्र सफई और खुशबुनिशा पत्नी नीबर शामिल हैं। इन्हें परसा चौराहे से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि मुफीदीन की मां की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अकरम खान, हेड कांस्टेबल रामभजन गौड़, आदित्य पांडेय, अमन प्रतीक दुबे और निशु शामिल रहे।

### एपीके फाइल डाउनलोड से ठगे गए युवक के 10 हजार रुपये साइबर हेल्प डेस्क ने लौटाए



ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में थाना सुरियावां की साइबर हेल्प डेस्क ने साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में 10 हजार रुपये वापस कराए। महजूदा गांव निवासी अनुराग सिंह ने बताया कि एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद उसके खाते से 55 हजार रुपये निकल गए थे। पीडित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर हेल्प डेस्क ने 10 हजार रुपये वापस दिलाए। राशि मिलने पर अनुराग सिंह ने भदोही पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से 19×0 हेल्पलाइन पर तत्काल शिकायत करने तथा अनजान लिंक और ऐप से बचने की अपील की।

# विज्ञान संकाय में एडमिशन के लिए काउंसलिंग शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रक्रिया काउंसलिंग के माध्यम से 15 जुलाई से प्रारंभ हो गयी है। विज्ञान संकाय के प्रवेश संयोजक डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया विज्ञान संकाय के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक स्तर के अभ्यर्थियों के लिए अभिलेखों की जांच कर मेरिट के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। विज्ञान समूह में स्नातक स्तर में प्रवेश के लिए छात्र विज्ञान संकाय में अवस्थित केंद्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत बनाए गए काउंसलिंग केंद्र पर छात्रों ने अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित और अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी अभिलेखों का सत्यापन कराया गया जिसमें प्रमुखतः आवेदन पत्र, स्नातक स्तर के लिए इंटर एवं हाई स्कूल के सर्टिफिकेट एवं अंक पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड ,स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र की जांच की गयी। परास्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए संबंधित विभाग में छात्र संपर्क कर काउंसलिंग कर सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि अब तक स्नातक एवं परास्नातक तक स्तर पर प्रवेश के लिए 100 से अधिक छात्रों की काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार अन्य विज्ञान विषयों के साथ साथ बीएससी कृषि एवं बीसीए में प्रवेश के लिए भी छात्रों ने अतिरिक्त रुचि दिखाई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण हो गई है उनकी मेरिट 18 जुलाई को जारी की जाएगी उसके पश्चात छात्र इ-मेल पर प्राप्त लिंक का प्रयोग कर फीस जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। मेरिट लिस्ट की घोषणा के पश्चात रिक्त सीटों पर काउंसलिंग प्रक्रिया की तिथि अलग से घोषित की जाएगी। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रकृति राय ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं छात्र-केंद्रित प्रवेश व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय से काउंसलिंग में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विज्ञान संकाय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुभवी शिक्षकों तथा शोधोन्मुख वातावरण का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा जिससे छात्र अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य को नई दिशा दे सकेंगे। कला संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी पाठ्यक्रमों में और इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमो में प्रवेश प्रारंभ हो गया है विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# स्कूल में स्मार्ट क्लास व कंप्यूटर लैब की शुरुआत



सिद्धार्थनगर। शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय, बर्डपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विद्यालय में आधुनिक कंप्यूटर क्लासरूम, डांस एवं संगीत क्लास तथा प्रोजेक्टर आधारित स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने पूजा -अर्चन कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने कहा कि आज के युग में शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल तकनीक, नृत्य, संगीत तथा के माध्यम से व्यावहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में लगातार आधुनिक संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। कंप्यूटर शिक्षा, डांस एवं संगीत प्रशिक्षण के साथ-साथ स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना से विद्यार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षा का लाभ मिलेगा और वे भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे। इस अवसर पर शोभनाथ यादव, उमेश यादव, संतोष यादव, संदीप राव, राममिलन शुक्ला, रुचि उपाध्याय, श्वेता पटवा, रीता जायसवाल, पवन पाठक, अन्नू जायसवाल, संगीता मौर्य, शालू उपाध्याय, विनय कुमार वर्मा, अरुण कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार एवं चंद्रावती देवी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षकाएं, छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम लगाकर करें सुरक्षा लाए हरियाली- रोशनलाल उमरवैश्य



प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण व पौधवितरण अभियान में गुरुवार को सिविल लाइन, दहिलामऊ, चिलबिला आदि जगहों पर पौधरोपण कर पौध वितरण भी किया गया। क्लब के पदाधिकारियों के साथ अपने- अपने मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर दूसरों को भी पौधरोपित करने के लिए प्रेरित किया गया।क्लब के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि चिलबिला नगर में पौध वितरित कर अनुरोध किया गया कि इस अभियान में जुड़कर मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा करें।अभियान में डीएफओ आशुतोष गुप्ता का क्लब को पूरा सहयोग मिल रहा है।शिवम यादव जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे, डॉ0 लक्ष्मीकांत द्विवेदी वन विभाग, डॉ0 गौरी शंकर, रूपेश कुमार यादव, अजीत कुमार फॉरेस्ट, डॉ दयाराम मौर्य, शनि महाराज, राजेश सिंह, विनय श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, ज्योति, मेघा, सुधा अग्रवाल आदि का क्लब के पदाधिकारी ने पौधरोपण व पौधवितरण किया।

# मुख्यमंत्री सम्राट पर पोस्ट: RJD समेत 10 X हैंडल को नोटिस

## आपत्तिजनक पोस्ट पर बिहार पुलिस की साइबर इकाई सोशल मीडिया अकाउंट को भेजा नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में राजद के एक्स हैंडल समेत दस सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित किया गया है। बिहार पुलिस की साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई (सीसीएसयू) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) को भी इस संबंध में नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में संबंधित दस एक्स हैंडल के पोस्ट का लिंक शेयर करते हुए इसे तत्काल हटाने को कहा गया है। इसके साथ ही इससे जुड़े डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने तथा संबंधित अकाउंट संचालकों का विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया है।आपत्तिजनक पोस्ट पर बिहार पुलिस की साइबर इकाई ने राजद समेत दस सोशल मीडिया अकाउंट को नोटिस भेजा है। सीसीएसयू की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79, आईटी नियम तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रविधानों के तहत जारी नोटिस में कहा गया है कि कई एक्स हैंडल से मुख्यमंत्री को निशाना बनाते हुए ऐसे पोस्ट किए गए हैं, जो भ्रामक हैं। यह जनमानस को गुमराह कर सार्वजनिक व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। नोटिस में एक्स से संबंधित पोस्टों को तत्काल हटाने के साथ-साथ उनके मूल अपलोडर का नाम, आईपी एड्रेस, फोन नंबर, ई-मेल, जीपीएस लोकेशन, लॉग-इन, अपलोडिंग विवरण तथा पोस्ट से जुड़ा अन्य डिजिटल डेटा उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि जांच में उनका उपयोग किया जा सके। सीसीएसयू ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आईटी अधिनियम और बीएनएसएस के प्रासंगिक प्रविधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इधर, राजद ने अपने एक्स हैंडल से इस नोटिस की तस्वीर साझा करते हुए सवाल किया है कि क्या बिहार पुलिस विपक्ष को भी नियंत्रित करेगी? मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर सच और आलोचना सुनने की क्षमता नहीं है तो राजनीति छोड़ देनी चाहिए।

# संक्षिप्त खबरें

## सोनम वांगचुक से तेजस्वी की अपील- अनशन छोड़िए, आपकी लड़ाई अब सड़क से संसद तक लड़ी जाएगी

**पटना।** लद्दाख से जुड़े मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक को लेकर बिहार की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर सोनम वांगचुक से अपना आमरण अनशन स्थगित करने की अपील की है। उन्होंने अपने संदेश की शुरुआत 'आदरणीय सोनम वांगचुक जी' संबोधन से की। तेजस्वी ने लिखा कि मौजूदा सरकार से उनकी नैतिक लड़ाई को समझने या सच्चे संवाद की उम्मीद बहुत कम है। उन्होंने सरकार को संवेदनहीन बताते हुए आंदोलन के प्रति समर्थन जताया। साथ ही वांगचुक से स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

## होटलों में पुलिस की बड़ी छापामारी, 3 राज्यों की महिलाएं समेत कई लोग हिरासत में

**दानापुर।** नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निर्देश पर एसडीपीओ 1 अजीत कुमार के नेतृत्व में दानापुर और रूपसपुर थाना क्षेत्र के होटलों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दानापुर क्षेत्र के एक होटल से एक युवक और दो युवतियों से पूछताछ की। रूपसपुर के एक होटल से पुलिस ने तीन महिलाओं और एक व्यक्ति को थाने लाया, जहां सभी से पूछताछ की जा रही है। रूपसपुर से लायी गई तीनों युवतियां दूसरे राज्य की रहने वाली बताई जा रही हैं। बुधवार को दानापुर और रूपसपुर थाना क्षेत्र के कई होटलों में छापेमारी की गई। छापेमारी की सूचना मिलते ही होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। दानापुर के एडिसन होटल, आई कान होटल और ड्रीम विला समेत लगभग आधा दर्जन होटलों में कार्रवाई की गई। रूपसपुर के बुद्धा रेसीडेंसी से छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और यूपी की तीन महिलाएं तथा आरा के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। दानापुर में सात युवकों को पकड़ा गया और दो युवतियों को मुक्त कराया गया। इनमें से एक युवक मुम्बई से अपनी महिला मित्र से मिलने आया था। सभी पकड़े गए लोग बालिग हैं और उनसे पूछताछ जारी है। एक युवती ने बताया कि वह टाइम पास के लिए आई थी।

## वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे की राह में आए चार स्कूल, चलेगा बुलडोजर

**औरंगाबाद।** भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का असर अब शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ने लगा है। एक्सप्रेसवे निर्माण की जद में आने से औरंगाबाद जिले के नबीनगर और कुटुंबा प्रखंड के चार सरकारी विद्यालयों के भवनों को हटाया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इन विद्यालयों के भवनों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। एक्सप्रेसवे निर्माण के कारण नबीनगर प्रखंड का प्राथमिक विद्यालय मोती बिगहा प्रभावित हुआ है। वहीं कुटुंबा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय महसू, प्राथमिक विद्यालय बसौरा और मध्य विद्यालय बरहेता भी परियोजना की जद में आ गए हैं। इन चारों विद्यालयों के भवनों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग ने फिलहाल छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। नए भवन बनने तक प्रभावित विद्यालयों को नजदीकी स्कूलों से टैग कर संचालित किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत छात्र-छात्राओं की कक्षाएं आसपास के विद्यालयों में संचालित होंगी, ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो और शैक्षणिक सत्र पर कोई असर न पड़े।

## बिना टिकट एसी बोगी में रौब झाड़ रहा था फर्जी TTE, गया पहुंचते ही आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**गयाजी।** गया जंक्शन पर आरपीएफ-जीआरपी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार की देर रात वेस्ट बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12329) से एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया। आरोपी नकली रेलवे पहचान पत्र के सहारे एसी कोच में यात्रा कर रहा था और स्वयं को रेलवे कर्मचारी बताकर यात्रियों एवं रेल प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि डीडीयू मंडल के सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 12329 अप के एम-2 कोच में ड्यूटी पर तैनात मुख्य टिकट निरीक्षक विनोद कुमार ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ रखा है। सूचना मिलते ही ट्रेन के गया जंक्शन पहुंचने पर आरपीएफ, वाणिज्य विभाग और जीआरपी की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा लिखित मेमो के साथ संदिग्ध युवक को आरपीएफ के हवाले किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान अमर कुमार (35 वर्ष), निवासी बेला, थाना लक्ष्मीपुर, जिला जमुई के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से रेलवे टीटीई का फर्जी पहचान पत्र बरामद हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि वह बिना वैध टिकट एसी कोच में यात्रा कर रहा था।

# महिला किसान यूनियन ने दिया धरना

## प्रशासनिक लापरवाही की निष्पक्ष जांच व सुरक्षा की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मितौली, खीरी।** भारतीय किसान यूनियन (किसान) की महिला जिलाध्यक्ष एवं ग्राम धर्माखेड़ा निवासी मनजीत कौर ने गुरुवार को मितौली तहसील परिसर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर करीब दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार शशांक मिश्रा को सौंपकर अपने व परिवार की सुरक्षा तथा पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। धरना-प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मैगलगंज थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार एवं मितौली क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने महिला किसान से वार्ता कर उन्हें शांत कराया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। ज्ञापन में मनजीत कौर ने आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि पर फर्जीवाड़ा कर अवैध कब्जा किया गया। विरोध करने पर उनके परिवार के साथ मारपीट, धमकी और उत्पीड़न किया गया। उन्होंने दावा किया कि 23 जून 2026 को खेत में लगे पेड़ों को काटने का विरोध करने पर उन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया, जिसमें वह घायल हो गईं। उनका कहना है कि घटना का वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद है, लेकिन तहरीर देने के बावजूद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा उन्हें और उनके दोनों बच्चों को घर से निकालने का प्रयास किया गया तथा उनके पति की भूमि का कथित रूप से फर्जी बैनामा कराकर दाखिल-खारिज करा दिया गया। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों पर निष्पक्ष सुनवाई न करने का भी आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में ससुराल पक्ष की संपत्तियों, भूमि हस्तांतरण, कथित भूमि बिक्री, वाहन (थार) के स्वामित्व परिवर्तन, मोबाइल नंबरों, भूमि बिक्री से प्राप्त धनराशि तथा गाटा संख्या 2240 में दर्ज चारागाह भूमि पर कथित अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की गई है। मनजीत कौर ने अपने व परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने, गाटा संख्या 540 की भूमि विवाद की जांच, 23 जून की घटना में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# रथ द्वितीया पर बैहरी सखिया शिवांगना शिव मंदिर में तोरण द्वार निर्माण का हुआ शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बैहरी सखिया स्थित शिवांगना शिव मंदिर मेला प्रांगण में रथ द्वितीया के पावन अवसर पर स्वागत सह तोरण द्वार निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद तोरण द्वार की आधारशिला रखी। ग्रामीणों ने बताया कि यह तोरण द्वार क्षेत्र के 13 गांवों के लोगों के आपसी सहयोग से बनाया जा रहा है।

इस पहल को ग्रामीणों ने सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया। सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बैहरी सखिया का शिवांगना शिव मंदिर इस पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। रामनवमी के अवसर पर यहां दर्जनों गांवों के अखाड़ाधारी जुटते हैं और अपनी पारंपरिक कला एवं शौर्य का भव्य प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा दुर्गा पूजा सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में दुर्गा मंडप के लिए छावनी शेड निर्माण का भी जल्द प्रयास किया जाएगा, ताकि विभिन्न आयोजनों के दौरान लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में विशेष रूप से हजारीबाग जिले के सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, पूरण महतो, रामस्वरूप महतो, जानकी महतो, भुनेश्वर महतो, परमेश्वर दयाल, लालमन महतो, देवकी महतो, मोहन ठाकुर, जयनारायण कुशवाहा, शशि कुमार, शिवनारायण महतो, धीरज कुमार, दिलचंद महतो, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव-2026 में गूंजी धरती आबा, वंदे मातरम् की अमर हुंकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग नगर प्रेक्षागृह में कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का भव्य संगम, 60 स्थानीय कलाकारों ने जीता दर्शकों का दिल राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की सार्थशती एवं महाकवि कालिदास जयंती के पावन अवसर पर हजारीबाग नगर प्रेक्षागृह में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादमी न्यू दिल्ली एवं जिला प्रशासन, हजारीबाग के सहयोग के साथ तरंग ग्रुप द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों,दर्शकों एवं कलाकारों द्वारा संयुक्त रूप से वन्देमातरम गीत गा कर की गयी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार, डॉ. सरिता सिंह, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर मेहता, आश्रय फाउंडेशन की सचिव डॉ. अमला राणा, हजारीबाग भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कला संस्कृति विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा, आर्ट एवं कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सचिव प्रदीप, संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीवास्तव, हजारीबाग इकाई के अध्यक्ष कुमार केशव, सचिव विनीत जैन, आचार्य कौटिल्य, शैलेन्द्र यादव, परवेज खान, डाक्टर शत्रुघ्न पांडे, हंसराज लोहरा, प्रवीण जायसवाल, फरहा खान, संतोष कुमार, दीपक सिन्हा, सच्चिदानंद पांडे, सुदेश कुमार, डाक्टर भैया असीम, भैया अभिमन्यु, डा गौतम गुप्ता के साथ अन्य सभी गणमान्य अतिथियों ने एक स्वर कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत हमारी सबसे बड़ी पहचान है। वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का स्वर है। भगवान बिरसा मुंडा जैसे महानायक और उनके संघर्षों को रंगमंच के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत सराहनीय कार्य है। हजारीबाग के कलाकारों ने जिस समर्पण, अनुशासन और जीवंत अभिनय के साथ यह प्रस्तुति दी है, वह राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा के योग्य है। ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर तरंग ग्रुप, हजारीबाग द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नाटक धरती आबा, वंदे मातरम् की अमर हुंकार ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लगभग 60 स्थानीय कलाकारों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, आदिवासी अस्मिता, स्वतंत्रता आंदोलन तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत किया। नाटक के सफल निर्देशन का श्रेय दीपक कुमार को जाता है। उनके साथ अमित कुमार गुप्ता (सहायक निर्देशक सह सचिव, तरंग ग्रुप, हजारीबाग), अमित कुमार और गुलशन कुमार ने सहायक निर्देशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच की भव्यता को मनोज कुमार द्वारा दी गई मंच सज्जा ने चार चाँद लगा दिए। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, सशक्त संवाद, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और मंच उपस्थिति से प्रत्येक दृश्य को जीवंत बना दिया। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और राष्ट्रप्रेम के संदेश को उन्होंने इतनी प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया कि दर्शक पूरे समय नाटक से जुड़े रहे। कई मार्मिक एवं प्रेरणादायी दृश्यों पर प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हिंदी एवं खोरठा भाषा में प्रभावशाली संवाद, पारंपरिक लोक संगीत, आकर्षक नृत्य, उत्कृष्ट प्रकाश एवं ध्वनि संयोजन तथा मंच सज्जा ने पूरे नाटक को अत्यंत जीवंत बना दिया। लगभग 60 कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि हजारीबाग की सांस्कृतिक धरती प्रतिभाओं से समृद्ध है। नाटक का संदेश केवल इतिहास का स्मरण कराना नहीं था, बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता, प्रकृति संरक्षण, आदिवासी गौरव तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना भी था। इस आयोजन की विशेष उपलब्धि यह रही कि देशभर के 150 से अधिक स्थानों पर इसी तरह के अनेक देशभक्ति नाटक का एक साथ मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा कलाकारों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का आह्वान किया।

# फलदार पौधों से बढ़ेगी हरियाली, फलों की आय से आत्मनिर्भर बनेगी गौशाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** पर्यावरण संरक्षण को गौसेवा से जोड़ते हुए रोटरी क्लब ऑफ मधुपुर ने गुरुवार को शहर के पसिया स्थित गोपाल गौशाला परिसर में मेगा पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत 83 फलदार आम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर पौधारोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष रोटेरियन अनूप गुटगुटिया ने कहा कि यह पहल क्लब की 'एक पंथ, दो काज' की सोच पर आधारित है। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में इन आम के पेड़ों से प्राप्त फलों की बिक्री से होने वाली आय का उपयोग गौशाला में रह रहे बेसहारा गौवंश के चारे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर किया जाएगा। इससे गौशाला आर्थिक रूप से सशक्त होगी और परिसर में हरियाली भी बढ़ेगी। क्लब के सचिव रोटेरियन प्रसाद चटर्जी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पेड़-पौधे ही स्वच्छ पर्यावरण और जीवनदायिनी ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत हैं। अभियान में योर्स क्लब के अध्यक्ष रोहित लच्छीरामका, कन्हैयालाल कन्नू, लायंस क्लब के प्रिंस गुटगुटिया, विनोद लच्छीरामका, रामानुज मिश्रा, मनोज तिवारी, लायंस क्लब ऑफ मधुपुर यूनिटी के संजय शर्मा तथा नागरिक समिति मधुपुर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब के कोषाध्यक्ष रोटेरियन राकेश गुटगुटिया, रितेश मोदी, प्रकाश चमड़िया, शेखर सुमन लच्छीरामका, अंकित लच्छीरामका, मनोज डालमिया (बंटी), मुकेश अग्रवाल, दीपक डालमिया, डॉ. राकेश कुमार वैद्य, जो पोनराज, शीला पोनराज, गौरव मोदी, चुन्नीलाल पटेल, प्रतीक डालमिया, सौरभ डालमिया और शैलेंद्र मिश्रा सहित क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब सदस्यों की धर्मपत्नियों सुमन गुटगुटिया, किरण राय, पूजा डालमिया, रिचा मोदी, स्वाति अग्रवाल, एकता चमड़िया, मोना लच्छीरामका एवं माया डालमिया का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। शहरवासियों ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा को साथ लेकर चलने वाला प्रेरणादायी अभियान बताया।

# भक्ति पूर्ण उल्लास से पाकुड़िया में मनाया गया रथ यात्रा महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया (पाकुड़), झारखंडः-** सनातन परंपराओं में पर्वों की महत्ता और विशिष्टता चिरकाल से रही है। त्योहारों में आध्यात्मिकता के साथ सामाजिक सौहार्द की मिठास भी निखरती रही है। पर्वों की विशिष्ट श्रृंखला में आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को आयोजित होने वाला रथ यात्रा महोत्सव जगन्नाथपुरी सहित देश के विभिन्न राज्यों में करोड़ों श्रद्धालुओं द्वारा पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में भी रथ यात्रा का भव्य आयोजन सदियों पूर्व से होता रहा है। हालांकि, वर्षों तक इसका आयोजन नहीं हो पाया। लेकिन भगवान जगन्नाथ जी की असीम अनुकंपा तथा उत्साही युवा भक्तों के सहयोग से रथ यात्रा महोत्सव समिति के सौजन्य से पिछले वर्ष इस परंपरा का पुनः शुभारंभ हुआ। 16 जुलाई को प्रातःकाल मंदिर प्रांगण में स्टील निर्मित अति दिव्य और मनोहारी रथ की साफ-सफाई कर उसे सुंदर अश्वों की जोड़ी के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया। इसके बाद उसी भव्य अश्वयुक्त रथ पर बड़े भाई बलराम जी, बहन सुभद्रा तथा भगवान श्री जगन्नाथ जी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना, वंदन, आरती और भोग अर्पित किया गया। इस पुण्य अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माताएं, बहनें तथा बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने भगवान को श्रद्धाभाव से नमन किया और प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात निर्धारित समय पर श्रद्धालुओं ने रस्सी के माध्यम से भगवान जगन्नाथ के रथ को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ खींचते हुए पाकुड़िया बाजार का भ्रमण कराया। इस दौरान श्रद्धालु 'जय जगन्नाथ महाप्रभु' के गगनभेदी जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। रथ यात्रा के साथ पश्चिम बंगाल के नारायणपुर की कीर्तन मंडली भगवान के नाम का संकीर्तन करती हुई चल रही थी। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी पूरे मार्ग में तैनात रहा। बाजार भ्रमण के उपरांत भगवान जगन्नाथ का रथ मौसी घर स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचा, जहां भगवान एक सप्ताह तक विराजमान रहेंगे। इसके बाद 24 जुलाई को भगवान पुनः मौसी घर से अपने मूल स्थान काली मंदिर लौटेंगे। इसी के साथ पूजा-अर्चना, वंदन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच रथ यात्रा महोत्सव का भक्तिपूर्ण समापन होगा।

## यादव समाज संगठन की बैठक में संगठन विस्तार और सामाजिक एकता पर हुई चर्चा

**लखीमपुर खीरी।** यादव समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक यादव ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, समाज को एकजुट करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि यादव समाज संगठन का उद्देश्य केवल यादव समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी जरूरतमंद और पीड़ित लोगों की सहायता करना है जिन्हें समय पर न्याय नहीं मिल पाता। संगठन का संकल्प है कि हर दुख और संकट में फंसे व्यक्ति तथा युवाओं की हरसंभव मदद की जाएगी। बैठक में संगठन के पदाधिकारी यशवीर सिंह, मोहित यादव, प्रिंस यादव, अमित यादव सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने समाज में एकता, भाईचारे और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का संकल्प लिया। दीपक यादव ने कहा कि संगठन का मुख्य लक्ष्य यादव समाज को संगठित करना, युवाओं को समाज और राष्ट्रहित में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा समाज के लोगों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है।

# सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम रथ मेला में उमड़ा जनसैलाब,सांसद मनीष जायसवाल ने टेका माथा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखण्डः-** गुरुवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत सदर प्रखंड के सिलवार पंचायत स्थित सिलवार जगन्नाथ धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ द्वितीया के अवसर पर भव्य रथ- यात्रा मेला का आयोजन हुआ। यहाँ वर्ष 1952 में एक खपरैल मंदिर से भगवान जगन्नाथ की पूजा- अर्चना कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर शुरू की थी जो आज वृहत रूप ले चुका है। यहाँ स्थापित भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की प्रतिमा ओडिशा के पुरी से लायी गयी है। हरे- भरे पहाड़ियों की श्रृंखलाओं के बीच अवस्थित इस स्थल में वर्तमान समय में एक भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। मंदिर परिसर की खुबसुरती से आकर्षित होकर और यहाँ आयोजित धार्मिक रथ मेला में सम्मिलित होने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से श्रधालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक मान्यता के अनुरूप विधिवत पूजा- अर्चना के उपरांत सिलवार मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र संग रथ पर सवार होकर केशुरा पहाडी स्थित मौसीबाडी पंहुचेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ दोपहर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भी यहां पंहुचकर ईश्वर की पूजा- अर्चना की और रथ को प्रणाम कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। मेले में आकर्षक का केंद्र झुला, मौत का कुंवा, ठेले और खोमचे में बिख रहे तरह- तरह की मिठाई रही। स्थानीय लोगों ने हिल ट्रैकिंग का भी जमकर आनंद ले रहे हैं। मेले के दौरान मंदिर समिति के लोग और पुलिस बल के जवान तत्परता और सक्रियता से मेले के सफल संचालन में जुटे हैं। रथ मेला में मेहता विकास मंच ने लगाया मेडिकल कैंप, सांसद मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन सिल्वर जगन्नाथ धाम परिसर में आयोजित रथ यात्रा मेला में मेहता विकास मंच हजारीबाग की ओर से एकदिवसीय निःशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का विधिवत उद्घाटन करती थी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। कैंप में श्रद्धालुओं को तमाम प्रकार के जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई और कई प्रकार की दवाइयां भी मुक्ति प्रदान की गई। यह कैंप सड़क के किनारे मंदिर के मुख्य द्वार के ठीक सामने लगाए जाने के कारण यहां स्वास्थ परीक्षण करने वाले लोगों की भीड़ भाड़ अत्यधिक देखी गई। इस कैंप में जनरल फिजिशियन डॉ. सत्यम कुमार सहित उनकी टीम ने अपनी सेवा उपलब्ध कराई। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेष रूप से दामोदर प्रसाद मेहता, निर्मल प्रसाद मेहता, कुमार केशव, सरोज कुमार मेहता, जुगल किशोर मेहता, अजय प्रसाद मेहता, सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद मेहता, भाजपा नेता अनेश्वर प्रसाद, सदर प्रखंड मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, महेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि कौलेश्वर रजक, पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, छोटन राणा, दामोदर प्रसाद, सीताराम मेहता, दिलीप कुमार मेहता, अर्जुन कुमार मेहता, टुन्नूलाल, महेश प्रसाद, धीरज कुमार, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिला सहकारी विकास समिति की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारी विकास समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित सहकारिता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली तथा उनकी वित्तीय स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण एवं जमीनी स्तर पर मजबूत आर्थिक ढांचा तैयार करने में सहकारिता क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों और आमजन को सीधे लाभ पहुंचाया जा सकता है, जिससे जिले की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी। जिलाधिकारी ने कृषि एवं सहकारिता को आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से एग्रीमार्ट विकसित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही निर्देश दिए कि जिले में विशेष अभियान चलाकर सहकारी समितियों की सदस्य संख्या बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान एवं ग्रामीण सहकारिता आंदोलन से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियों के अधिकृत बैंक खाते अनिवार्य रूप से जिला सहकारी बैंक में खोले जाएं। नवगठित समितियों को उर्वरक व्यवसाय सुचारु रूप से संचालित करने के लिए शीघ्र उर्वरक लाइसेंस दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके अलावा सभी पात्र सदस्यों के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्वीकृत कर उनका त्वरित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान में 47 पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियां) सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पैक्स का नियमित सर्वेक्षण कराया जाए तथा उनकी गतिविधियों की सतत निगरानी की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सहकारिता विभाग से जुड़े सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध तरीके से किए जाएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला सहकारी अधिकारी, जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा नाबार्ड के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार से 2000 करोड़ का नुकसान, सरकार ने नगर निगम से मांगा बीते 10 सालों का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड और नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से आधारभूत विकास शुल्क (आईएफसी) जमा किए बिना भवनों के नक्शा पास कर दिए। इससे जल बोर्ड को लगभग दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है। इस तरह की तीन सौ संपत्तियों की पहचान की गई है। अब दिल्ली सरकार ने नगर निगम से पिछले 10 वर्षों में भवनों का नक्शा पास करने का रिकॉर्ड मांगा है जिससे कि इस अनियमितता की पहचान हो सके। पूर्व के वर्षों में दिल्ली जल बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। अब जल बोर्ड और नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से आईएफसी जमा किए बिना नक्शा पास करने का मामला प्रकाश में आया है। नियम के अनुसार आईएफसी जमा करने के बाद ही नक्शा पास किया जाता है। पूर्व के वर्षों में इस नियम का उल्लंघन का मामला सामने आया है। आइएफसी भुगतान की जगह जल बोर्ड द्वारा स्वीकृति का पत्र जारी कर नक्शा पास किए गए हैं।

## शादी से इनकार पर युवती को पीटा, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

**दिल्ली।** बीच सड़क मनबढ़ और सनकी युवक ने एक युवती को पीटा। कार में खींचने की कोशिश की। गला भी दबाया। युवती जान बचाने के लिए पास के एक मकान में घुसी तो आरोपित उसके पीछे-पीछे वहां भी पहुंचा। दोबारा मारा-पीटा। डंडे से पिटाई का डर दिखाकर उसके कपड़े उतरवाए। मोबाइल से वीडियो बनाया। पीड़िता वहां से भी भागी। एक गली में तब तक छिपी रही, जब तक कि उसकी बड़ी बहन वहां नहीं पहुंच गई। घटना चार जुलाई की बताई जा रही है। पीड़िता के मुताबिक आरोपित ने उसका वीडियो कुछ रिश्तेदारों के पास भेज भी दिया। घटना का सदमा तो था ही, उक्त वीडियो के चलते रिश्तेदारों के फोन भी परेशान करने लगे। तंग आकर परिवार के सभी लोगों ने फोन बंद किए। हालांकि पीड़िता ने हिम्मत दिखाई। सफदरजंग अस्पताल में एमएलसी कराने के बाद उसने मंगलवार को गोविंदपुरी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। बाद दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी तक पहुंची तो आनन-फानन एफआइआर दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

## युवक-युवती की जोड़ी करती थी लूटपाट, मोहाली पुलिस ने किया गिरफ्तार; तीसरा साथी फरार

**जीरकपुर (मोहाली)।** ढकोली थाना पुलिस ने राहगीरों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले युवक-युवती को गिरफ्तार किया है। जीरकपुर के स्वास्तिक विहार का रहने वाला रोहित शर्मा और पंचकूला के सेक्टर-21 की रहने वाली तबस्सुम की गिरफ्तारी के बाद अब इनके तीसरे साथी की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पंजाब नंबर की मारुति स्विफ्ट कार और हरियाणा नंबर की एक्टिवा स्कूटर बरामद की है। शिकायतकर्ता से लूटा गया सैमसंग मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, 10 हजार रुपये नकद और वारदात से संबंधित अन्य सामान भी बरामद हुआ है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड के दौरान फरार तीसरे आरोपित के ठिकाने के बारे में पूछताछ की जा रही है। ढकोली थाना प्रभारी सतनाम सिंह ने बताया कि 14 जुलाई को शाम नगर निवासी साजन ने शिकायत दी थी कि वह पंचकूला में आयोजित एक समारोह में कॉफी मशीन लगाने के बाद देर रात कार से घर लौट रहा था। रास्ते में उसे रोक लिया और लूटपाट कर मौके से फरार हो गए।

## पीआरटीसी कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से थमे बसों के पहिए, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**लुधियाना।** पंजाब सड़क परिवहन व्यवस्था को गुरुवार को बड़ा झटका लगा, जब पंजाब सड़क परिवहन निगम के संविदा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल का सीधा असर बस सेवाओं पर पड़ा और कई बसें डिपो तथा बस अड्डों पर ही खड़ी रह गईं। इसके कारण बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ लोगों ने मजबूरी में पंजाब रोडवेज अथवा निजी बसों से सफर किया। संविदा कर्मियों ने यह हड़ताल चंडीगढ़ डिपो के एक कंडक्टर को सेवा से बर्खास्त किए जाने के विरोध में शुरू की है। यूनियन का कहना है कि जब तक संबंधित कंडक्टर को दोबारा सेवा में बहाल नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन नेताओं ने साफ कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो हड़ताल लंबी खिंच सकती है।

# युवक ने युवती को गोली मार खुद भी दी जान!

## सुबह ही भेजा था बेरोजगार युवक से रिश्ता तोड़ने का मैसेज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** बुराड़ी थाना इलाके के कमालपुर में एक घर के अंदर युवक और युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक द्वारा लड़की को गोली मारने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। जांच में सामने आया है कि युवती ने गुरुवार सुबह ही युवक की बेरोजगारी की बात कहते हुए उससे रिश्ता खत्म करने की इच्छा जताई थी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती रायबरेली का, युवक था सोनीपत का

पुलिस के अनुसार, आज दोपहर करीब 4 बजे बुराड़ी पुलिस को सूचना मिली कि कमालपुर इलाके में एक कमरे के अंदर दो युवक-युवती मृत पड़े हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। युवती का नाम शिवागिनी (26 वर्ष) है। वह रायबरेली की निवासी है। वह दिल्ली के एनआईसी में कार्यरत थी। वहीं, युवक का नाम निखिल (26 वर्ष) है। वह सोनीपत जिले के पिनाना गांव का निवासी था। वह पंजाब के सारण में रह रहा था और वर्तमान में बेरोजगार था। पहले वह डीडीए में संविदा पर काम कर चुका था।

### बहन ने पुलिस को बुलवाया

घटना की जानकारी मृतका शिवागिनी की बहन निशागिनी (21 वर्ष) ने दी। वह बुराड़ी के एसडीएम स्कूल में शिक्षिका है। स्कूल से लौटने पर उन्होंने कमरा अंदर से बंद पाया। काफी प्रयास के बाद मकान मालिक और स्थानीय लोगों की मदद से कमरा खुलवाया गया, तब दोनों मृत अवस्था में मिले।

### रिश्ता खत्म करना चाहती थी युवती

प्रारंभिक जांच में पता चला कि दोनों के बीच करीब 6 महीने से रिश्ता चल रहा था। गुरुवार सुबह शिवागिनी ने निखिल को फोन कर रिश्ता खत्म करने की बात कही थी, जिसमें निखिल की बेरोजगारी मुख्य वजह बताई जा रही है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का है इंतजार

पुलिस को मौके से एक पिस्तौल और दो खाली कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस को अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। निखिल की बहन ने पुलिस को बताया कि घटना से ठीक पहले निखिल ने परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज के साथ अपना लाइव लोकेशन शेयर किया था।पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि यह हत्या के बाद आत्महत्या का मामला हो सकता है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

## लूट मामले में जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

**दिल्ली।** नेब सराय थाने की टीम ने स्कूटी व मोबाइल लूट मामले में जोमैटो डिलीवरी ब्वाय को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर आठ जुलाई को नेब सराय में एक व्यक्ति से उसकी स्कूटी व मोबाइल लूट लिया था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर तकनीकी निगरानी के आधार पर एक आरोपित सुधांशु कुमार उर्फ कार्तिक को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर लूटी गई होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद की। पुलिस ने बताया कि आठ जुलाई को नेब सराय थाने में एक स्कूटी चोरी होने की ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। हालांकि पुलिस जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने खुलासा किया कि सात जुलाई को तीन लोगों ने मिलकर उससे उसकी स्कूटी और मोबाइल फोन लूटा था। तथ्यों के आधार पर पुलिस ने मामले को तुरंत वाहन चोरी की धारा बदलकर लूट में दर्ज कर ली गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी सर्विलांस व जांच के बाद एक आरोपित को धर दबोचा। आरोपित की पहचान खानपुर के जवाहर पार्क निवासी सुधांशु कुमार उर्फ कार्तिक के रूप में हुई है।

# रक्षाबंधन पर इंडिया पोस्ट की खास पहल

## 28 अगस्त तक रविवार व अवकाश पर भी खुलेंगे चुनिंदा डाकघर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पटियाला।** रक्षाबंधन के पावन पर्व को देखते हुए इंडिया पोस्ट ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। पटियाला डिवीजन की डाक अधीक्षक (सुपरिंटेंडेंट पोस्ट ऑफिस) मोनिका ने बताया कि 15 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक पटियाला डिवीजन के चयनित डाकघर सभी रविवार और सरकारी अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। इन डाकघरों में राखी, पार्सल एवं अन्य डाक सामग्री की बुकिंग के साथ-साथ आधार नामांकन और आधार अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। खुले रहने वाले डाकघरों में सरहिंद, समाना, नाभा, मंडी गोबिंदगढ़, पटरान, पटियाला मुख्य डाकघर तथा राजपुरा मुख्य डाकघर शामिल हैं। मोनिका ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहनें अपने भाइयों को राखी, उपहार एवं अन्य डाक सामग्री समय पर, सुरक्षित और बिना किसी परेशानी के भेज सकें। उन्होंने बताया कि पटियाला मुख्य डाकघर और राजपुरा मुख्य डाकघर में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक आधार नामांकन एवं आधार अपडेट की सुविधा उपलब्ध है, जिसका नागरिक अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा पटियाला डिवीजन के सभी शाखा डाकघरों में भी राखी एवं अन्य डाक सामग्री की बुकिंग की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने निकटतम डाकघर में ही सुविधा मिल सके। ग्राहकों की सुविधा के लिए डाकघरों में पार्सल पैकिंग की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही वॉटरप्रूफ, सेल्फ-एडहेसिव, आकर्षक रंगीन विशेष राखी लिफाफे और स्पेशल राखी बॉक्स भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी मदद से राखियां और उपहार सुरक्षित रूप से भेजे जा सकते हैं। डाक अधीक्षक मोनिका ने नागरिकों से अपील की कि वे राखी, उपहार एवं अन्य डाक सामग्री भेजने के लिए इंडिया पोस्ट की स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल तथा अन्य डाक सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट अपने ग्राहकों को समयबद्ध, सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा रक्षाबंधन के अवसर पर हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## धूमधाम से आयोजित हुआ जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव

### भक्तिमय माहौल में उमड़े श्रद्धालु

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**श्रीभूमि-** असम के श्रीभूमि जिले के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ आउलआला गांव में भी 16 जुलाई, गुरुवार को भगवान श्री श्री जगन्नाथ की पवित्र रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में निकाली गई। इस वर्ष आउलआला सार्वजनिक रथयात्रा महोत्सव ने अपने 18वें वर्ष में प्रवेश किया। आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। शाम छह बजे आउलआला शिव मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा एवं शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा श्रीसाराएफ कैंप और तिमुखा क्षेत्र से होकर गुजरी और पुनः शिव मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। रथयात्रा के अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। बच्चों और श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद लिया। शोभायात्रा के समापन के बाद भगवान श्री जगन्नाथ की आरती, दशावतार गीत, भक्तिमय नृत्य सहित कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज में शांति, सद्भाव, सौहार्द और समृद्धि की कामना की गई। महोत्सव के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी सराहना की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रनु सिन्हा, उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा, सचिव रंजू सिन्हा, सह-सचिव रीमी सिन्हा सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## केजरीवाल-सिसोदिया को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी आखिरी मोहलत, आबकारी घोटाला केस में 2 हफ्ते में देना होगा जवाब

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में आरोपमुक्त करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ सीबीआई की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्य अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व आप नेता दुर्गेश पाठक को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है। अदालत ने कहा कि रजिस्ट्री से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, इन तीनों नेताओं ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। पीठ ने कहा कि इस मामले में आप नेताओं को पहले भी मौका दिया गया है, लेकिन न्याय के हित में उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए एक आखिरी मौका दिया जा रहा है। अदालत ने केजरीवाल सहित अन्य को दो सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

# मुकेरियां और तलवाड़ा में गूंजेगा शिव भक्ति का स्वर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**तलवाड़ा-** पंजाब के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने कहा कि मुकेरियां और तलवाड़ा में भगवान शिव को समर्पित भव्य धार्मिक समागम 'एक शाम भगवान शिव के नाम' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 जुलाई को मुकेरियां के एसपीएन कॉलेज मैदान तथा 19 जुलाई को तलवाड़ा के नर्सरी ग्राउंड में शाम 6:30 बजे आयोजित होने वाले इस विशाल धार्मिक समागम में देश के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को शिव भक्ति के रंग में रंगेंगे। विधायक करमवीर सिंह घुम्मण तथा सनातन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में दीपक बाली ने बताया कि पहली बार इस क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समागम में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दीपक बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा और आयोजन की व्यवस्थाओं में पूरा सहयोग दे रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इस समागम में श्रद्धालु के रूप में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सामाजिक सौहार्द का उत्सव है, जो क्षेत्र में भाईचारे और एकता को नई मजबूती देगा। विधायक करमवीर सिंह घुम्मण ने कहा, 'यह आयोजन किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था और जनसहयोग का प्रतीक है।

पंजाब सरकार द्वारा सभी आवश्यक प्रबंधों में पूरा सहयोग दिया जा रहा है, जबकि स्थानीय मंदिर समितियां, धार्मिक संस्थाएं और समाजसेवी संगठन मिलकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने मुकेरियां, तलवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे परिवार सहित इस भव्य धार्मिक समागम में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश मजबूत करें। सनातन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि यह समागम पंजाब की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनें और भगवान शिव की भक्ति में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस मौके पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) निधि कुमुद बंबाह, एसडीएम मुकेरियां ज्योत्सना, एसडीएम दसूहा कंवलजीत सिंह, एसपी नवनीत कौर, सहायक कमिश्नर (सामान्य) सुमित मुध, सहायक कमिश्नर (अंडर ट्रेनिंग) गुरकंवल सिंह, अधिक सहायक कमिश्नर गुरप्रीत कौर के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## जालंधर ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 102 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**जालंधर।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जालंधर ग्रामीण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए स्टाफ जालंधर ग्रामीण ने एक कथित ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 102 ग्राम हेरोइन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) जालंधर ग्रामीण एस. हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि उनके निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक (जांच) विनीत अहलावत (आईपीएस) तथा उप पुलिस अधीक्षक (जांच) लखविंदर सिंह की निगरानी में सीआईए स्टाफ ने यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2026 को सीआईए स्टाफ की टीम थाना मकसूदां क्षेत्र में गश्त और वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान अड्डा बिधीपुर के पास एक युवक मोटरसाइकिल पर गलत दिशा से आता दिखाई दिया। पुलिस नाका देखकर उसने वापस मुड़ने का प्रयास किया, लेकिन मोटरसाइकिल बंद हो गई। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी की हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल (नंबर PB-09-AN-6663) की टूलकिट में छिपाकर रखी गई 102 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दलविंदर सिंह (25) पुत्र जसवंत सिंह निवासी गांव डोगरावाल, थाना सुभानपुर, जिला कपूरथला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मकसूदां में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 61 और 85 के तहत एफआईआर संख्या 111, दिनांक 14 जुलाई 2026 दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह पहले एक मेडिकल स्टोर पर काम करता था, लेकिन जल्दी पैसा कमाने की लालच में नशा तस्करी से जुड़ गया। पूछताछ में उसने यह भी बताया कि वह कपूरथला क्षेत्र से कम कीमत पर हेरोइन लाकर मकसूदां और आसपास के इलाकों में सप्लाई करता था। एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर हेरोइन के स्रोत, खरीददारों और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जाएगी। साथ ही मामले के सभी आगे और पीछे के लिंक की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी से अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों को कानून के प्रावधानों के तहत जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## 33 साल से अधिक की कैद के बाद भी भाई परमजीत सिंह भिओरा की रिहाई पर फैसला नहीं

### पंजाब सरकार न्याय में देरी कर रही: सरना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल दिल्ली के अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना ने प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया है कि लगभग 33 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद भाई परमजीत सिंह भिओरा की समयपूर्व रिहाई संबंधी याचिका पर पंजाब सरकार अब तक कोई निर्णय नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि बुरैल जेल प्रशासन को इस संबंध में पंजाब सरकार को पांचवीं बार रिमाइंडर भेजना पड़ा है, जो सरकार की उदासीनता को दर्शाता है सरना ने कहा कि भाई परमजीत सिंह भिओरा के खिलाफ दर्ज सभी मामले समाप्त हो चुके हैं। जेल रिकॉर्ड के अनुसार उनका आचरण भी संतोषजनक रहा है। इसी आधार पर जेल प्रशासन ने स्वयं उन्हें समयपूर्व रिहाई के लिए आवेदन करने की सलाह दी थी। इसके बावजूद भी उनकी याचिका कई महीनों से पंजाब सरकार के पास लंबित पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जब जेल प्रशासन को पांचवीं बार रिमाइंडर भेजना पड़े, तो यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। उनका कहा कि जिस व्यक्ति के खिलाफ सभी कानूनी मामले समाप्त हो चुके हों और जिसका जेल रिकॉर्ड भी अच्छा हो, उसकी रिहाई पर लगातार निर्णय टालना न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है सरना ने कहा कि बंदी सिखों की रिहाई लंबे समय से सिख समुदाय की प्रमुख मांग रही है, लेकिन विभिन्न सरकारों ने इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने के बजाय इसे लगातार लंबित रखा है। उन्होंने कहा कि न्याय में अनावश्यक देरी लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक समानता की भावना के अनुरूप नहीं है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने भी बंदी सिखों की रिहाई के संबंध में कई बार पंजाब सरकार को पत्र लिखे, लेकिन न तो उन पत्रों का कोई जवाब दिया गया और न ही प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय दिया गया।सरना ने पंजाब सरकार से मांग की कि भाई परमजीत सिंह भिओरा सहित सभी बंदी सिखों की रिहाई से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा, 'न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान है। अब समय आ गया है कि पंजाब सरकार अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए इस मामले में तत्काल निर्णय ले।

## सिलापथार नगर में जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा



**धेमाजी असम।** आज सनातन हिन्दू धर्म के लोगों ने दुनिया का विभिन्न स्थानों में जगन्नाथ महाप्रभु का रथ यात्रा महोत्सव पालन कर रहे हैं। रथ यात्रा को मध्यनजर रखते हुए धेमाजी जिले के सिलापथार नगर में तीन तीन भक्तों की समूह ने रथ यात्रा निकाली, जिसमें सिलापथार सार्वजनिक काली मंदिर संचालन समिति,अमृतपुर मंदिर , और सोसाइटी का भक्तों समूह ने रथ यात्रा निकली । पुष्प सज्जा से सजाए गए रथ में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, और बहन सुभद्रा की प्रतिमूर्ति को सजाकर सिलापथार नगर में निकाली गई रथ यात्रा में हजारों की तादात में श्रद्धालुओं ने नाचते गाते रथ खींचते हुए हरे कृष्ण ध्वनि से भक्तिमय कर दिया नगर की माहौल। सिलापथार सार्वजनिक कालीबाड़ी मंदिर में 24 जुलाई शुक्रवार को उल्टे (वापसी)रथ यात्रा के दिन भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। पूर्ण रथ के बाद सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपील किया मंदिर संचालन समिति की तरफ से लोगों को आह्वान किया।

## सोनम वांगचुक का अनशन 19वें दिन भी जारी, 'फोर्स फीडिंग' की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई टाल दी क्योंकि बार एसोसिएशन की हड़ताल के कारण सरकारी वकील उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने मामले की तात्कालिकता को देखते हुए इसे गुरुवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि याचिका की प्रति अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और दिल्ली सरकार के वकील को उपलब्ध कराई जाए। याचिकाकर्ता राकेश कुमार सैनी ने कहा कि एक शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी के सामने पूरे देश के सामने अपनी जान देने की स्थिति 'दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण' है। याचिका में सरकार से वांगचुक से बातचीत करने और उनकी मदद करने के निर्देश मांगे गए हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्हें फोर्स फीडिंग कराने का भी अनुरोध किया गया है।

# उड़ान म्यूज़िक बैंड की इंसानियत भरी पहल

## लुधियाना में 23 ज़रूरतमंद लोगों को मुफ़्त प्रोस्थेटिक अंग दिए गए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लुधियाना-** आज लुधियाना में एक्ट ह्यूमन और डू गुड फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर उड़ान म्यूज़िक बैंड ने प्रोस्थेटिक अंग लगाने और फिटमेंट कैंप का सफल आयोजन किया। इस इंसानियत भरी पहल के तहत, 23 आर्थिक रूप से कमज़ोर और खास ज़रूरतों वाले लोगों को मुफ़्त प्रोस्थेटिक अंग दिए गए, जिससे न सिर्फ़ उन्हें बेहतर चलने-फिरने में मदद मिली, बल्कि उन्हें नए आत्मविश्वास और इज़्ज़त के साथ ज़िंदगी जीने की उम्मीद भी मिली। यह कैंप फ़ायदों को एक आज़ाद और इज़्ज़तदार ज़िंदगी की ओर ले जाने में एक अहम कदम साबित हुआ। प्रोस्थेटिक अंगों की फिटिंग एक्सपर्ट्स की देखरेख में की गई ताकि हर फ़ायदा उठाने वाले को आसान और असरदार मदद मिल सके। इस इवेंट में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, डिस्ट्रिक्ट सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर वरिंदर सिंह तिवाना, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लुधियाना के सेक्रेटरी नवनीत जोशी और दूसरे खास मेहमान शामिल हुए। मेहमानों ने इस समाज सेवा की पहल की बहुत तारीफ़ की और कहा कि ऐसी पहल समाज में बराबरी, सहयोग और इंसानियत की भावना को और मज़बूत करती हैं। उन्होंने खास तौर पर उड़ान म्यूज़िक बैंड के युवा सदस्यों आदित्य पाहवा, अमाया साहनी, उद्धव कपूर, अनाहिता जैन, त्रिशिर अग्रवाल और कृष्णव पाहवा की तारीफ़ की, जो म्यूज़िक के ज़रिए पैसे जमा करके ज़रूरतमंदों के लिए ज़िंदगी बदलने वाले प्रोजेक्ट्स में मदद कर रहे हैं। जिन लोगों को नकली अंग मिले, उन्होंने ऑर्गनाइज़ करने वाली संस्थाओं का दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इस मदद से उन्हें नई हिम्मत, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की उम्मीद मिली है।उड़ान म्यूज़िक बैंड, एक्ट ह्यूमन और डू गुड फ़ाउंडेशन ने दोहराया कि वे भविष्य में भी ऐसी मिलकर समाज सेवा की पहल करते रहेंगे, ताकि ज़्यादा से ज़्यादा ज़रूरतमंद लोगों की ज़िंदगी में अच्छा बदलाव लाया जा सके और समाज सेवा और सहयोग के लिए मोटिवेट हो सके।

# 23 जुलाई को बंगा में सजेगा गुरु रविदास कीर्तन दरबार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नवांशहर।** गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पंजाब सरकार की ओर से राज्यभर में जिला स्तरीय कीर्तन दरबार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 23 जुलाई को शहीद भगत सिंह नगर जिले के बंगा में जिला स्तरीय कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख ने बुधवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने पार्किंग, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, साउंड सिस्टम, चिकित्सा टीम, एम्बुलेंस तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए।

साथ ही आयोजन स्थल पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख ने कहा कि गुरु रविदास महाराज जी ने समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय का संदेश दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से इस पावन आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) संजीव शर्मा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) अवनीत कौर, एसडीएम बंगा विपन भंडारी, सहायक आयुक्त (जनरल) रमनजीत सिंह, पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल की अध्यक्षता में (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह संपन्न

**दीक्षांत समारोह में 81,882 विद्यार्थियों को उपाधियाँ, 236 मेधावियों को 242 पदक प्रदान किए गए ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज का नवम दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 81,882 उपाधियाँ प्रदान की गई। इनमें 42,960 छात्राएँ तथा 38,922 छात्र सम्मिलित हैं। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 236 विद्यार्थियों को कुल 242 पदक प्रदान किए गए, जिसमें विभिन्न विषयों में उत्कृबैग6ष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 73 विधार्थियों को गोल्ड मेडल, 82 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल व 87 विद्यार्थियों को कांस्य मेडल प्रदान किया। पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 158 छात्राएँ तथा 78 छात्र शामिल हैं। सभी उपाधियों को डिजीलॉकर पर उपलब्ध कराया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को डिग्रियों की हार्ड कॉपी प्राप्त करने के बजाय डिजिलॉकर के माध्यम से अपनी डिग्रियां ऑनलाइन डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाए। दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति के द्वारा विश्वविद्यालय की तीन महत्वपूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं-अकादमिक भवन-सी, लर्निंग रिसोर्स सेंटर (प्रथम तल) एवं समेकित सुविधा भवन का लोकार्पण किया गया। इन भवनों से हजारों विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और शोध की सुविधा उपलब्ध होगी। कुलाधिपति जी के द्वारा समाजसेवी श्री खत्री अब्दुल सत्तार बापू को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मानद डी.लिट. उपाधि से सम्मानित किया। उन्होंने मानद उपाधि प्राप्तकर्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ मानवता की सेवा ही सच्ची उपाधि है। इस दौरान विश्वविद्यालय की वार्षिक स्मारिका एवं विभिन्न प्रतिवेदनों का लोकार्पण किया गया। अध्यापन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 04 शिक्षकों, खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले 14 खिलाड़ियों तथा एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत गोद लिए गए गांवों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए जन भवन की ओर से पुस्तकें भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा ही जीवन सुरक्षा हैं, विषय पर आधारित मनमोहक प्रस्तुती दी गयी। कार्यक्रम में राजकीय बालिका गृह की बालिकाओं द्वारा ''आरम्भ है, प्रचण्ड है'' गीत पर प्रस्तुती देकर सभी का मन मोह लिया। राज्यपाल ने टीका लगवाने वाली बेटियों से संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और एचपीवी टीकाकरण के महत्व को अन्य लोगों तक भी पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीर्थराज प्रयागराज की पुण्यधरा, जहाँ ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संगम अनादि काल से मानवता का मार्ग आलोकित करता आया है, उस पावन भूमि पर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

# पत्रकार से मोबाइल व नकदी छीनने का प्रयास, शोर मचाने पर बदमाश फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर के पास बुधवार रात लगभग 10 बजे पत्रकार राहुल जायसवाल से मोबाइल और नकदी छीनने का प्रयास किया गया। हालांकि उनकी सतर्कता और साहस के चलते बदमाश अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए।जानकारी के अनुसार, पत्रकार राहुल किसी खबर के सिलसिले में अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर गए थे। लौटते समय रास्ते में स्कूटी सवार दो युवकों ने उन्हें रोककर मोबाइल और पैसे छीनने का प्रयास किया। इस दौरान राहुल जायसवाल ने तत्काल शोर मचा दिया, जिससे आसपास हलचल होने लगी। खुद को घिरता देख दोनों बदमाश स्कूटी से मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना तत्काल नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई। सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश की, लेकिन तब तक दोनों आरोपी फरार हो चुके थे।पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता का माहौल है।

**पत्रकार राहुल किसी खबर के सिलसिले में अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर गए थे। लौटते समय रास्ते में स्कूटी सवार दो युवकों ने उन्हें रोककर मोबाइल और पैसे छीनने का प्रयास किया। इस दौरान राहुल जायसवाल ने तत्काल शोर मचा दिया, जिससे आसपास हलचल होने लगी। खुद को घिरता देख दोनों बदमाश स्कूटी से मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना तत्काल नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई।**

# महर्षि महेश योगी आश्रम में भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**राहुल संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी स्थित महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। रथ यात्रा में मुख्य पुजारी सतपति वीरांचि ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। कार्यक्रम में आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, बसंत दास, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, ऋषि त्रिवेदी, राम मंगल गुप्ता, सियाराम, जितेंद्र दास सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ जी के जयघोष के साथ रथ यात्रा में सहभागिता निभाई और आयोजन के सफल संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भगवान जगन्नाथ जी से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# ललितपुर में दुष्कर्म का वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** चलती कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने महज 24 घंटे के भीतर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग किए जाने के बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली ललितपुर में दर्ज मु.अ.सं. 776/2026 में बीएनएस की धारा 70(1) एवं 351(2) के तहत दर्ज दुष्कर्म के मामले में ग्राम बमरौली सुरेन्द्र सेन पुत्र राकेश सेन वांछित चल रहा था। घटना के संबंध में पीड़िता की तहरीर पर 15 जुलाई 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार विशेष पुलिस टीमें गठित की थीं। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर हुई घेराबंदी, पुलिस पर की फायरिंग गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चंदेरी की ओर जाने वाले मार्ग से गुजरने वाला है। सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं स्वाट टीम ने राजघाट बांध की नहर की पटरी स्थित मैलार रोड चौराहे के पास वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक बलेनो कार पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगी। पुलिस को संदेह होने पर कार का पीछा किया गया। पुलिस के अनुसार, पीछा किए जाने पर कार से उतरकर एक युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा, लेकिन उसने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से देशी तमंचे से फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# 1.99 करोड़ की अवैध मादक पदार्थ की खेप नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नारकोटिक्स टास्क फोर्स अपराध शाखा व गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा कुल 398.8 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ का विधिवत विनष्टीकरण (दहन) किया गया जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 99 लाख 40 हजार रुपये/- है । विदित हो कि पूर्व में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के तस्करों पर कठोर प्रहार करते हुए भारी मात्रा में उक्त अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी की गई थी तथा संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई थी । इस संबंध में थाना नवाबगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । बरामद मादक पदार्थ को विधिक प्रक्रिया के तहत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (स्नस्रु) परीक्षण हेतु भेजा गया था । प्राप्त परीक्षण परिणाम में बरामद माल के अवैध एन0डी0पी0एस0 पदार्थ (गांजा) होने की पूर्णतः पुष्टि हुई है । इस अभियोग में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा गहन विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है । बरामदशुदा इस भारी मात्रा के अवैध मादक पदार्थ के समूल निस्तारण हेतु कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष धारा-52A एनडीपीएस एक्ट की विधिक कार्यवाही पूर्ण करवाई गई । न्यायालय के आदेशों के अनुपालन के पश्चात, अग्रिम कार्यवाही के क्रम में श्रीमान पुलिस महानिदेशक , उत्तर प्रदेश एवं पुलिस महानिरीक्षक, एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से विनष्टीकरण हेतु विधिवत अनुमति प्राप्त की गई । दहन (विनष्टीकरण) की इस वृहद कार्यवाही को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में नारकोटिक्स टास्क फोर्स (अपराध शाखा), कमिश्नरेट प्रयागराज की टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

**ब्यूरो प्रयागराज ।** हण्डिया पर मु0अ0सं0-340/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शादाब पुत्र मुस्लिम शाह उर्फ गुन्नी निवासी ग्राम श्रीपुर थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस द्वारा आज थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम श्रीपुर के बाहर स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । पीड़िता के बयान एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-65(1) भा0न्या0सं0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । उल्लेखनीय है कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा मुकदमा वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने के सम्बंध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-340/26 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

# पारिवारिक कलह के चलते युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

**तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी प्रयागराज।**औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुरवा खास गांव में एक 32 वर्षीय युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान अंकित मिश्रा (32), पुत्र लालचंद मिश्रा के रूप में हुई है। घटना गुरुवार तड़के की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा कमरे की सघन तलाशी ली गई, लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरुआती पूछताछ में परिवार के सदस्य इस घटना का कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंकित मिश्रा अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह गांव में ही स्थित एक सरकारी राशन की दुकान पर काम करता था। करीब छह साल पहले उसका विवाह हुआ था और उसकी तीन छोटी बेटियां हैं। गुरुवार सुबह जब परिवार के सदस्य उसके कमरे में गए, तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। घर में चीख-पुकार मचने के बाद आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।पुलिस के मुताबिक, प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि अंकित का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी कारण उसकी पत्नी पिछले करीब तीन महीनों से अपनी बहन के घर रह रही थी। पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

## डांडी में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के डांडी इलाके में सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की पत्नी ने थाना नैनी में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, डांडी निवासी अजीत कुमार श्रीवास्तव 8 जुलाई 2026 की रात करीब 8 बजे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति और लापरवाही से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बिना रुके और बिना घायल की सहायता किए मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में अजीत कुमार श्रीवास्तव को गंभीर चोटें आई, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए आशुतोष हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर, बालसन चौराहा, प्रयागराज में भर्ती कराया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मदनपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), पॉक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मदनपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना मदनपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2026 के तहत धारा 69, 351(2), 351(3) बीएनएस, धारा 5(जे)(द्वितीय)/6 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 3(2)(व्ही.) एससी/एसटी एक्ट में वांछित आरोपी गोविन्द घोषी पुत्र स्व.कृपाल सिंह, निवासी ग्राम बंगरिया, थाना पाली, जनपद ललितपुर (हाल निवासी ग्राम मदनपुर, थाना मदनपुर) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को 16 जुलाई 2026 को दोपहर 1.50 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# क्षेत्रीय अध्यक्छ का नैनी में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया का गुरुवार को नैनी मंडल के मेवालाल की बगिया स्थित ऐतिहासिक चौराहे पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर जिला अध्यक्ष नरसिंह ने किया। इस अवसर पर नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक घनश्याम जायसवाल, पार्षद राकेश जायसवाल, नैनी मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एवं नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, पार्षद अनूप भारतीय, जय कृष्ण तिवारी, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश मिश्रा एवं दिनेश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष श्याम मिश्रा, समर सिंह, युसूफ अंसारी, विनय सिंह, धर्मराज पटेल, बब्बू यादव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

# ललितपुर में 29वीं अंतर्जनपदीय पुलिस बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर में आयोजित 29वीं अंतर्जनपदीय तीन दिवसीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्यप्रकाश रहे, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पदक, चल वैजयंती शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना की। समारोह की शुरुआत अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह द्वारा जिलाधिकारी सत्यप्रकाश का बैज लगाकर स्वागत एवं सम्मान करने से हुई। इसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 जुलाई तक रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में किया गया, जिसमें कानपुर जोन के नौ जनपद–कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, फतेहगढ़, इटावा, झांसी, जालौन और ललितपुर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 75 पुरुष एवं 25 महिला खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाडियों ने पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। बैडमिंटन की टीम स्पर्धा में कानपुर देहात की पुरुष एवं महिला दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर चल वैजयंती शील्ड अपने नाम की। व्यक्तिगत स्पर्धा में पुरुष वर्ग का खिताब इटावा के खिलाड़ी ने जीता, जबकि महिला वर्ग में कानपुर देहात की खिलाड़ी विजेता बनी। टेबल टेनिस की टीम स्पर्धा में पुरुष वर्ग में झांसी तथा महिला वर्ग में जालौन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में कानपुर देहात के खिलाडियों ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति ने आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026, जो जुलाई माह में मुरादाबाद में प्रस्तावित है, उसके लिए कानपुर जोन की टीम का चयन भी किया।

# तीसरी बार किराना दुकान में पेट्रोल डालकर लगाई आग, सीसीटीवी में कैद हुआ नकाबपोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम खितवांस में एक किराना व्यापारी की दुकान को लगातार निशाना बनाए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने दो माह के भीतर तीसरी बार दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधकर दुकान पर पेट्रोल छिड़कने और आग लगाकर मौके से भागते हुए दिखाई दे रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक ललितपुर को शिकायती पत्र देकर आरोपी की गिरफ्तारी और अपनी सुरक्षा की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम खितवांस निवासी मुकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप कटारे गांव में ही किराना एवं परचून की दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि करीब दो माह पहले उनकी दुकान में पहली बार आग लगाई गई थी। उस समय उन्होंने इसे सामान्य दुर्घटना समझकर पुलिस से शिकायत नहीं की थी। इसके बाद 3 जुलाई 2026 की रात करीब 10:30 बजे दुकान बंद कर घर जाने के बाद रात लगभग 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस बार पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित ने इसकी शिकायत खितवांस पुलिस चौकी पर की, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते आरोपी के हौसले और बढ़ गए। इसके बाद 15 जुलाई 2026 की तड़के सुबह करीब 4:44 बजे वही अज्ञात व्यक्ति फिर दुकान पर पहुंचा। उसने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था और दुकान पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख पास की दुकान में सो रहे एक ग्रामीण की नींद खुल गई। उसने तत्काल शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया, जिसके बाद सभी ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाई। हालांकि तब तक दुकान में रखा काफी सामान जल चुका था और व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पीड़ित का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं से उसका परिवार भयभीत है। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की अन्य दुकानों और मकानों तक भी आग फैल सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद ग्राम खितवांस सहित आसपास के व्यापारियों में भी भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं। पीड़ित मुकेश कुमार कटारे ने 16 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक ललितपुर को शिकायती पत्र देकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर तत्काल गिरफ्तारी, अपनी एवं परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आगजनी से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।

# ओलावृष्टि से बर्बाद फसल का मुआवजा न मिलने पर किसानों का फूटा गुस्सा, डीएम से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद के तहसील तालबेहट अंतर्गत ग्राम देवरान के किसानों ने रबी सीजन 2025-26 में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई गेहूं की फसल का बीमा मुआवजा अब तक न मिलने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। किसानों ने जिलाधिकारी ललितपुर को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि फसल क्षति का सर्वे होने और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद बीमा कंपनी अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं कर रही है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आमरण अनशन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। किसानों ने बताया कि वर्ष 2025-26 के रबी सीजन में उन्होंने अपनी कृषि भूमि पर गेहूं की फसल बोई थी। फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अचानक हुई भीषण ओलावृष्टि ने पूरी फसल को बर्बाद कर दिया। प्राकृतिक आपदा के बाद तत्कालीन उपजिलाधिकारी (एसडीएम), बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव पहुंचकर फसल क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया था। जांच के दौरान खेतों में हुए भारी नुकसान की पुष्टि भी की गई थी और किसानों को जल्द बीमा दावा मिलने का आश्वासन दिया गया था। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी फसल एआईसी के माध्यम से बीमित थी, इसलिए उन्हें उम्मीद थी कि प्राकृतिक आपदा के बाद समय पर बीमा राशि मिल जाएगी। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी न तो बीमा कंपनी की ओर से भुगतान किया गया और न ही किसी प्रकार की स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। किसानों का आरोप है कि कंपनी जानबूझकर उनके दावों को लंबित रखकर टालमटोल कर रही है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराते हुए बीमा कंपनी को तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है और लगातार नुकसान के कारण परिवारों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। शिकायती पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि जल्द ही बीमा राशि का भुगतान नहीं कराया गया तो ग्राम देवरान के किसान सामूहिक रूप से आमरण अनशन करने को विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित बीमा कंपनी की होगी।

# भगवान जगन्नाथ मंदिर में पारंपरिक 'पहंडी' अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न


ओडिशा के पुरी में नौ दिनों तक चलने वाली वार्षिक रथ यात्रा की शुरुआत लागातार बारिश और लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 'पहंडी' की रस्म के साथ हुई। 'पहंडी' की रस्म में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के विग्रहों को 12वीं सदी के पुरी मंदिर से रथों तक ले जाया जाता है। घंटियों, शंख और झांझ की ध्वनि के बीच, चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि श्री सुदर्शन भगवान विष्णु का अस्त्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में की जाती है। उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई भगवान बलभद्र के विग्रह को भी उनके 'तालध्वज' रथ पर स्थापित किया गया।सेवादारों द्वारा 'शून्य पहंडी' शैली में भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन देवी सुभद्रा के विग्रह को उनके रथ तक ले लाया गया। अंत में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ के विग्रह को मंदिर से बाहर लाया गया, तो 'बड़ा डंडा' पर भक्तों की भावनाएं



उमड़ पड़ीं। उन्होंने अपने हाथ उठाकर और 'जय जगन्नाथ' का जयघोष कर महाप्रभु के रथ पर विराजमान होने का जश्न मनाया। 'पहंडी' अनुष्ठान में तीनों देव विग्रहों को एक औपचारिक जुलूस के साथ उनके संबंधित रथों तक लाया जाता है। ये रथ मंदिर के 'सिंह द्वार' के सामने खड़े किए जाते हैं, ताकि उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जा सके। इस 12वीं सदी के मंदिर से लगभग 2.6 किलोमीटर दूर स्थित श्री गुंडिचा मंदिर को इन देवी-देवताओं का जन्मस्थान माना जाता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार रथ यात्रा के अनुष्ठान पूर्वाह्न नौ बजे शुरू हुए। अधिकारियों ने बताया कि 'बड़ा डंडा' से बारिश का पानी निकालने और रथों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाने के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं, क्योंकि भक्त भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को मंदिर से श्री गुंडिचा मंदिर तक इसी रास्ते से खींचकर ले जाएंगे।मंदिर के एक पदाधिकारी ने बताया कि पूर्ववर्ती पुरी रियासत के राजा गजपति महाराजा दिब्यसिंह देब द्वारा पारंपरिक 'छेरा पहरा' करने और पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के आने के बाद, शाम चार बजे भक्त रथ खींचना शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि हर साल उड़िया महीने 'आषाढ़ शुक्ल तिथि' के दूसरे दिन आयोजित होने वाली रथ यात्रा ही वह एकमात्र मौका है, जब भाई-बहन के रूप में पूजे जाने वाले देवी-देवताओं के विग्रहों को 'रत्न सिंहासन'से उतारकर मंदिर से बाहर लाया जाता है। पुरी में हो रही भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और वे 'बड़ा डंडा' पर नृत्य करते और रथ यात्रा का जश्न मनाते हुए देखे गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, पुरी में पिछले 48 घंटों में 233 मिमी बारिश हुई है और समुद्र के किनारे बसे इस शहर में दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक वाई बी खुरानिया ने बताया कि पुरी में कई स्तरों पर सुरक्षा के इंतज़ाम किए गए हैं और इस उत्सव के लिए भारतीय पुलिस सेवा के 19 अधिकारियों और लगभग 13,000 अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, त्वरित कार्रवाई बल सहित केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियों को रणनीतिक जगहों पर तैनात किया गया है।

# पाकिस्तान में दो आतंकी हमले, तीन पुलिसकर्मियों की मौत, 34 घायल

**पेशावर(एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए दो अलग-अलग आतंकी हमलों में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 34 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में चार आतंकवादियों को मार गिराया और इलाके में व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पहला हमला लोअर दिर जिले के हैदर क्षेत्र स्थित लादम टॉप के पास हुआ, जहां आतंकवादियों ने पुलिस के काफिले पर हथगोले फेंकने के बाद स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस की दो गाड़ियों में भी आग लगा दी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। दूसरी घटना बन्नू जिले के मिरयान पुलिस थाने में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी के जरिए किए जाने वाले आत्मघाती हमले की साजिश को विफल कर दिया। सुरक्षा बलों ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही वाहन को नष्ट कर दिया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। इस हमले में 15 पुलिसकर्मी घायल



**पहला हमला लोअर दिर जिले के हैदर क्षेत्र स्थित लादम टॉप के पास हुआ, जहां आतंकवादियों ने पुलिस के काफिले पर हथगोले फेंकने के बाद स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस की दो गाड़ियों में भी आग लगा दी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। दूसरी घटना बन्नू जिले के मिरयान पुलिस थाने में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी के जरिए किए जाने वाले आत्मघाती हमले की साजिश को विफल कर दिया।**

हुए, जिनमें 10 की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए पेशावर भेजा गया है। बन्नू जिले के पुलिस अधिकारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) मुहम्मद फुरकान बिलाल ने दोनों घटनाओं की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षा बलों ने प्रभावित क्षेत्रों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और हमलावरों के नेटवर्क का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# जेनेटिक्स से स्वस्थ भविष्य की राह, जयपुर में 'जीनवेदा' की नई पहल

जयपुर। आधुनिक विज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने और आनुवंशिक बीमारियों की समय रहते पहचान व रोकथाम के उद्देश्य से जयपुर में 'जीनवेदा' की स्थापना की गई है। संस्थापक डॉ. अदिति माथुर (पीएचडी, जेनेटिक्स) का उद्देश्य जेनेटिक परीक्षण और जेनेटिक काउंसेलिंग को सरल, सुलभ और विश्वसनीय बनाकर परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में मदद करना है। डॉ. अदिति माथुर ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो से मेडिकल जेनेटिक्स में एमएससी तथा यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन से जेनेटिक्स में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। विदेश में शोध और प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि जेनेटिक्स किस प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने राजस्थान लौटकर जीनवेदा की शुरुआत की। जीनवेदा में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में देरी, बार-बार गर्भपात, बीटा-थैलेसीमिया, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी तथा कैंसर जैसी वंशानुगत बीमारियों से जुड़े मामलों में वैज्ञानिक जांच और विशेषज्ञ परामर्श




उपलब्ध कराया जाता है। यहां केवल जेनेटिक परीक्षण ही नहीं, बल्कि रिपोर्ट की विस्तृत व्याख्या और परिवारों को उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन भी दिया जाता है। डॉ. अदिति का कहना है कि आनुवंशिक बीमारियों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण कई लोग समय पर जांच नहीं करा पाते।

जबकि आधुनिक जेनेटिक परीक्षण के माध्यम से जोखिमों की पहचान कर भविष्य में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। यह सुविधा परिवार नियोजन कर रहे दंपत्तियों, गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और अस्पष्ट बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। जीनवेदा का लक्ष्य आधुनिक जीनोमिक मेडिसिन की सुविधाओं को महानगरों तक सीमित न रखकर राजस्थान के हर परिवार तक पहुंचाना है। संस्थान का मानना है कि सही जानकारी, समय पर जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को कई आनुवंशिक बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है।

# फिश ऑयल से नहीं टला अल्जाइमर का खतरा, नए अध्ययन में बड़ा खुलासा

**वॉशिंगटन।** दिमाग की सेहत और याददाश्त बेहतर रखने के लिए फिश ऑयल कैप्सूल लेने वालों के लिए एक नया अध्ययन चौंकाने वाला है। अमेरिका की केक मेडिसिन ऑफ यूएससी की रिसर्च में पाया गया है कि फिश ऑयल सप्लीमेंट अल्जाइमर रोग की रोकथाम में कोई खास लाभ नहीं पहुंचाते, हालांकि इनमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड डीएचए (DHA) दिमाग तक जरूर पहुंचता है। यह अध्ययन ईबायोमेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोध में 55 से 80 वर्ष आयु वर्ग के 365 ऐसे लोगों को शामिल किया गया, जो कम मछली खाते थे और अल्जाइमर के उच्च जोखिम वाले माने जाते थे। इनमें से लगभग आधे प्रतिभागियों में एपीओई4 (APOEy) जीन भी मौजूद था, जिसे इस बीमारी के बढ़े हुए खतरे से जोड़ा जाता है। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा। एक समूह को दो वर्षों तक उच्च मात्रा में डीएचए सप्लीमेंट दिया गया, जबकि दूसरे समूह को प्लेसीबो (निष्क्रिय गोली) दी गई। इस दौरान उनकी याददाश्त, सोचने-



समझने की क्षमता और मस्तिष्क में होने वाले बदलावों का लगातार मूल्यांकन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि छह महीने बाद प्रतिभागियों के मस्तिष्क के आसपास मौजूद तरल पदार्थ में डीएचए का स्तर औसतन 17 प्रतिशत बढ़ गया। इसके बावजूद याददाश्त, संज्ञानात्मक क्षमता या मस्तिष्क के हिप्पोकैंपस हिस्से में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं देखा गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि अल्जाइमर जैसी जटिल बीमारी को केवल एक पोषक तत्व के सहारे रोकना संभव नहीं है। उम्र, आनुवंशिक कारण, खानपान, शारीरिक गतिविधि और जीवनशैली जैसे कई कारक मस्तिष्क के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया कि ओमेगा-3 फैटी एसिड का लाभ संतुलित आहार, विशेषकर मेडिटेरेनियन डाइट के माध्यम से अधिक प्रभावी हो सकता है। इसमें मछली, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा शामिल होते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अध्ययन केवल उन बुजुर्गों पर किया गया जो कम मछली खाते थे और अल्जाइमर के उच्च जोखिम में थे, इसलिए इसके निष्कर्ष सभी लोगों पर समान रूप से लागू नहीं किए जा सकते।

**यह अध्ययन ईबायोमेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोध में 55 से 80 वर्ष आयु वर्ग के 365 ऐसे लोगों को शामिल किया गया, जो कम मछली खाते थे और अल्जाइमर के उच्च जोखिम वाले माने जाते थे। इनमें से लगभग आधे प्रतिभागियों में एपीओई4 (क्ष्ह्व4) जीन भी मौजूद था, जिसे इस बीमारी के बढ़े हुए खतरे से जोड़ा जाता है। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा। एक समूह को दो वर्षों तक उच्च मात्रा में डीएचए सप्लीमेंट दिया गया, जबकि दूसरे समूह को प्लेसीबो (निष्क्रिय गोली) दी गई। इस दौरान उनकी याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और मस्तिष्क में होने वाले बदलावों का लगातार मूल्यांकन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि छह महीने बाद प्रतिभागियों के मस्तिष्क के आसपास मौजूद तरल पदार्थ में डीएचए का स्तर औसतन 17 प्रतिशत बढ़ गया।**

# मलिहाबाद के बिराहिमपुर में श्रीमद्भागवत कथा संपन्न, भव्य भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ)।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिराहिमपुर में आयोजित नवदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच संपन्न हो गया। कथा के समापन अवसर पर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नौ दिनों तक चली श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और कथा का श्रवण कर धर्म एवं अध्यात्म का संदेश ग्रहण किया। समापन के दिन



आयोजित भंडारे में सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान माता-बहनों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने श्रद्धापूर्वक दान-दक्षिणा अर्पित की तथा भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की सुंदर मिसाल देखने को मिली। भंडारे की व्यवस्था में ग्रामवासियों और आयोजकों ने मिलकर सेवाभाव से कार्य किया, जिससे सभी श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से प्रसाद वितरित किया जा सका। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ कथा के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी श्रद्धालुओं के सुख, समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की मंगलकामना के साथ हुआ।

# बाबा बागेश्वर के भाई शालिग्राम को पुलिस ने किया गिरफ्तार, किसान पर गोली चलाने का है आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राजनगर थाना क्षेत्र में गौशाला के पीछे स्थित जमीन को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग और अंकित मिश्रा शामिल हैं। मामले में एक नामजद आरोपी समेत एक अन्य आरोपी अब भी फरार है। दरअसल, छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़ा में मंगलवार को फायरिंग का मामला सामने आया। पीड़ित किसान मोतीलाल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग ने उन्हें गोली मारी। घायल किसान का दावा है कि क्षेत्र के किसानों पर जमीन बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि जो किसान जमीन बेचने से इनकार करते हैं, उन्हें धमकाया और मारपीट की जाती है। मोतीलाल कुशवाहा के अनुसार, इसी विवाद के दौरान उन पर गोली चलाई गई, जिससे वे घायल हो गए। पूरे मामले को लेकर बाबा बागेश्वर ने कहा कि शालिग्राम से उनका कोई लेना-देना नहीं है और यह बात वे तीन साल पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने अपील की कि हर घटना में उनका नाम नहीं जोड़ा जाए। बाबा बागेश्वर ने कहा कि उनका परिवार केवल जैविक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरा समाज और पूरा विश्व ही उनका परिवार है। वे समाज, राष्ट्र और सनातन धर्म के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि छतरपुर जिला और उनका परिवार बहुत बड़ा है, इसलिए कहीं न कहीं घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे मामलों को व्यक्तिगत रूप से उनसे जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी अपराध किया है, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। 'जो दोषी है, उसे कानून कठोर से कठोर दंड दे और भगवान भी उसे दंड दें।' उन्होंने कहा कि उन्हें पूरे मामले की विस्तृत जानकारी नहीं है, इसलिए वे तथ्यों पर टिप्पणी नहीं करेंगे।

# जोन-4 कार्यालय के औचक निरीक्षण में सख्त दिखे नगर आयुक्त

**भवन के नवीनीकरण, मीटिंग हॉल, रिवॉर्ड रूम और लिफ्ट स्थापना के निर्देश; स्वच्छता, जल निकासी व पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को नगर निगम के जोन-4 स्थित जोनल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, साफ-सफाई, नागरिक सुविधाओं और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला, अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद



रहे। नगर आयुक्त ने कार्यालय भवन का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता को भवन का व्यापक नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन के द्वितीय तल पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त मीटिंग हॉल और रिवॉर्ड रूम विकसित करने के साथ ही कार्यालय परिसर में कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुविधा के लिए लिफ्ट स्थापित कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जब्त किए गए सामान और परिसर में रखी जब्त पॉलीथिन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जब्त सामग्री का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा कार्यालय परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और अव्यवस्था मुक्त रखा जाए, ताकि कर्मचारियों और आम लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके। नगर आयुक्त ने डूडा (डिस्ट्रिक्ट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी) के काउंटर का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों और उनके निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने जोनल कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया और जोनल सेनेटरी ऑफिसर को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मलिहाबाद के सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल में कक्षा 4 के छात्र की बेरहमी से पिटाई का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ)।** मलिहाबाद-मोहन रोड स्थित सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते चर्चा में है। कक्षा 4-बी में पढ़ने वाले छात्र ओमजी त्रिपाठी, पुत्र अखिलेश चंद्र त्रिपाठी, निवासी शाहपुर तोंडा, के साथ स्कूल के शिक्षक हसीब द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि होमवर्क पूरा न होने और हिन्दू होने पर शिक्षक ने बच्चे को इतनी बुरी तरह पीटा कि वह घर पहुंचने के बाद लड़खड़ाकर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। घटना के बाद परिवार में भारी आक्रोश है। पीड़ित परिवार के अनुसार, छात्र नियमित रूप से स्कूल जाता है। आरोप है कि जिस दिन होमवर्क पूरा नहीं हो पाया, उसी बात को लेकर शिक्षक हसीब ने कक्षा के भीतर बच्चे के साथ मारपीट की। परिजनों का कहना है कि बच्चे के शरीर पर चोट के




निशान दिखाई दिए और उसकी हालत बिगड़ गई। घर पहुंचते ही वह गिर पड़ा, जिसके बाद परिजन घबरा गए। बच्चे के पिता अखिलेश चंद्र त्रिपाठी ने स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि स्कूल में बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है तो यह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मलिहाबाद थाने पहुंचकर शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। परिवार ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी अन्य बच्चे के साथ ऐसी घटना न हो। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि शिक्षक हसीब बच्चे के साथ धार्मिक आधार पर भेदभाव करते हैं। इसी तरह का दावा कुछ अन्य छात्रों के हवाले से भी किया गया है कि शिक्षक अधिकांश हिंदू बच्चों के साथ अलग व्यवहार करते हैं। वहीं जब स्वतंत्र प्रभात के संवाददाता ने इसकी पड़ताल की और स्कूल के अन्य बच्चों से बात किया तो बच्चों ने बताया कि शिक्षक हसीब अधिकांश हिन्दू बच्चों से भेदभाव करते रहे हैं घटना के बाद कई अभिभावकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि स्कूल बच्चों के सीखने और सुरक्षित वातावरण का स्थान होता है, जहां किसी भी प्रकार की शारीरिक हिंसा स्वीकार्य नहीं हो सकती। अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल प्रशासन इस मामले पर स्पष्ट जवाब दे और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। फिलहाल यह मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। पुलिस शिकायत के आधार पर जांच कर रही है। जांच के दौरान छात्र, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन, शिक्षक तथा अन्य संबंधित लोगों के बयान लिए जा सकते हैं। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि घटना किन परिस्थितियों में हुई और लगाए गए आरोप कितने सही हैं। अभिभावकों का आक्रोश, शिक्षक को स्कूल से निकालो जांच के बाद ही स्पष्ट होगी सच्चाई।